## शारदीय नवरात्र
### पंचमी स्कंदमाता



**सिंहासना गता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।**

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन पांचवीं दुर्गा के रूप में स्कंदमाता के दर्शन पूजन का विधान है. भगवान कार्तिकेय का एक नाम स्कंद है और उनकी माता होने के कारण ये स्कंदमाता नाम से पूजी जाती हैं.

**विग्रह :** स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं. इनके दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी हुई है, उसमें कमल पुष्प है. बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा में वरमुद्रा में तथा नीचे वाली भुजा जो ऊपर की ओर उठी है. उसमें भी कमल पुष्प ली हुई हैं. इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है. ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं. इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है. इनका वाहन सिंह है.

**पूजा विधि :** सबसे पहले चौकी (बाजोट) पर स्कंदमाता की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें. इसके बाद व्रत, पूजन का संकल्प लें और वैदिक एवं सप्तशती मंत्रों द्वारा स्कंदमाता सहित समस्त स्थापित देवताओं की षोडशोपचार पूजा करें.

- डॉ विनय कुमार पांडेय

## 82 कलाकार लेंगे भाग, मां दुर्गा के रूपों की भी होगी प्रस्तुति, सप्तमी के दिन होगा कार्यक्रम
# दुर्गा मंदिर परिसर में 21 को महिषासुर मर्दिनी का मंचन

संवाददाता। चाईबासा

महिषासुर मर्दिनी का मंचन चाईबासा के दुर्गा मंदिर परिसर में 21 अक्टूबर सप्तमी के दिन होगा. इसकी जानकारी शारदा संगीतालय के संचालक मानस राय ने दी. उन्होंने कहा कि महिषासुर मर्दिनी हर साल उनके गुरु कनक स्मृति के डायरेक्टर सचिन सेनगुप्ता के द्वारा की जाती थी. लेकिन वे कारणवश दूसरे राज्य में रह रहे हैं. इस कारण शारदा संगीतालय द्वारा ही महिषासुर मर्दिनी कार्यक्रम सरस्वती हरि बोल कमेटी द्वारा आयोजित दुर्गा मंदिर परिसर में सप्तमी 21 अक्टूबर को होगी. इसमें 82 छोटे बड़े कलाकार भाग लेंगे, मां दुर्गा के तीन रूप एक काली का रूप भी प्रस्तुत की जाएगी व विगत 31 सालों से महिषासुर का रुप में नरेंद्र राम निभा रहे हैं और इस बार भी वही निभाएंगे. नित्य, संगीत चाईबासा के कलाकार प्रस्तुत करेंगे.

**खास बातें**
- नरेंद्र राम 31 सालों से निभा रहे महिषासुर का किरदार
- शारदा संगीतालय के संचालक मानस राय ने दी जाकारी

## नवरात्र के चौथे दिन महिलाओं ने की माता की पूजा-अर्चना



**नोवामुंडी।** गुवा रामनगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में बुधवार को नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना महिलाओं ने की. इस दौरान नवरात्रि की पूजा करा रहे मलय पाणिग्राही ने बताया कि मां दुर्गा के चौथे रूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना करने से घर के सभी कष्ट दूर होते हैं एवं मनोकामना पूर्ण होती है. मां कूष्मांडा देवी को लाल रंग प्रिय है. अतः उसे लाल रंग का फूल चढ़ाना चाहिए. साथ ही उसे मीठे पकवान जैसे हलवा का भोग लगाना चाहिए. इससे मां देवी प्रसन्न होती है. इस दौरान नवरात्रि की पूजा अर्चना में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं.

## दुर्गा पूजा में सोशल मीडिया की निगरानी के लिए मीडिया सेल गठित

**चाईबासा।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी के निर्देश पर दुर्गा पूजा 2023 के निमित्त सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय के अंतर्गत मीडिया सेल का गठन किया गया. सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी, अफवाह या गलत खबर पोस्ट प्रसारित करने वाले व्यक्ति विशेष या ग्रुप के एडमिन पर अविलंब दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. मीडिया सेल में प्रतिनियुक्ति सहायक या कर्मी की सूची और कॉन्टैक्ट नंबर जारी कर दिया गया है. सचिन कुमार- 6299653937, अभिषेक कुशवाहा- 7209259890, पवन कुमार तांती- 7870425462 के नंबर पर अफवाह या कोई भ्रामक पोस्ट की जानकारी देने की अपील की गई है.

## आओ जानें
### घाटशिला से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| 2000 | कांग्रेस | प्रदीप कुमार बलमुचू |
| 2005 | कांग्रेस | प्रदीप कुमार बलमुचू |
| 2009 | झामुमो | रामदास सोरेन |
| 2014 | भाजपा | लक्ष्मण टुडू |
| 2019 | झामुमो | रामदास सोरेन |



## जलडिया में धर्म विशेष की दो महिला व एक किशोरी की पिटाई का मामला
# 10 नामजद व अन्य 40 अज्ञात के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत दर्ज

सुकेश कुमार। चाईबासा

जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जलडिया गांव में रविवार की रात एक धर्म विशेष के दो महिला तथा एक नाबालिग की पिटाई मामले में गंभीर रूप से घायल विधवा सुनाय सिंकु ने थाना में 18 अक्टूबर को 10 नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है. दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि 15 अक्टूबर 2023 को रात लगभग 7 बजे खाना खाकर सोने से पूर्व जब तीन लोग प्रार्थना कर रही थी, तभी लगभग 40 की संख्या में लोग लाठी-डंडा लेकर घर पर हमला बोलते हुए दरवाजा बाहर से बंद कर दिया.

फिर तुरंत ही दरवाजे को धक्का मारते हुए गुरू गोप अंदर घुस गया, फिर मैंने बंद करने का प्रयास किया तो डुकरू और अन्य जबरदस्ती घर में घुस गये और घसीट कर हमें बाहर निकालने लगे. ईसाई लोग प्रार्थना करते हो, सबको बाहर निकालो बोलते हुए मारपीट शुरू कर दी. गुरु गोप ने पीठ और सिर पर मुक्का से मारने लगा, फिर जोर से आंख और नाक में मुक्का से मारा जिससे नाक से खून निकलने लगा और मैं गिर गई. कई लोग लात भी मार रहे थे, तभी मदन लागुरी इस ईसाई लोग को जान से मार दो बोलकर सिर में लाठी से मारा, जिससे मेरा सिर फट गया व हरिश पान भी लाठी से फिर से पीठ में मारा. कई लोग केरोसिन डाल कर जलाने की बात कर रहे थे.

विजय बिरुवा और बासू लागूरी बक्सा से बाइबिल ले गया और 260 रुपये चोरी कर ली. नारायण सिंकू द्वारा भीड़ को हमें जान से मारने के लिए उकसा रहा था और डायन भी बोल रहा है व रेप करो दूसरे जात के लोग है, बोल कर उकसा रहा था. फिर नाबालिग लड़की रांदय सिंकू को पीठ में लात से मारने लगे, दिवरी लागुरी बाल पकड़कर घसीटने लगा और कई बार पटका सबु सिंकू व कई लोगों ने शरीर के कई हिस्सों में लात और मुक्का से मारा, बासु लागुरी कमर में हाथ पकड़कर रेप करेंगे बोल रहा था, होगोन गोप बड़ा सा पत्थर लाकर सिर कुचलने का प्रयास किया. मारपीट करने से वह बेहोश हो गई. प्रेम बिरुवा अंधेरे में सुनाय सिंकू पति स्व० मूरगी सिंकू उम्र लगभग 48 वर्ष को ढूंढने लगे मिलने पर घर से भागने का धमकी दी.



### गांव में हो चुकी है बैठक

इससे पूर्व भी धर्म के नाम पर गांव में कई बार बैठक हुई. 8 अक्टूबर 2023 दिन रविवार सुबह लगभग 7:30 बजे मीटिंग कर हिन्दू धर्म में लौटने का धमकी दी थी, जिसमें नरायन सिंकू, उमेश गोप व अन्य द्वारा जान से मारने, गांव से निकालने, पानी नहीं लेने देने, रास्ता नहीं चलने देने, रेप करने और जो बात करेगा उससे 5000/- रुपये दंड लेने का धमकी दिये थे. वहां ग्राम के मुड़ां और डकुवा भी मौजूद था और हमें प्रताड़ित करने वालों का साथ दे रहे थे. इस घटना से हम तीनों महिला डरे सहमे हैं और वे लोग हमें जान से भी मार सकते हैं. किसी भी तरह से जान माल की क्षति होती है तो इसका जिम्मेदार हमें प्रताड़ित करने वाले लोग होंगे. उन्होंने सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि करवाई कर हमें सुरक्षा प्रदान करें.

### हमला करने वालों में ये थे शामिल

हमला करने वालों में 1. गुरु गोप 2. डुकरू सिंकूं 3. हरिश पान 4. होगोन गोप 5. सबु सिकू 6. मोदन लागुरी 7. गोनो बिरुवा 8. टाकलू सिंकु 9. बिजय बिरुवा 10. नरायण सिंकूं पिता दासो सिंकू व अन्य शामिल हैं.

**सुनाई आपबीती**
- लाठी-डंडा लेकर पहुंचे थे लगभग 40 लोग
- कई लोग केरोसिन डाल कर जलाने की कर रहे थे बात

## चाईबासा शहर के गणमान्य लोग भी हुए श्रमदान में शामिल
# श्रमदान कर विसर्जन घाटों की हुई सफाई

संवाददाता। चाईबासा



दुर्गा पूजा के पूर्व बुधवार अहले सुबह से ही मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन होने वालों घाट कुम्हार टोली, नदी घाट और कचहरी तालाब घाट का सामूहिक रूप से श्रमदान कर युद्ध स्तर पर साफ-सफाई की गई. साफ- सफाई अभियान जिला पुलिस बल, केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति, रेड क्रॉस सोसाइटी, दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी/सदस्य, नगर परिषद, चाईबासा द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया. कुम्हार टोली नदी घाट में अच्छी तरह से साफ सफाई की गई. नदी जाने वाली पहुंच पथ के दोनों तरफ के वृक्ष की टहनियों, झाड़ियों को हटाया गया. वहीं कचहरी तालाब स्थित प्रतिमा विसर्जन घाट पर पूर्व में की गई विसर्जित प्रतिमा की लकड़ी के ढांचों को हटाया गया तथा घाट की सफाई की गई, ताकि दुर्गा पूजा में प्रतिमा विसर्जन सुगमता पूर्वक की जा सके. श्रमदान कर प्रतिमा विसर्जन घाटों की साफ-सफाई करने वालों में सदर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के उपाध्यक्ष त्रिशानु राय, महासचिव आनंद प्रियदर्शी, संयुक्त सचिव चंदन पांडेय, चाईबासा चैंबर के संयुक्त सचिव वकील खान, रेड क्रॉस सोसाइटी के राजेश अग्रवाल, सुब्रतो सिन्हा, ओम प्रकाश केडिया, दीपक अग्रवाल, जहांगीर आलम अंसारी, अजय मेहता, राजेश शांडिल सहित दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष अमित भदानी, आयुष कुमार राम, नारायण पाड़िया, बंटी भुईयां, मुकेश प्रजापति सहित पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे.

## अगस्त के राशन के लिए किया धरना प्रदर्शन

**तांतनगर।** जन वितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा लाभुकों को अगस्त माह का राशन नहीं मिलने के विरोध में बुधवार को तांतनगर प्रखंड के लोवाहातु से प्रखंड कार्यालय तक पदयात्रा कर लाभुकों ने धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन में बारूगुटू, सिलपुंजी, कोकचो, काठभारी आदि गांवों के लाभुक शामिल थे. धरना प्रदर्शन का नेतृत्व मंझारी प्रखंड जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल ने किया. उन्होंने कहा कि दुकानदार द्वारा अगस्त माह में लाभुकों से पंचिंग तो लिया, लेकिन राशन नहीं मिला.

# तीन महीने से मानदेय नहीं नाराज सहियाओं ने दिया धरना

संवाददाता। चक्रधरपुर

पिछले तीन महीने से प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से नाराज सहियाओं ने बुधवार को चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. मौके पर सहियाओं ने कहा कि पिछले लगभग तीन महीने से हमें प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जबकि इसे लेकर कई बार हम अपनी मांग उठा चुके हैं. सहियाओं ने कहा कि समय पर प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने के कारण हमें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इन दिनों पर्व-त्योहार का समय है, लेकिन इसके बावजूद हमें प्रोत्साहन राशि नहीं दी जा रही है. इससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल परिसर में धरना पर बैठी सहियाओं से चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा ने कहा कि मामले को लेकर उन्होंने जिला में बात कही है, संभवतः एक दो दिनों के भीतर सहियाओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### जगन्नाथपुर एसडीओ बने मुकेश मछुआ

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम के जगन्नाथपुर अनुमंडल के नये एसडीओ मुकेश मछुआ को बनाया गया है. मुकेश मछुवा को पदोन्नति कर बीडीओ से एसडीओ बनाया गया है. जिले में मछुआ की दूसरी पोस्टिंग है. इससे पूर्व वे चाईबासा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं. एसडीओ की जिम्मेदारी मिलने के पश्चात मुकेश मछुवा ने कहा कि सरकार ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा. साथ ही जनता की समस्याओं का समाधान करने पर जोर दूंगा.

### मनोहरपुर स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव शुरू

**चाईबासा।** कोरोना काल के बाद मनोहरपुर स्टेशन में पैसेंजर ट्रेन व एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था. जिससे मनोहरपुर एवं आनंदपुर के लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था. यहां के बहुत सारे बच्चे पढ़ने जिला मुख्यालय जाते थे, मगर ट्रेन के बंद होने से इन्हें आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी. यहां ट्रेनों के ठहराव के लिए जनहित संघर्ष मोर्चा मनोहरपुर आनंदपुर के तत्वावधान में जिला परिषद, प्रमुख, मुखिया,पंचायत समिति सदस्य,वार्ड, मेंबर, मुंडा ने मिलकर नागरिकों के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया था.

### किरीबुरु वन अधिकार समिति दुईया का गठन

**किरीबुरु।** सारंडा के दुईया गांव में मुंडा जानुम सिंह चेरोवा की अध्यक्षता में ग्राम सभा कर सर्वसम्मति से वन अधिकार समिति का गठन किय गया. इस दौरान मुखिया राजू सांडिल और वन विभाग के पदाधिकारी भी उपस्थिति रहे. वन अधिकार समिति का अध्यक्ष देवेंद्र अंगारिया और सचिव तुलसी गोप को बनाया गया. इसके अलावा सदस्य के रूप में नीलमणी सांडिल, लक्ष्मी चेरोवा, लक्ष्मी सांडिल, गुरुवारी हुरद, सुनीता गोप, राधिका पूर्ति, सुखराम सांडिल, जानुम सिंह चेरोवा, रोया सिरका, मुंजीराम जोंको, गोमा चेरोवा, राउतु सुंडी और उमेश सांडिल को चुना गया.

### पूर्व विधायक ने सचिव से सड़क निर्माण की शिकायत

**किरीबुरु।** पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड के सचिव को पत्र लिख पश्चिम सिंहभूम जिलान्तर्गत एक ही सड़क को दो बार निविदा कर भारी लूट करने की शिकायत की है. बोबोंगा ने बताया कि पश्चिमी सिंहभूम जिलांतर्गत टोन्टो प्रखंड के ग्राम मौदा बिरसा चौक से बनाईकेरा होते हुए कैनुवा सीमा तक 5.160 किलोमीटर पथ का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से 8 सितंबर को शिलान्यास की गई है. इसी विभाग से ग्राम मौदा स्कूल चौक से कैनुवा जाने वाली सड़क में 0.610 किलोमीटर सड़क का बीते 17 जून को शिलान्यास किया गया है.

# 45 रैयतों को 3 माह की स्किल ट्रेनिंग दिए जाने पर सहमति

संवाददाता। चाईबासा

झींकपानी एसीसी कंपनी में पुराने लीज से संबंधित चयनित 45 भूमिहीन रैयतों को नौकरी मिलने का रास्ता लगभग साफ हो गया. अब कंपनी की ओर से चयनित सभी 45 रैयतों को प्रशिक्षण दी जाएगी. बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुई त्रिपक्षीय बैठक में यह निर्णय लिया गया. बैठक में विधायक दीपक बिरुवा एवं जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त अन्यय मित्तल, एडीसी संतोष कुमार सिंहा, एसडीओ शशिंद्र बड़ाइक व एसीसी कंपनी प्रबंधन की ओर से एसीसी प्लांट हेड राज गुरुंग, एचआर हेड साहू जी एवं सभी रैयत शामिल थे. बताया गया कि एसीसी कंपनी द्वारा रैयतों से लीज में जमीन ली गई थी. इसके बदले में रैयतों को नौकरी दिए जाने की बात कही गई थी. हालांकि हेमंत सरकार की ओर से इन रैयतों की नौकरी के लिए वर्ष 2021 में अपबंधित नियुक्ति पत्र दी गई थी. लेकिन कंपनी की ओर से अब तक नौकरी नहीं दी गई. इससे नाराज रैयतों ने कई बार धरना प्रदर्शन भी किया. रैयतों ने विधायक दीपक बिरुवा से नौकरी दिलाने की गुहार लगाई थी. विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए अग्रेतर कार्रवाई के लिए पहल की थी. त्रिपक्षीय बैठक में निर्णय लिया गया कि एसीसी कंपनी की ओर से चयनित सभी 45 रैयतों को तीन माह की स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी.

## 29 को झामुमो का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर

**चाईबासा।** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टोंटो प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय परिसर में 29 अक्टूबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. झामुमो प्रखंड समिति ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है. कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए बुधवार को टोंटो स्थित झामुमो कार्यालय में विधायक दीपक बिरुवा उपस्थिति में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई. बैठक में जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी, जिला परिषद् सदस्य राज नारायण तुबिड, 20 सूत्री अध्यक्ष श्री मुन्ना सुंडी, उपाध्यक्ष फूलेनदर महातो, तुराम बिरूली, पूर्व प्रखंड प्रमुख मंगल सिंह तुबिड, संजय दास, बिरसा हेस्सा, मुचिया हेस्सा, समेत अन्य मौजूद थे.

## हिजिया में नल जल योजना के कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी
# जांच में पाई गई लापरवाही, होगी कार्रवाई

शंभू कुमार। चक्रधरपुर



चक्रधरपुर प्रखंड मुख्यालय से लगभग 22 किमी दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र बाईपी पंचायत के हिजिया गांव में जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे नल जल योजना के कार्य में भारी अनियमितता बरते जाने की खबर लगातार डॉट इन व शुभम संदेश अखबार में प्रकाशित होने पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चक्रधरपुर प्रमंडल के अधिकारियों ने हिजिया गांव पहुंचकर कार्य का जायजा लिया. हिजिया गांव में जांच के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चक्रधरपुर के एसडीओ सिद्धांत कंडूलना, गुणवत्ता निगरानी अभियंता शैलेश कुमार मौजूद थे. अधिकारियों ने गांव में कराये गये कार्य को देखकर असंतोष व्यक्त किया. वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी नल जल के कार्य में बरती गई अनियमितता के बारे में भी जानकारी दी. अधिकारियों ने जांच के दौरान कार्य में घोर लापरवाही पाया. जांच में पाया गया कि बगैर गड्ढा किये ही पाईपों को नल से जोड़ा जा रहा है. वहीं गांव में पूर्व में बने कई शौचालय की टंकी के ढक्कन को स्टैंड पोस्ट का प्लेटाफॉर्म बना दिया गया है.

### बरती गई है लापरवाही, लिखा जाएगा पत्रः एसडीओ

हिजिया गांव में नल जल योजना के कार्य के जांच के संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के चक्रधरपुर के एसडीओ सिद्धांत कंडूलना ने कहा कि संवेदक द्वारा कार्य में काफी अनियिमितता व लापरवाही बरती गई है. जांच में शौचालय की टंकी के ढक्कन को बनाये गये स्टैंड पोस्ट को तुड़वाकर नया बनावाया जाएगा. साथ ही विभाग द्वारा संवेदक पर कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा. वहीं गुणवत्ता निगरानी अभियंता शैलेश कुमार ने कहा कि जांच के दौरान कार्य असंतोषजनक पाया गया है. कार्य में गुणवत्ता की भारी कमी है. इसे लेकर कार्य कराने वाले एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी.

### मैं स्वयं जाकर करूंगा जांच : कार्यपालक अभियंता

इधर मामले को लेकर पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रभुदयाल मंडल ने कहा की मैं स्वयं हिजिया गांव में जाकर जांच करूंगा .उन्होंने कहा की रांची की एजेंसी मसूस इंटरप्राइजेज काम करा रही है .जहां जहां कार्य में गड़बड़ी बरती गई है, वहां नए सिरे से काम कराया जाएगा .कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## निर्णय — आवेदनों पर सरकार व विभाग ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की, भारी आक्रोश
# मजदूर संघ 3 नवंबर को राजभवन के सामने देगा धरना

शैलेश सिंह। किरीबुरु

भारतीय मजदूर संघ की झारखंड प्रदेश इकाई विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 3 नवंबर को राजभवन के सामने एक दिवसीय आंदोलन व धरना-प्रदर्शन करेगी. उक्त जानकारी बीएमएस के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने दी है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर अपनी मांगों को रखा है. भारतीय मजदूर संघ ने झारखंड प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर संबंधित विभागों से समस्याओं को सुलझाने का आग्रह किया गया था. लेकिन सरकार व विभाग ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की, जो चिंतनीय है.

प्रदेश में श्रम कानूनों के प्रतिपलान कराने में झारखंड सरकार का श्रम विभाग विफल रहा है.

**बीएमएस की ये हैं मांगें :** झारखंड सरकार के विभिन्न बोर्डों में उचित भागीदारी, झारखंड राज्य स्तरीय त्रिपक्षीय श्रम परामर्श समिति का गठन, झारखंड प्रदेश में यूनियनों के निबंधन प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध किया जाये, आंगनबाड़ी कर्मचारी को राज्य कर्मचारी घोषित करें. घोषित होने तक समय पर वेतन एवं अन्य भुगतान सामाजिक सुरक्षा, आजीविका वेतन, चिकित्सा सेवा, अवकाश प्राप्ति पर ग्रेच्यूटी, अवकाश, महंगाई भत्ता का भुगतान सुनिश्चित हो, एनएचएम/जेएसएसीएस में अनुबंध पर कार्यरत सभी कर्मचारियों को स्थायी किया जाये और 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों के वेतन विषमताओं को दूर करने व सामाजिक सुरक्षा को लागू किया जाये, स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी भूमिका निभाने वाली सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, एसटीटी को राज्य कर्मचारी घोषित करें.

घोषित होने तक समय पर कैडर के समतुल्य वेतन एवं अन्य भुगतान, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका वेतन, चिकित्सा सेवा, अवकाश प्राप्ति पर ग्रेज्युटी, अवकाश, महंगाई भत्ता सुनिश्चित हो, झारखंड प्रदेश के सभी विभागों ( स्वास्थ्य, नगर निगम, नगर पालिका, विधुत, वितरण एवं संपोषण उद्यमों) में विभिन्न पदों पर कार्यरत संविदा श्रमिकों के लिए बायोमीट्रिक उपस्थिति, कार्य व ससमय वेतन भुगतान, कर्मचारी भविष्यनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा का लाभ सुनिश्चित हो. साथ ही कार्यरत श्रमिकों को बिचौलिया से मुक्त किया जाये, बीओसी में श्रमिक कार्ड बनाने की पद्धति को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाये, रखंड राज्य सहकारी बैंक में कार्यरत कर्मचारियों के लिए वेतन समझौते एवं स्थानांतरण की नीति बनायी जाये, श्रम विभाग के आयुक्त, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कारखाना निरीक्षक, लिपिक वर्गीय रिक्त पड़े पदों को अविलंब भरा जाये, गिग वर्कर के लिए स-वैतनिक छुट्टी, घंटों के हिसाब से वेतन, मोटर वाहन चालक, रिक्शा चालक, फेरीवाले, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए व्यवसायिक रोग से सुरक्षा एवं बीमा की नीति बने, झारखंड राज्य के कामकाजी पत्रकारों के लिए त्रिपक्षीय कल्याण बोर्ड का गठन हो, झारखंड प्रदेश में कार्यरत मोटिया मजदूरों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन किया जाये, झारखंड में प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन होना चाहिए. साथ ही केंद्र श्रम संगठन के नाते बोर्ड में उचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए.

**खास बातें**
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर रखी हैं मांगें
- विभागों से समस्याओं को सुलझाने का आग्रह

# मलेरिया वाले क्षेत्रों में मास फीवर सर्वे करें स्वास्थ्य कर्मी : सीएस



संवाददाता। चाईबासा

सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर साहिल पाल ने स्वास्थ्यकर्मियों को मलेरिया जोखिम वाले क्षेत्रों में मास फीवर सर्वे करने का निर्देश दिया है. यह निर्देश उन्होंने वेक्टर जनित रोगों की समीक्षा के क्रम में दिया है. बुधवार को सीएस वेक्टर जनित रोगों की समीक्षा कर रहे थे. इस बैठक में जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मीना कालुंडिया, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. सौमल्या घोष, जिला कार्यक्रम समन्वयक अजमत अजीम, जिला भीबीडी कंसल्टेंट शशि भूषण महतो, डीपीएम सीनी से सौरभ मजूमदार, एफएलए मनीष कुमार, स्पेशलिस्ट निरंजन कुमार, एम एंड ई रवि कुमार, अहसान फारूख सभी सीएचसी से एमटीएस, एसआई, भीबीडी प्रभारी एमपीडब्लू, सीनी एनजीओ से ब्लॉक ऑफिसर शामिल हुए. इस बैठक में मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया इत्यादि बीमारियों की रोकथाम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये.

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.6 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 33.5 | 22.2 |
| डालटनगंज | 32.6 | 21.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 05, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 184 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in

## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- अमेरिका ने इजराइल पर हमास के हमलों व हिंसा की निंदा की
- फ्रांस में सुरक्षा कारणों से तीन हवाई अड्डों को खाली कराया गया
- पाक ने 'अबाबील' हथियार प्रणाली का उड़ान परीक्षण किया
- ब्रिटेन में पूर्व सिख महिला पुलिस अधिकारी को 12 माह की सजा

**नेशनल**
- 511 ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों की आज शुरुआत करेंगे पीएम
- पत्रकार सौम्या की हत्या के जुर्म में 4 को दोषी ठहराया
- सेना को अनिश्चितताओं के लिए तैयार रहना चाहिए: राजनाथ
- आईआईटी खड़गपुर के छात्र ने हॉस्टल में खुदकुशी की

**स्टेट**
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड पुलिस के कार्यों को सराहा
- रांची, टाटा के कई दुर्गा पूजा पंडालों के पट खुले
- भारतीय मजदूर संघ 3 नवंबर को राजभवन के सामने देगा धरना
- दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में होगा बदलाव

**स्पोर्ट्स**
- हुर्काज उलटफेर के शिकार, लगातार दो मैच जीते ऑगर
- एकदिवसीय रैंकिंग में छठे पायदान पर पहुंचे रोहित
- एथलेटिक्स चैंपियनशिप: दूसरे दिन झारखंड ने जीते 10 स्वर्ण
- ब्राजील के क्वालीफाइंग मैच में चोटिल हुए नेमार

# गांव-गरीब सरकार मेहरबान



**250** बसें चलेंगी ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों की सुविधा के लिए

**02** लाख पक्के आवास बनेंगे अबुआ आवास योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में

**कैबिनेट की बैठक में सरकार ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना और अबुआ आवास योजना के प्रस्ताव को दी मंजूरी**

**कौशल आनंद। रांची**

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार गांव, गरीब और ग्रामीणों पर मेहरबान है. सरकार ने ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा प्रदान करते हुए प्रथम चरण में कुल 250 बसें चलाने का निर्णय लिया है, इसके संचालन के लिए सरकार ने कई रियायतें भी प्रदान की है. जबकि गरीबों का विशेष ख्याल रखते हुए अबुआ आवास योजना के तहत पक्के मकान देगी. आगामी तीन वर्ष में कुल 8 आठ लाख मकान बनेंगे, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में दो लाख आवास बनाए जाएंगे. बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में हेमंत सरकार ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना और अबुआ आवास योजना के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है. मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना चालू वित्तीय वर्ष में 250 बस वाहन संचालन के लिए कुल 24 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है. यह योजना प्रथम फेज के लिए पांच वर्ष क लिए होगी.

## 3 कमरों का घर बना कर गरीबों को देगी सरकार

बुधवार की कैबिनेट में हेमंत सोरेन सरकार ने अपने महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है. यह योजना चालू वित्तीय वर्ष से लेकर कुल तीन साल यानी की वित्तीय वर्ष 2023-26 तक की होगी. इसके तहत कुल आठ लाख पक्के घर गरीबों को बना कर दिए जाएंगे. जिसका क्षेत्रफल 31 वर्गमीटर होगी. अभी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत देय राशि (1.20/1.30 लाख प्रति आवास) अंतर्गत दो कमरों सहित रसोई घर के निर्माण का प्रावधान था. अब राज्य सरकार अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों सहित स्वच्छ रसोई घर भी बनाएगी. जिसकी राशि 2 लाख होगी. इसके तहत कुल 8 लाख आवास बनेंगे. चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3.5 लाख, वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2.5 लाख आवास बनाया जाएगा.

### इन्हें मिलेगा घर

1. कच्चे घरों में रहने वाले परिवार
2. आवास विहीन एवं निराश्रित परिवार
3. विशेष रूप से कमजोर जनजातीय परिवार
4. वैसे परिवार जिन्हें राज्य या केंद्र सरकार की आवास योजना का लाभ नहीं मिला
5. प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार
6. कानूनी तौर पर रिहा किए गए बंधुआ मजदूर
7. लाभार्थी की सूची ग्राम सभा तैयार करेगी
8. दायरे में एसटी-एससी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामन्य लोग आएंगे

### ऐप से होगा बसों का लोकेशन ट्रैक

इस योजना के तहत चलने वाली बसों के लोकेशन के लिए एक एप तैयार किया जाएगा. इससे ऐप से लोगों को उस रूट में चलने वाली बसों की जानकारी मिल सकेगी. उन्हें पता चल सकेगा कि कौन-सी बस कब, कहां से खुलेगी और कब कहां पहुंचेगी. इससे लोगों को लंबे समय तक बस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा. मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत चलने वाली बसों के सिटीजन मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था हो, ताकि कोई वाहन संचालक इसका गलत फायदा न उठा सकें.

### सुदूर गांवों में यातायात व्यवस्था होगी मजबूत

इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाना है. प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए यह योजना शुरू की जा रही है. योजना के तहत रूट निर्धारण में सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का विशेष ध्यान रखा जाएगा. बसों के संचालन के लिए इस तरह रूट निर्धारित किया जाएगा. अस्पताल, स्कूल-कॉलेज, साप्ताहिक हाट, स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन को कवर किया जाएगा. इसके साथ ही साथ ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ना है.

### बस संचालन के लिए वित्तीय सहायता दर और रियायत तय

- 33 से 42 सीट के लिए 18 रुपए प्रति किमी
- 25 से 32 सीट के लिए 14.50 रुपए प्रति किमी
- 13 से 25 सीट के लिए 10.50 रुपए प्रति किमी
- 7 से 12 सीट के लिए 7.50 रुपए प्रतिकिमी
- निर्धारित रूटों पर बस चलाने वाले संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी दी जाएगी.
- बस संचालकों का परमिट और फिटनेस शुल्क माफ कर दिया जाएगा.
- निर्गत परमिटों के पांच वर्षों के बाद नवीनीकरण की जरूरत नहीं.
- नए वाहन खरीदी पर जिसकी क्षमता 7 से 42 तक होगी, उसे रोड टैक्स फ्री कर दिया गया है, वहीं परमिट शुल्क, आवेदन शुल्क, वाहन निबंधन शुल्क, फिटनेश शुल्क मात्र एक रुपया तय किया गया है.

### इन यात्रियों का नहीं लगेगा कोई भाड़ा

1. सीनियर सिटीजन, स्टूडेंट, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव, विधवा कर सकेंगी नि:शुल्क यात्रा
2. झारखंड आंदोलनकारियों को भी नि:शुल्क यात्रा करने की छूट

## या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता...



**खुल गया मां दुर्गा का पट, लगे जयकारे:** राजधानी के बकरी बाजार पूजा पंडाल का पट बुधवार शाम खोला गया. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सांसद संजय सेठ, सांसद महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से पंडाल का उद्घाटन किया. सबने मां के जयकारे लगाये और कहा... शेरा वाली मां सबका कल्याण करें.

## दुमका-बोकारो से रात में विमानों का उड़ान नहीं

**रांची ।** भारतीय विमानपतन प्राधिकरण (डीजीसीए) ने फैसला लिया है कि दुमका और बोकारो एयरपोर्ट से रात में विमान उड़ान नहीं भरेंगे. दोनों एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन दिन में ही होगा. अंधेरा होते, या विजिविलिटी लो होने पर विमानों के परिचालन पर पूर्णतः रोक रहेगी. डीजीसीए एक्सपर्ट टीम का कहना है कि दुमका और बोकारो एयरपोर्ट में उपस्कर अवतरण प्रणाली (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम, आईएलएस) शुरू होने के बाद ही नाइट प्लाइंग संभव हो पाएगा. बोकारो एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 5400 फीट और दुमका एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 4000 फीट है. रनवे की लंबाई कम होने की वजह से भी नाइट प्लाइंग में परेशानी आएगी. वहीं दोनों एयरपोर्ट पर अत्याधुनिक आईएलएस सिस्टम शुरू होने के बाद राता में विमानों के उड़ान पर निर्णय लिया जा सकेगा. वैसे 31 जनवरी से पलहे दोनों एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन शुरू हो जाएगा. सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए साल 2024 के शुरुआती जनवरी माह में दोनों एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे. इसे लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने तैयारी शुरू करने का निर्देश दे दिया है.

## गोलगप्पे में मां दुर्गा ऐसा भव्य बना पंडाल

**कोलकाता।** देशभर में इस समय नवरात्रि और दुर्गा पूजा की धूम है. वहीं पश्चिम बंगाल में इसका खास क्रेज देखने को मिलता है. इस समय अलग- अलग थीम को खूबसूरत दुर्गा पंडाल और उनके कंप्टीशन में खूब चर्चा में रहते हैं. हाल में ऐसे ही एक पंडाल का वीडियो वायरल हो रहा है इसमें कोलकाता के प्रसिद्ध फुचका (गोलगप्पे) की डेकोरेशन खास है. इस साल शहर के बेहाला में एक पंडाल में डेकोरेशन तो नेक्स्ट लेविल पर पहुंचा दिया है. बेहाला नोटुन दल क्लब द्वारा आयोजित पंडाल ने अपनी अनोठी थीम से खूब ध्यान खींचा है. इस पंडाल में चारों ओर फुचका (पानी पूरी, पानी बताशे या गोलगप्पे) से कोने कोने को सजाया गया है. ये सचमुच के गोलगप्पे हैं. कहीं- कहीं पर इसे पत्तें की प्लेट यानी दोने में रखकर इसे दीवार में टांगा गया है. वीडियो में थोड़ा आगे बढ़ें तो और भी हैरान तब होती है जब मां दुर्गा की मूर्ति दिखाई पड़ती है. ऐसा इसलिए क्योंकि यहां मां दुर्गा को बड़े के गोल गप्पे में स्थापित किया गया है. स्ट्रीट फूड और शानदार आर्किटेक्चर के इस जबरदस्त फ्यूजन को लोग खूब पसंद कर रहे हैं. ये पंडाल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया है. लोग इसे बनाने वालों की तारीफ करते नहीं थक रहे.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,600 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### 23 आईपीएस को मिली नई पोस्टिंग

**रांची।** कुमार गौरव को रांची का नया एसपी ट्रैफिक बनाया गया है. सरकार ने 23 आईपीएस अफसरों की पोस्टिंग की है. इनमें से 13 ऐसे हैं, जो पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थे. इसके अलावा 10 ऐसे अधिकारी थे जिनको डीएसपी से एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली थी, लेकिन उन्हें एसपी रैंक के पद पर कहीं पदस्थापित नहीं किया गया था. इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार की देर शाम जारी कर दी गई है.

-पूरी खबर पेज 10 पर

#### प्रयागराज में राहुल गांधी पर परिवाद

**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को उपहार में 'पपी' का नाम 'नूरी' रखने को लेकर राहुल गांधी पर एक अदालत में परिवाद दर्ज हुआ है. एआईएमआईएम के प्रवक्ता मो फरहान ने मामला दर्ज कराया है. फरहान के वकील ने बताया कि धारा 200 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 295 ए (धार्मिक भावनाएं आहत करना) के तहत परिवाद दाखिल किया गया है.

#### आंध्र में 15 नवंबर से जातीय जनगणना

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मंत्री सी श्रीनिवास वेणुगोपाल कृष्णा ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार 15 नवंबर के आसपास पिछड़ा वर्गों की जाति आधारित जनगणना शुरू करेगी और इस कवायद का उद्देश्य इस श्रेणी में आने वाले 139 समुदायों की बेहतर सेवा करना है. पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार जाति आधारित जनगणना के लिए स्वयंसेवियों की तैनाती के साथ-साथ ग्राम सचिवालय प्रणाली की मदद लेगी.

# केंद्रीय कर्मियों को मिला पूजा का तोहफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुर्गा पूजा त्योहार मौसम में केंद्र सरकार ने बुधवार को अपने कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाकर मूल वेतन का 46 प्रतिशत करने और गैर-राजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों का वेतन बोनस के रूप में देने का फैसला किया है. सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी.

ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मियों के महंगाई भत्ते और पेंशनधारकों के महंगाई राहत (डीआर) में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है. इसके साथ ही यह भत्ता बढ़ कर 46 प्रतिशत हो गया है. इस बढ़ोतरी से केंद्र सरकार के 48.67 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा. केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों को बढ़ा हुआ भत्ता एक जुलाई, 2023 से मिलेगा. मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मियों को उनके 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस देने का भी फैसला किया है. इस निर्णय से रेलवे के 11.07 लाख से अधिक गैर-राजपत्रित कर्मचारी लाभान्वित होंगे. इस फैसले से रेल पटरी का रखरखाव करने वाले, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीकी कर्मचारी, पॉइंट्समैन, मंत्रालय कर्मचारी और समूह ''ग'' के अन्य कर्मियों (आरपीएफ और आरपीएसएफ कर्मियों को छोड़कर) को फायदा होगा.

### बड़ा फैसला

- केंद्रीय कर्मियों को मिलेगा 4 फीसदी महंगाई भत्ता
- रेल कर्मचारियों को मिलेगा 78 दिनों का बोनस
- गेहूं का एमएसपी 150 रुपए बढ़ा कर 2,275 रुपए हुआ

## गेहूं, चना, जौ, मसूर, रैपसीड-सरसों के बीज और कुसुम का एमएसपी भी बढ़ा



सरकार ने विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 150 रुपये बढ़ा कर 2,275 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की. प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने यह कदम उठाया है. साल 2014 में सत्ता में आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा एमएसपी में की गई यह सबसे बड़ी वृद्धि है. इसके अलावा रबी की पांच अन्य फसलों- चना, जौ, मसूर, रैपसीड-सरसों के बीज और कुसुम (सैफ्लॉवर) का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया गया है.

### किस फसल पर कितना बढ़ा एएसपी

- गेहूं के लिए 2,275 रुपए प्रति क्विंटल
- जौ के लिए 1,850 रुपए प्रति क्विंटल
- चना के लिए 5,440 रुपए प्रति क्विंटल
- मसूर के लिए 6,425 रुपए प्रति क्विंटल
- रेपसीड, सरसों के लिए 5,650 रुपए प्रति क्विंटल
- कुसुम के लिए 5,880 रुपए प्रति क्विंटल

### अडाणी पर राहुल गांधी का नया आरोप, कहा- 32 हजार करोड़ की चोरी

# हमारी सरकार आई, तो होगी जांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर अडाणी ग्रुप पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अडाणी ग्रुप ने 20 हजार करोड़ नहीं बल्कि 32 हजार करोड़ रुपए की गड़बड़ी की है.

राहुल गांधी ने अडाणी और कोयले की रहस्यमयी कीमतों को लेकर रिपोर्ट का उल्लेख करते यह बात कही. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मामले पर सफाई पेश करने की मांग की है. साथ ही उन्होंने एक विदेशी अखबार फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट का हवाला देकर कारोबारी समूह के मुखिया पर 32 हजार करोड़ रुपए की 'चोरी' के आरोप लगाए हैं.



**क्या आरोप :** राहुल गांधी ने आरोप लगाए हैं कि अडाणी समूह गलत कीमत दिखा कर ज्यादा पैसा वसूल रहा है. उन्होंने कहा, अडाणी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक वो कोयला हिंदुस्तान पहुंचता है, तो उसका रेट बदल जाता है. डबल हो जाता है.

### तो कराएंगे इसकी जांच

बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब सवाल पूछा गया कि इंडिया गठबंधन की सरकार पर आने पर अडाणी कारोबार कर पाएंगे या नहीं? क्या सरकार उनकी जांच कराएगी? इस पर वायनाड सांसद ने कहा, ''बिल्कुल करवाएंगे. यह अडानी जी की बात नहीं है... कोई भी 32 हजार करोड़ रुपए चोरी करेगा, तो उसकी जांच होगी.''

### मोदी पर लगाए आरोप

राहुल ने आरोप लगाए हैं कि अडानी जी की 'रक्षा पीएम कर रहे हैं.' कहा, 'पीएम अडाणी की जांच क्यों नहीं करा रहे. हमने संसद तक यह बात उठाई. अडाणी जी को सुरक्षा दी जा रही है, वह सिर्फ एक व्यक्ति दे सकता है और दूसरा कोई नहीं दे सकता... मैं पीएम की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं. मैं उनसे कह रहा हूं की सफाई दीजिए...'

**सूरते-हाल** समर्पित नेताओं को दरकिनार करने से भाजपा में तैयार हो रहा असंतोष का माहौल

# कहीं जातीय समीकरण के फैसले भाजपा को भारी न पड़ जाएं

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

अमर बाउरी को विधायक दल का नेता और जेपी पटेल को सचेतक बनाये जाने के बाद भाजपा में अंदर से असंतोष का माहौल बन रहा. समर्पित कार्यकर्ताओं को यह बात खल रही है कि पार्टी में दर्जन भर ऐसे विधायक हैं, जो अच्छे-बुरे दौर में हमेशा संगठन के साथ खड़े रहे. जिन्होंने राज्य में पार्टी को स्थापित करने में अहम भूमिक निभाई. कई टर्म से लगातार विधायक भी हैं. उनमें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेवारी संभालने के तमाम गुण और काफी लंबा सांगठनिक अनुभव भी है. इसके बावजूद उन्हें दरकिनार करते हुए दूसरी पार्टियों से महज कुछ साल पहले इम्पोर्ट किये गये नेताओं को विधायक दल का नेता और सचेतक जैसी जिम्मेदारी सौंप दी गयी.







### फैसले पर कार्यकर्ताओं को शंका

भाजपा के एक पदाधिकारी ने पार्टी के फैसले पर हैरानी और नाराजगी जताते हुए कहा कि संगठन को सींचने वाले नेताओं की उपेक्षा कर पार्टी के अंदर कलह का द्वार खोल दिया गया है. केंद्रीय नेतृत्व द्वारा फैसला लिये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सब सिर्फ आईवॉश है. सबकुछ पहले से ही तय था. मॉनसून सत्र के पहले यह चर्चा थी कि अमर बाउरी या जेपी पटेल विधायक दल के नेता बन सकते हैं. पार्टी के अधिकांश विधायक चाहते थे कि पार्टी का कोई पुराना विधायक ही विधायक दल का नेता बने. विस सत्र के समय पार्टी विधायकों की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती थी. इसी वजह से तब विधायक दल की बैठक में इस पर कोई फैसला नहीं हो सका. कहा गया कि केंद्रीय पर्यवेक्षक अश्विनी चौबे सभी विधायकों से तीन-तीन नाम लेकर गए हैं. जिस विधायक को सबसे अधिक वोट मिलेंगे, वही विधायक दल का नेता बनेगा, इसमें शंका है कि सीपी सिंह और नीलकंठ सिंह मुंडा जैसे नेताओं को छोड़ कर बाउरी और पटेल को ज्यादा वोट मिले होंगे, केंद्रीय नेतृत्व को इसमें पूरी पारदर्शिता बरतनी चाहिए थी.

### फायदा कम और नुकसान ज्यादा न हो जाए

पार्टी के एक पुराने कार्यकर्ता ने कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर जातीय समीकरण के आधार पर विधायक दल के नेता और सचेतक का चयन हुआ है. राज्य के बड़े जातीय समूह (आदिवासी, दलित और पिछड़े वोटरों) को साधने के लिए यह फैसला लिया गया है. राज्य की जनजातीय सुरक्षित 28 विधानसभा और 5 लोकसभा सीटों को देखते हुए पहले प्रदेश अध्यक्ष के पद पर आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी को बैठाया गया. वहीं झारखंड में अनुसूचित जाति की आरक्षित 9 विधानसभा और एक लोकसभा सीट को देखते हुए अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया. वहीं पिछड़े वोटरों खासकर कुड़मी- कोइरी को साधने के लिए जेपी पटेल को सचेतक बनाया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने चुनावी रणनीति समीकरण के मुताबिक बड़े पद तो दूसरी पार्टी से आये दल-बदलू विधायकों को दे दिया है, लेकिन पार्टी के पुराने विधायकों में इससे नाराजगी है. फिलहाल नाराजगी सामने से तो नहीं दिख तो रही, लेकिन जल्द ही यह नाराजगी सतह पर आ सकती है. कहीं ऐसा न हो चुनावी फायदे के लिए लिया गया भाजपा का यह फैसला एक बार फिर पार्टी को कहीं नुकसान न पहुंचा दे.

# बांसगोड़ा में महिला को जिंदा जलाया, गंभीर

**संवाददाता। बोकारो**

### जमीन विवाद

- 15-20 लोगों ने धावा बोल कर तेल छिड़का, लगा दी आग
- 90% जली महिला का बोकारो अस्पताल में चल रहा इलाज

माराफारी क्षेत्र के बांसगोड़ा में जमीन विवाद में बुधवार को अमीषा परवीन नाम की महिला को जिंदा जला दिया गया. इसमें महिला गंभीर रूप से जल गई. उसे बोकारो अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है. महिला के पुत्र मुजाब अली ने बताया कि उसकी मां जब घर पर नहीं थी, तो 15-20 महिला और पुरुषों ने घर आकर तोड़फोड़ की. इसके बाद अमीषा वहां पहुंची, तो उन लोगों ने मेरी मां के ऊपर तेल छिड़क कर आग के हवाले कर दिया. मुजाब ने बताया, जब उसने मां को लपटों में घिरा देखा, तो उसे बचाने की कोशिश की, जिसमें उसके हाथ भी झुलस गए.

इसके बाद उसे सदर अस्पताल ले गया. मगर वहां प्राथमिक उपचार कर उसे बोकारो जनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया. मुजाब ने बताया, बार-बार कुछ लोग घर खाली कराए जाने को लेकर दबाव बना रहे है. इसी मामले में 15 से 20 लोगों धावा बोल कर इस वारदात को अंजाम दिया. पुलिस को जानकारी दे दी है. पुलिस छानबीन कर रही है. इधर, सदर अस्पताल के डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि महिला 90 फीसदी तक जल चुकी है. उसे गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए बोकारो अस्पताल रेफर कर दिया गया है.

## खुले में शौच जाने को मजबूर हैं छात्र-छात्राएं, शौचालय का निर्माण हुआ था, मगर काफी दिनों से क्षतिग्रस्त

# प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में शौचालय की व्यवस्था नहीं

अरुण कुमार यादव। गढ़वा



गढ़वा जिले के खरौंधी प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में कक्षा एक से सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है. यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शौच के लिए खुले में जाना पड़ता है. सबसे ज्यादा परेशानी यहां पढ़ने वाली छात्राओं को होता है. स्कूल की छात्राओं ने बताया कि स्कूल में शौचालय का निर्माण हुआ था, मगर काफी दिनों से क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है. इस वजह से हमलोगों को कई बार शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है. प्रिंसिपल मनोज कुमार से इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, मगर कोई सुनवाई नहीं होती.

**क्या कहते हैं ग्रामीण :** राजी गांव के ग्रामीण अमरेश पटेल, अमर प्रताप मेहता ,बाबूलाल पटेल, देव कुमार यादव, अनिरुद्ध पासवान, विपिन मेहता, गिरवर पासवान, लालदेव मेहता आदि ने बताया कि हमारी बहन, बेटी स्कूल में खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं. यह सब प्रिंसिपल की लापरवाही से हो रहा है. उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाई से लेकर हर व्यवस्था डमाडोल है. मध्याहन भोजन में लगभग एक साल से हरी सब्जी नहीं दिया जा रहा है. वहीं बच्चों को पेट भर भोजन भी नहीं मिलता है. स्कूल के शिक्षकों का बच्चों को पढ़ाने में कोई ध्यान नहीं है. विद्यालय में बच्चों को कभी एक घंटी तो कभी तीन घंटी पढ़ा कर छोड़ दिया जाता है.

**प्लस टू स्कूल के शौचालय का नहीं करने दिया जाता उपयोग :** बता दें कि राजी गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा एक से 7वीं तक की पढ़ाई होती थी. परंतु उमवि राजी एवं प्लस टू उच्च विद्यालय का यू डायस कोड एक होने के कारण उमवि राजी को प्लस टू उच्च विद्यालय के साथ दो वर्ष पहले मर्ज कर दिया गया. दोनों स्कूल का भवन सटा हुआ है. बताया जाता है कि वर्ष 2015 में विधायक मद से विद्यालय भवन व शौचालय का निर्माण कराया गया था, मगर उसी समय से टंकी एवं शौचालय का निर्माण कार्य अधूरा है. मर्ज होने के बाद स्कूल प्रबंधन समिति के खाता में दो बार विकास मद की राशि आ चुकी है, मगर उस राशि से शौचालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया. प्लस टू स्कूल के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मर्ज होने के बाद कक्षा एक से कक्षा सातवीं तक के छात्र-छात्राओं को प्लस टू स्कूल के शौचालय का इस्तेमाल नहीं करने दिया जाता है.

### क्या कहते हैं स्कूल के प्रिंसिपल



प्रिंसिपल मनोज कुमार ने बताया कि स्कूल के भवन निर्माण के समय से ही शौचालय क्षतिग्रस्त है. चार माह से मध्यान भोजन का प्रभार अध्यक्ष एवं संयोजिका को सौंप दिया गया है. अभी सब्जी महंगी है, इस वजह से नहीं दिया जा रहा है. स्कूल में ठीक से पढ़ाई नहीं होने के सवाल पर कहा कि सहयोगी शिक्षक –शिक्षिकाओं को पढ़ाने का दबाव बनाते हैं तो राजनीति करने लगते हैं.

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह जांच का मामला है. अपने कनीय पदाधिकारियों से विषय वस्तु की जांच कराएंगे. जांच में मामला सही पाये जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी.

## आपकी बात

अमित कुमार एक योग विशेषज्ञ हैं. साथ ही इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के सचिव हैं.



**नाम : अमित कुमार**
**पेशा :** (योग विशेषज्ञ/ समाज सेवा)
**निवास :** रांची

अमित कुमार एक योग विशेषज्ञ हैं. इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के सचिव हैं. केंद्रीय आयुष मंत्रालय के योग सर्टिफिकेशन बोर्ड के झारखंड राज्य से एकमात्र मूल्यांकन कर्ता भी हैं. वे आईएचएम ब्राम्बे रांची के अलावा कई विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज तथा मैनेजमेंट कॉलेज में योग और भारतीय ज्ञान परंपरा के अतिथि प्राध्यापक हैं. विपणन प्रबंधन पृष्ठभूमि के रहे अमित लगभग 20 वर्षों तक कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों में सेवा देने के बाद रांची विश्वविद्यालय में प्रारंभ हुए योग स्नातकोत्तर के प्रथम बैच 2017-19 में पोस्ट ग्रेजुएशन इन योग साइंस की डिग्री ली. कॉर्पोरेट क्षेत्र में कार्य करने के बाद अचानक योग के क्षेत्र में आनेवाले अमित इसे अपने पूर्व जन्म का संस्कार और पारिवारिक पृष्ठभूमि को कारण मानते हैं. बता दें कि अमित इंडियन योग एसोसिएशन के अंतर्गत पतंजलि योग पीठ, रामकृष्ण मिशन आश्रम, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार, अरविंदो आश्रम तथा योगदा आश्रम के साथ मिलकर संपूर्ण झारखंड राज्य में राजयोग और ज्ञान योग के प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं. योग युक्त झारखंड रोग मुक्त झारखंड बनाने की इन्होंने मुहिम चलाई हुई है. ये कोरोना काल में संक्रमण से मुक्त होने के बाद होने वाली परेशानियों से जूझ रहे लोगों का योग और प्राणायाम द्वारा मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध कराए थे. विशेषकर रांची के अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक और मेडिकल कर्मियों, जो कोरोना से संक्रमित होने के बाद विभिन्न तरह की परेशानियां जैसे डिप्रेशन, थकान, फेफड़े और दिल की समस्या इत्यादि से जूझ रहे थे. उन्हें बिना कोई पैसे लिए योग प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास करवा कर रोक मुक्त किया.

## ब्रीफ खबरें

### मासिक धर्म को लेकर चलाया गया अभियान

**चाईबासा ।** जीवन फाउंडेशन (एनजीओ) द्वारा बुधवार को टाटा कॉलेज कॉलोनी मध्य विद्यालय चाईबासा में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित की गई. इसमें बालिकाओं में मासिक धर्म की जानकारी की कमी व गलत अवधारणा को दूर करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. कार्यक्रम में यूनिसेफ सह आईडीएफ के प्रोग्राम मैनेजर राजेश यादव ने कहा कि लगभग 70% जनन संबंधी बीमारियां मासिक धर्म के समय अस्वच्छता के कारण होती हैं.

### डीएवी स्कूल में हुई करियर काउंसलिंग

**बोकारो ।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में नवमी कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया. काउंसलिंग में निशा सिंह व भानु प्रताप सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं - आईआईएम-आईपीएम, बीएमएस तथा होटल मैनेजमेंट व क्लेट में भाग लेने के लिए विशेष जानकारियां दी गई. विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विश्वविद्यालयों की जानकारी को दी गई.

### रामगढ़ कॉलेज में मना स्वागत समारोह

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज के उर्दू विभाग में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया. सेमेस्टर छह सत्र 2020-23 में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को विदाई और नये सत्र 2020-23 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा प्रसाद ने कहा कि स्वागत करना और विदाई करना परंपरा है, इसे निभाना चाहिए. आपलोग उर्दू के विद्यार्थी हैं. उर्दू आपकी मातृभाषा है.

### शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में हुई कन्या पूजन

**कोडरमा।** 18 अक्टूबर को विद्यालय शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर, यदुटांड़ झुमरी तिलैया में कन्या पूजन का कार्यक्रम हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गौरी शंकर सिंह सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य, संकुल केंद्र के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू व विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

## एक्सएलआरआई : समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट में पहुंचीं 139 कंपनियां

# 100% विद्यार्थियों को मिला ऑफर

आनंद मिश्रा । जमशेदपुर



समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट में चयनित छात्र-छात्राएं.

एक्सएलआरआई में समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट (एसआइपी) का आयोजन किया गया. इसमें संस्थान के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों ने इंटर्नशिप के लिए लॉक किया. वर्ष 2023-2025 के पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट व पीजी डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को अलग-अलग कंपनियों ने लॉक किया है. एक्सएलआरआई के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा बैच है. इस बैच के सभी 591 विद्यार्थियों को देश व दुनिया की अलग-अलग बड़ी कंपनियों ने इंटर्नशिप के लिए लॉक किया है.

एक्सएलआरआई प्रबंधन की ओर से बताया गया है कि इस बार संस्थान के कुल 591 विद्यार्थियों को कुल 604 ऑफर दिये गये. इसमें कुल 139 कंपनियां शामिल हैं. इसमें सबसे खास बात यह रही कि इस बार 63 नयी कंपनियां हैं, जिन्होंने एक्सलर्स को समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट के लिए लॉक किया है. समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट (एसआइपी) के लिए आने वाली कंपनियों में कंसल्टिंग, फाइनांस, सेल्स, मार्केटिंग, जेनरल मैनेजमेंट, प्रोडक्शन मैनेजमेंट ऑपरेशन, अनालिटिक्स एंड एचआर जैसी सेक्टर की कंपनियां शामिल रहीं. इसमें इस बार का सर्वाधिक 3.5 लाख रुपये प्रतिमाह का इंटर्नशिप स्टाइपेंड ऑफर किया गया है. प्लेसमेंट अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन प्रो ए कनकराज ने कहा कि एक्सएलआरआई में 139 कंपनियों का आना और शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को लॉक किया जाना, संस्थान के गौरवमयी इतिहास, क्वालिटी व एथिक्स बेस्ड एजुकेशन का बेहतर उदाहरण है.

### समर इंटर्नशिप

- सर्वाधिक स्टाइपेंड 3.5 लाख रुपय प्रतिमाह किया ऑफर
- बीएफएसआई सेक्टर की ओर से सर्वाधिक स्टाइपेंड का ऑफर
- कुल 591 विद्यार्थियों को मिले 604 ऑफर

### 52% छात्रों को प्रतिमाह 1.5 लाख रुपये का स्टाइपेंड

एक्सएलआरआई प्रबंधन की ओर से बताया गया कि इतना बड़ा बैच होने के बावजूद काफी शानदार इंटर्नशिप राशि विद्यार्थियों को स्टाइपेंड के लिए दी गयी है. एवरेज स्टाइपेंड 1.41 लाख रुपये है, जबकि मीडियम स्टाइपेंड 1.50 लाख रुपये दी गयी है. वहीं, सर्वाधिक स्टाइपेंड 3.5 लाख रुपये प्रतिमाह है, जिसे बीएफएसआई सेक्टर की ओर से ऑफर किया गया है. टॉप 5 फीसदी स्टूडेंट को 2.35 लाख प्रति माह, टॉप 10 प्रतिशत को 2.27 लाख रुपये प्रति माह, टॉप 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को 2.12 लाख रुपये प्रतिमाह, जबकि टॉप 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को कम से कम 1.86 लाख रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा. कुल 84 प्रतिशत ऐसे विद्यार्थी होंगे जो कम से कम एक लाख रुपये प्रति माह स्टाइपेंड के रूप में हासिल करेंगे.

**प्लैटिनम जुबली पर संस्थान को मिला गौरवान्वित होने का अवसरः फादर एस जॉर्ज एसजे :** इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए एक्सएलआरआई के निदेशक फादर एस जॉर्ज एसजे ने कहा है कि संस्थान के प्लैटिनम जुबली वर्ष में समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट के रूप में भी संस्थान को गौरवान्वित होने का अवसर मिला है. 591 विद्यार्थियों वाले बड़े बैच में भी एक्सलर्स की प्रतिभा पर देश ही नहीं, बल्कि विदेशी कंपनियों ने भरोसा जताया है. यह संस्थान के वर्षों की शानदार विरासत, लीडरशिप व विद्यार्थियों की आउट ऑफ द बॉक्स थिंकिंग की बदौलत हुआ है. उन्होंने उन सभी संस्थानों के प्रति आभार जताया है, जिन्होंने एक्सएलआरआई के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए चुना है.

### एलबीसएम कॉलेज आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष बने आशुतोष

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ की कॉलेज इकाई का गठन किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान के प्रभारी हेमंत पाठक उपस्थित थे. हेमंत पाठक ने कहा कि आशुतोष कुमार के नेतृत्व में कॉलेज में संगठन मजबूत होगै और आने वाले छात्र संघ चुनाव में संगठन इन्हीं के नेतृत्व में चुनाव में जाएगा. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राजेश महतो, साहेब बागति, जगदीप सिंह, आयुष कुमार, राहुल पाठक ने अपनी बातें रखी. कार्यक्रम का संचालन कामेश्वर प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन आयुष दास ने किया.

### नवरात्रि पर किडजी प्री-स्कूल में हुए कई कार्यक्रम

**घाटशिला ।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार को गोपालपुर स्थित किडजी प्री-स्कूल में बच्चों ने नवरात्रि पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया. सर्वप्रथम स्कूल की संचालिका रश्मि सिंह ने बच्चों को मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की जानकारी दी. मां दुर्गा की शक्ति एवं उनके महत्व को समझाया गया. छोटे-छोटे बच्चों ने महिषासुर मर्दिनी नाटक की प्रस्तुत दी. मां दुर्गा के रूप में सात्विका महतो तथा महिषासुर के रूप में सिद्धांत दत्ता ने बखूबी अपनी कला को प्रदर्शित किया. मां दुर्गा के नौ स्वरूप में अलग-अलग बच्चों द्वारा किरदार प्रस्तुत किया गया. स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया. सारे बच्चे पारंपरिक कपड़े में स्कूल आए थे. स्कूल के हर बच्चे ने मां दुर्गा के चित्र को सजाकर लाया था.

## संत मेरी स्कूल के उत्सव में दिखा मां दुर्गा का रूप



संवाददाता । बोकारो

सेक्टर चार स्थित संत मेरी स्कूल में बुधवार को नवरात्री उत्सव मनाया गया. इस अवसर पर प्रधानाध्यापक फादर मैथ्यू थामस ने कहा कि भारतीय सभ्यता व संस्कृति की विश्व में विशिष्ट पहचान है. दानव महिषासुर के अत्याचार से देवता व भक्त परेशान थे. माता दुर्गा ने महिषासुर पर आक्रमण किया. माता ने उससे नौ दिनों तक युद्ध किया. अपने पराक्रम से देवी दुर्गा ने दसवें दिन उसका वध किया. इसलिए श्रद्धालु दस दिनों तक मां दुर्गा पूजनोत्सव मनाते हैं. माता दुर्गा बुराई पर अच्छाई की जीत एवं नारी शक्ति की प्रतीक हैं. शिक्षिकाओं ने कहा कि विद्यार्थियों का भारतीय सभ्यता व संस्कृति से जुड़ाव हो, इसका प्रयास किया जा रहा है.

## नेताजी सुभाष पब्लिक में छात्रों को दी सीपीआर की जानकारी



संवाददाता । जमशेदपुर

नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल में बुधवार को बेसिक लाइफ सपोर्ट आधारित कार्यशाला (सीपीआर) का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील की डॉ बरनाली मुख़र्जी उपस्थित थीं. डॉ बरनाली मुखर्जी ने अपनी पूरी टीम के साथ स्कूल के 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को लाइफ सपोर्ट सिस्टम के बारे में जानकारी दी. उन्होंने छात्र-छात्राओं को सीपीआर की प्रायोगिक जानकारी देते हुए उन्हें प्रशिक्षित भी किया. इस कार्यशाला में दोनों ही कक्षाओं के 45 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और सीपीआर की जानकारी हासिल की. इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य प्रवीण अरोरा ने कहा कि कार्यशाला काफी ज्ञानवर्धक और जानकारी से परिपूर्ण रही. उन्होंने टाटा स्टील कि पूरी टीम के प्रति धन्यवाद जताया, जिन्होंने छात्र-छात्राओं को सीपीआर के बारे में जानकारी दी.

### नेताजी सुभाष विवि में सोहराई आर्ट पर कार्यशाला आयोजित

**जमशेदपुर ।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय परिसर में टोट्स एंड ट्रेडिशन : सोहराई आर्ट वर्कशॉप शीर्षक एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में करीम सिटी कॉलेज के शिक्षा संकाय की सहायक प्रोफेसर जया दास की उपस्थित थीं. उन्होंने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि कार्यशाला का उद्देश्य झारखंड की समृदध जनजातीय कलाओं की जीवंत सुंदरता पर प्रकाश डालना और बढ़ावा देना है. कार्यशाला का आयोजन दो सत्रों में किया गया. पहले सत्र में छात्र-छात्राओं को व्याख्यान के माध्यम से ड्राइंग की तकनीक से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी.

## आधुनिक चकाचौंध से भटके बच्चे : पूर्ति

संवाददाता। तांतनगर



कुमारडुंगी प्रखंड अतंर्गत कलाइया में उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में बुधवार को ग्रामीण मुंडा कैलाश सिंकू की अध्यक्षता में आदिवासी हो समाज महासभा के सेवानिवृत्त संगठन ने शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता अभियान चलाया. अभियान में संगठन के अध्यक्ष सोनाराम पूर्ति ने कहा आधुनिक युग में खासकर बच्चों व युवाओं में सांस्कारिक शिक्षा की कमी का दंश समाज झेल रहा है. उन्होंने कहा कि संस्कारिक शिक्षा के अभाव में बच्चे व युवा आधुनिक चकाचौंध में भटक गये और समाज को काफी नुकसान हो रहा है. इसलिए सरकारी विद्यालयों में संस्कारिक शिक्षा पर जोर देना चाहिए. उपन्यासकार तिलक बारी ने कहा बच्चों को घरेलू कार्यों को सीखने व सिखाने के लिए समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है. बच्चों को घरेलू व समाजिक कार्यों सिखाने से न सिर्फ बच्चे बल्कि समाज भी आगे बढ़ेगा और स्वस्थ समाज का निर्माण भी होगा. **शिक्षा के बिना आगे बढडना मुश्किल :** उपाध्यक्ष चंदमोहन बिरूवा ने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा के बिना आगे बढ़ने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं. इसलिए हर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की जरूरत है. जागरूकता अभियान कार्यक्रम में ग्रामीण मुंडा कैलाश सिंकू, प्रश्नजीत सिंह गोडसोरा, संगठन के उपाध्यक्ष चंदमोहन बिरूवा, बागुन बोदरा, सुशील पूर्ति ने अपने विचार रखे. इस अवसर पर अभियान में स्वास्थ्य कर्मी, बच्चों के अभिभावक, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं, आदि मौजूद थे. जागरुकता अभियान के बाद संगठन की ओर से बच्चों के बीच क्वीज प्रतियोगिता कराया गया.

### श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में बीएड प्रशिक्षुओं को विदाई दी

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इसमें जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की बीएड की 13 छात्राओं सह प्रशिक्षुओ को विदाई दी गई. सभी छात्राएं 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में पठन-पाठन का प्रशिक्षण हासिल कर रही थीं. समारोह में मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधन समिति के महासचिव डॉ हरिबल्लभ सिंह आरसी, अध्यक्ष जेके श्रीवास्तव चुटिया एवं प्राचार्या संगीता सिंह उपस्थित थे. डॉ हरि बल्लभसिंह आरसी ने शिक्षक के हाथ देश का भविष्य बताया. जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी शिक्षा संकाय की प्राध्यापिका और इग्नू की को-ऑर्डिनेटर डॉ त्रिपुरा झा ने स्वागत किया.


### क्लासिफाइड





### डीएसपीएमयू के नौ छात्रों का प्लेसमेंट

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ. प्लेसमेंट के लिए वेब प्लस सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड आई थी. छात्रों को कंटेंट राइटर एंड एडिटर और टेलीसीरीज एक्जीक्यूटिव के पद पर लीया है. चयनित विद्यार्थियों में सोनी कुमारी, अंशु कुमार राज, सुभाष चंद्र बानरा, सृष्टि कंवर, सुरभि राज, तुषार केशरी, रिया कुमारी, निधि कुमारी और अदिति रानी शामिल है.






## आयोजन : एएमयू एलुमिनाई एसोसिएशन ने मनाया सर सैयद दिवस

# सर सैयद के उद्देश्यों पर करें गौर : डॉ. फिरोज

संवाददाता । जमशेदपुर



कार्यक्रम में उपस्थिय एसोसिएशन के सदस्य.

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमिनाई एसोसिएशन की जमशेदपुर शाखा ने बुधवार को करीम सिटी कॉलेज प्रेक्षागृह में सर सैयद दिवस मनाया. शहर में मौजूद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र रहे शिक्षक, चिकित्सक, अधिकारी और समाज सेवी इस कार्यक्रम में शामिल हुए. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विवि के पूर्व वाइस चांसलर प्रो (डॉ) फिरोज अहमद, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन सह सीएमओ, पश्चिमी सिंहभूम डॉ साहिर पाल उपस्थित थे अतिथियों का स्वागत संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास खान ने किया. संगठन के सेक्रेटरी डॉ आले अली ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की.

**सर सैयद ने देश और समाज को एक नया जीवन दिया :** मुख्य अतिथि ने सर सैयद अहमद खान को याद किया तथा उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक सेवाओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि आज भी हमें इस बात की जरूरत है कि हम सर सैयद अहमद खान के उद्देश्यों पर गौर करें और उन्होंने देश और समाज को एक नया जीवन देने का जो रास्ता अपनाया, उस रास्ते पर चलकर हम भी उन उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयत्न करें, जो हमारे दिल में कहीं न कहीं, किसी न किसी रूप में मौजूद है.

करीम सिटी कॉलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ मोहम्मद याहिया इब्राहीम ने भी सभा को संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन करीम सिटी कॉलेज मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ जकी अख्तर तथा डॉ हिफजुर रहमान ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम में डॉ मोहम्मद जकरिया, डॉ परवेज आलम, पूर्व विधायक हसन रिजवी, डॉ हसन इमाम मालिक, राजी नौशाद, मुख्तार अहमद खान, डॉ मोहम्मद रेयाज, प्रो मदनी साहब तथा प्रो लईकुर रहमान चौधरी के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### खास बातें

- अलीगढ़ मुस्लिम विवि के पूर्व छात्र भी हुए शामिल
- सर सैयद के सामाजिक सेवाओं पर डाला प्रकाश

## 'यंगिस्तान' में दिखी छात्रों की प्रतिभा, दी प्रस्तुति




संवाददाता । जमशेदपुर

युवा वह कैनवस है, जिस पर सपनों को आशा के जीवंत रंगों से रंगा जाता है. इसी धारणा के साथ आरवीएस अकादमी में वार्षिक इंटर हाउस युवा उत्सव 'यंगिस्तान' का आयोजन किया गया. इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन बिंदा सिंह, प्रिंसिपल वीशा मोहिंद्रा, वाइस प्रिंसिपल अनीता तिवारी और निर्णायकगण उपस्थित थे. उन्होंने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, साथ ही छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. निर्णायकों के अभिनंदन के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ. इस उत्सव में छात्र-छात्राओं ने ऑन-स्टेज और ऑफ-स्टेज इंटर हाउस प्रस्तुतियां दी. ऑन-स्टेज कार्यक्रमों में शब्दावली चुनौती, एक्सटेम्पोर, बिग-ब्रांड सिद्धांत और विज्ञान व प्रौद्योगिकी पर प्रश्नोत्तरी जैसे विविध शो प्रदर्शित किए गए. वहीं ऑफ-स्टेज कार्यक्रमों में ओरिगेमी कला, आभूषण निर्माण, फैब्रिक पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट, फोटोग्राफी प्रदर्शनी, कंप्यूटर कोडिंग और निबंध लेखन (हिंदी व अंग्रेजी) जैसी गतिविधियों का मिश्रण देखने को मिला.

## शारदीय नवरात्र
### पंचमी स्कंदमाता



**सिंहासना गता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।**

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन पांचवीं दुर्गा के रूप में स्कंदमाता के दर्शन पूजन का विधान है. भगवान कार्तिकेय का एक नाम स्कंद है और उनकी माता होने के कारण ये स्कंदमाता नाम से पूजी जाती हैं.

**विग्रह :** स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं. इनके दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी हुई है, उसमें कमल पुष्प है. बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा में वरमुद्रा में तथा नीचे वाली भुजा जो ऊपर की ओर उठी है. उसमें भी कमल पुष्प ली हुई हैं. इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है. ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं. इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है. इनका वाहन सिंह है.

**पूजा विधि :** सबसे पहले चौकी (बाजोट) पर स्कंदमाता की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें. इसके बाद व्रत, पूजन का संकल्प लें और वैदिक एवं सप्तशती मंत्रों द्वारा स्कंदमाता सहित समस्त स्थापित देवताओं की षोडशोपचार पूजा करें.

– डॉ विनय कुमार पांडेय

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस नेता ने लिया पूजा पंडालों का जायजा

**दारू।** कांग्रेस नेता सह समाजसेवी मुन्ना सिंह ने बुधवार को दारू और सदर प्रखंड के कवालू, झूमरा, दारू, हुटपा, रोला आदि कई दुर्गा मंडपों का दौरा किया. वहां उन्होंने सभी दुर्गा पंडालों में जाकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया. उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत कर कहा कि पूजा धूमधाम से मनाएं. उन्होंने पंडालों में पूजा को लेकर सहयोग राशि भी प्रदान की. सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दिन सावधानी बरतें और सचेत रहें. उन्होंने लोटवा डैम में डूबे बच्चों के परिवार वाले के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की.

### जिप अध्यक्ष शारदा सिंह का किया स्वागत

**निरसा।** निरसा भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बुधवार को धनबाद जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह का भव्य स्वागत निरसा सिनेमा हॉल मोड पर किया गया. इस दौरान निरसा के जिला परिषद सदस्य संजय सिंह पिंटू उपस्थित थे. मंडल अध्यक्ष द्वारा जिला परिषद अध्यक्ष को निरसा उत्तर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त पेयजल समस्या से अवगत कराया गया. स्वागत कार्यक्रम में मंडल संयोजक सजल पांडे, मंडल उपाध्यक्ष दीपक दास, गोपाल अग्रवाल, बिंदु बाउरी, सुरेश बाउरी, गौरव मिश्रा, सिंटू पात्र सहित अन्य मौजूद थे.

### भाजपा ओबीसी मोर्चा नेता को पितृशोक

**गोविंदपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बड़ा नावाटांड़ निवासी तालेश्वर साव के पिता जगन्नाथ महतो 75 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया. उनका चार पुत्रों सोनाराम, तालेश्वर, ज्ञानेश्वर, धनंजय समेत भरापूर परिवार है. उनके निधन की खबर सुनकर विधायक पत्नी तारा देवी, धर्मजीत सिंह, जिलाध्यक्ष ज्ञानरंजन सिन्हा, उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल, ओमप्रकाश बजाज, शकुंतला मिश्रा, कौशल सिंह, विहित जिलाध्यक्ष विपिन मंडल, दीपक मंडल, बलराम साव, रतिरंजन गिरि समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और परिजनों को संवेदना दी.

### भाजपा नेता उपेंद्र विश्वकर्मा का निधन

**धनबाद।** भाजपा भागा मंडल के पूर्व अध्यक्ष सह फुसबंगला दुर्गा पूजा कमेटी के कोषाध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा का बुधवार की सुबह हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया. 50 वर्षीय उपेंद्र विश्वकर्मा का अचानक निधन होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. परिवार में पत्नी अरिता विश्वकर्मा, एक बेटा व एक बेटी हैं. पुत्र रनिश कुमार कोलकाता में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है, जबकि पुत्री न्यास शर्मा डीएवी स्कूल बनियाहिर की छात्रा है. भाजपा नेता योगेंद्र यादव, धर्मवीर पासवान, साव ने परिजनों को ढांढस बंधाया.

## लुगु पहाड़ हाईडल पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट को निरस्त करवाने की मांग को लेकर सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

# सीएम ने दिया भरोसा, जनभावना के मुताबिक फैसला लेगी सरकार

प्रमुख संवाददाता । रांची



प्रोजेक्ट भवन मंत्रालय में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से आदिवासी संथालियों के धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ पर डीवीसी के प्रस्तावित लुगु पहाड़ हाईडल पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट को निरस्त करवाने की मांग की. मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आदिवासियों की आस्था, परंपरा, संस्कृति और रीति-रिवाज पर कोई आंच नहीं आने देगी.

कहा गया कि सरकार गठन के बाद से ही आदिवासियों के धार्मिक स्थलों को संरक्षित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है. आदिवासी संथालियों के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है. दामोदर घाटी निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगू पहाड़ हैडल पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट पर राज्य सरकार विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए जन भावना के अनुरूप फैसला लेगी.

### संथालियों का ऐतिहासिक तीर्थ स्थल है लुगू पहाड़

प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को बताया कि लुगू पहाड़ आदिवासी संथाली समुदाय का ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध तीर्थस्थल है. यह विश्व स्तरीय धार्मिक आस्था का प्रतीक है. यहां आदिवासियों के पवित्र महाधर्म स्थल का केन्द्र लुगू बाबा गुफा स्थित है, जो लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है. प्रतिनिधिनियों ने सीएम से आग्रह किया कि आदिवासियों की संस्कृति, रीति-रिवाज, आस्था एवं अटूट विश्वास को देखते हुए प्रोजेक्ट को रद्द करने का फैसला लें.

### खास बातें

- धार्मिक स्थलों को संरक्षित करना सरकार की प्राथमिकता
- आदिवासी आस्था पर आंच नहीं आने देगी सरकार

**ये थे शामिल :** सीएम से मिलने वालों में राज्य समन्वय समिति के सद्स्य योगेंद्र प्रसाद, लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के अध्यक्ष बबुली सोरेन, जयराम हांसदा, मिथिलेश किस्कू, दिनेश मुर्मू, लुदु मांझी, हीरालाल टुडू, सुखराम हांसदा, दुर्गा चरण मुर्मू, शंकर सोरेन,पंचानन सोरेन, बिंदे सोरेन शामिल थे.

### विधायक की पहल पर जलमीनार की मरम्मत

**टाटानगर।** मंझारी प्रखंड के भरभारिया पंचायत अतंर्गत डेमकापदा में एक साल से खराब जलमीनार को विधायक की पहल पर पीएचईडी विभाग ने मरम्मत किया. जलमीनार मरम्मत होने से ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति हो रही है. खराब जलमीनार मरम्मत होने से ग्रामीणों में खुशी है. मिली जानकारी के अनुसार डेमकापदा में जलमीनार एक साल से खराब पड़ी थी. जलमीनार खराब रहने से ग्रामीणों को एक साल से पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा था. ग्रामीणों ने खराब पड़ी जलमीनार संबंध में विधायक से शिकायत की थी. विधायक ने ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात की. दूसरे दिन विधायक ने मंझारी प्रखंड झामुमो के वरिष्ठ नेता लाला राउत को दिशा निर्देश दिया और जलमीनार की मरम्मत कर दी गई.

## एयरपोर्ट से भाजपा मुख्यालय तक अमर बाउरी का भव्य स्वागत

# अमर बाउरी ने बाबूलाल मरांडी से लिया आशीर्वाद

### खास बातें

- नवीन जायसवाल सहित सैंकड़ों समर्थकों ने किया स्वागत
- बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

प्रमुख संवाददाता । रांची



भाजपा विधायक दल का नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद अमर बाउरी पहली बार रांची पहुंचे. बाउरी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ के सांगठनिक प्रवास पर थे. वहां से बुधवार शाम 4.30 बजे वे सेवा विमान से एयरपोर्ट पहुंचे, जहां विधायक नवीन जायसवाल समेत पार्टी के सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया. इसके बाद उन्होंने डोरंडा स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण किया.

फिर बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचे। भाजपा ऑफिस में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। बाउरी ने यहां पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. प्रदेश कार्यालय में हो रहे दुर्गा पाठ में भी माथा टेककर आशीर्वाद लिया. इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका स्वागत किया. बाउरी ने बाबूलाल मरांडी से भी आशीर्वाद लिया.

### बाउरी को प्रतिपक्ष का नेता बनाये जाने पर भाजपाइयों में खुशी

**निरसा।** चंदनकियारी विधायक व पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के लोगों में खुशी की लहर है.बुधवार को निरसा सिनेमा हॉल मोड़ पर अनुसूचित जाति मोर्चा के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए अतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई. भाजपा नेतृत्व को बधाई दी. मोर्चा के लोगों ने कहा कि अमर बाउरी के भाजपा विधायक दल का नेता बनाए जाने से धनबाद सहित पूरे झारखंड में भाजपा पहले से और मजबूत होगी. दबे कुचले लोगों का विकास होगा. भाजपा सरकार के प्रति अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों का विश्वास, भरोसा ओर बढा है. खुशी जाहिर करने वालों में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बाउरी, मंडल अध्यक्ष बृहस्पति दास, जिला महामंत्री मिथुन रुहीदास, जिला मंत्री बंदना बाउरी, मंडल पदाधिकारी सज्जल पाण्डे, युवा मो. के निरसा मंडल महामंत्री सजल दास, अनु जाति चिरकुंडा मंडल के अध्यक्ष बुलन बाउरी, राजेश बाउरी आदि मौजूद थे.

### कार्यक्रम में शामिल हुईं मंत्री अन्नपूर्णा देवी

**कोडरमा।** डोमचांच में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें कोडरमा के सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रहीं. अन्नपूर्णा देवी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किया और फिर कलश लेकर डोमचांच का भ्रमण किया. साथ ही पवित्र मिट्टी का संग्रहण कर सामूहिक तौर पर पंच प्रण की शपथ ली. इसमें गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में जिप सदस्य शांति प्रिया, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश सिंह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुनील मेहता, विनय मोदी, अनिल पांडेय, भागवत खटीक, शिव मेहता आदि ने प्रमुख भूमिक निभाई.

### आओ जानें

### घाटशिला से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| 2000 | कांग्रेस | प्रदीप कुमार बलमुचू |
| 2005 | कांग्रेस | प्रदीप कुमार बलमुचू |
| 2009 | झामुमो | रामदास सोरेन |
| 2014 | भाजपा | लक्ष्मण टुडू |
| 2019 | झामुमो | रामदास सोरेन |



# छात्रों को छल रही सरकार: आजसू

संवाददाता। लातेहार



आजसू पार्टी की एक बैठक जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक को संबोधित करते हुए अमित कुमार पांडेय ने कहा कि फरवरी में सीएम ने जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में दो मॉडल डिग्री कॉलेज भवन का उद्घाटन किया था. लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद भी दोनों डिग्री कॉलेज में सत्र चालू नहीं हो पाया. कहा गया कि झारखंड की यह सरकार छात्रों के साथ धोखा कर रही है. झारखंड में विकास सिर्फ पोस्टर व बैनर में ही दिखायी पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि लातेहार जिला मुख्यालय में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज का नहीं होना अभिशाप है. कहा गया कि आजसू पार्टी इन कॉलेजों को खुलवाने के लिए आंदोलन करेगी.

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में जिला प्रवक्ता नीतेश पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, प्रिंस दुबे, श्रीकांत पासवान, मनीष पांडेय, आदित्य दुबे, सुधांशु कुमार, रजनीश रंजन साहू, लकी पांडेय, आकाश गुप्ता बिट्टू (बिन्नी), मनु कुमार, प्रत्यूष कुमार व अंकित कुमार समेत कई आजसू नेता व छात्र उपस्थित थे.

### भाजपा एसटी मोर्चा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**आदित्यपुर।** भाजपा के एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश हांसदा ने सरायकेला डीसी रविशंकर शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. रमेश हांसदा ने जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना और उसमें मर रहे लोगों पर चिंता जताते हुए इस पर रोक लगाने के लिए कारगर उपाय करने की मांग की. रमेश हांसदा ने डीसी से भारी वाहनों खासकर हाइवा, ट्रेलर पर सख्ती बरतने आग्रह किया. साथ ही बिना सहचालक के बड़ी गाड़ियों के परिचालन पर रोक लगाने को कहा. उन्होंने अपने ज्ञापन में लिखा कि भारी वाहनों में सहचालक या खलासी नहीं होता. जिसकी वजह से ड्राइवर को साइड व्यू का पता नहीं चल पाता है. ऐसे में बायीं ओर चलने वाली गाड़ियों का पता नहीं चल पाता है और भारी वाहन सड़कों पर चल रही छोटी गाड़ियों को कुचलते हुए पार हो जाता. रमेश हांसदा ने अपने ज्ञापन में कहा है कि बहुत सी बड़ी गाड़ियां सड़क किनारे गैर जिम्मेदाराना तरीके से खड़ी रहती है.

## अली हसन अंसारी बने राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



संवाददाता। लातेहार

बेतला के अली हसन अंसारी को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का लातेहार जिला अध्यक्ष बनाया गया है. राजद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमीरूद्दीन अंसारी ने अपने गढ़वा स्थित आवासीय कार्यालय पर बुधवार को अली हसन अंसारी को मनोनयन पत्र सौंपा.

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अली हसन अंसारी राजद के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में वर्षो से अपनी सेवायें दी है. वह संगठन के प्रति काफी संवेदनशील व सक्रिय रहते हैं. उन्हें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किये जाने से लातेहार में राजद और अधिक मजबूत होगा. वे बेहतर कार्य करेंगे. मौके पर डॉ. मकबूल उपस्थित थे. अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर सरफराज अंसारी, शहनवाज अंसारी, विक्टर केरकेट्टा, सरीफ अंसारी, एकराम अंसारी, इबरार अंसारी, जुल्फेकार अंसारी, अली अख्तर अंसारी व परवेज़ आलम ने उन्हें बुके भेंट कर बधाई दी.

### वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर ने बिहार क्लब पूजा पंडाल का किया भ्रमण

**रांची।** वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बुधवार को बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का भ्रमण किया. मौके पर रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ. अजित सहाय, बिहार क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा, उज्जवल तिवारी ने चुनरी पहना कर एवं माता रानी का प्रतीक चिह्न दे कर उनका स्वागत किया. मौके पर वित्त मंत्री ने शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि बिहार क्लब पूजा समिति की ओर से वर्षो से भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता रहा हैं. डॉ. अजित सहाय के नेतृत्व में साल दर साल पूजा समिति थीम बेस पर पंडाल का निर्माण कर शहरवासियों को आकर्षक तोहफा देती रही है. जो बधाइ की पात्र है. मौके पर डॉ. जयप्रकाश गुप्ता, अमर साहू, बादल सिंह, राणा रंधीर, संजय सिंह, संजय विनोचा, दिलीप गोप, विनोद सिंह, राहुल गौतम, रोहित सिंह, कमलेश यादव, अशोक यादव शामिल थे.

## मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

संवाददाता। जमशेदपुर

### खास बातें

- उपयुक्त को सरकार ने नाम मांग पत्र सौंपा
- जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की

बहरागोड़ा के वीणापानी हाई स्कूल मैदान से रविवार को शुरू हुई मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा बुधवार को जमशेदपुर मुख्यालय पहुंच कर समाप्त हो गई. यहां मानकी मुंडा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सरकार के नाम मांग पत्र सौंपा. इससे पूर्व संघ के सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया. इसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे. चार दिवसीय मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पूर्ति कर रहे थे.

**कई लोगों ने दिया समर्थन :** रात्रि विश्राम के बाद बुधवार सुबह सुंदरनगर के नांदुप फुटबॉल मैदान से पदयात्रा रवाना हुई. जिसका जगह-जगह स्वागत हुआ. करनडीह चौक पर एलबीएसएम कॉलेज के आदिवासी हॉस्टल के छात्रों, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष विवेकानंद सिरका और प्रखंड उप प्रमुख शिव हंसदा समेत अन्य ने पदयात्रा में शामिल लोगों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया. राजकुमार सिंह के साथ मौजूद अन्य लोगों ने करनडीह चौक से लेकर खासमहल चारखंभा तक पदयात्रा कर अपना समर्थन दिया. विवेकानंद सिरका ने बताया कि मानकी-मुंडा सरकार के समक्ष काफी दिनों से अपनी मांगों को रख रहे है, ताकि अपनी पारंपरिक विधि-व्यवस्था को सुचारू रूप से चला सके लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है.

### एसयूसीआई ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**चांडिल।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) चांडिल का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिला. इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में जनजीवन के कुछ ज्वलंत समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए समाधान करने की मांग पर ज्ञापन सौंपा. मौके पर आशुदेव महतो ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है. न शिक्षा की स्थिति ठीक है, न स्वास्थ्य की और न बिजली, पानी व सड़क की. इस आधुनिक जमाने में भी लोग मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं. ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में आशुदेव महतो, हाराधन महतो, भुजंग मछुआ, उदय तंतुबाई, धीरेंद्र गोढ़, युधिष्ठिर प्रमाणिक, पांचू मांझी आदि शामिल थे. एसयूसीआई (सी) ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को चांडिल क्षेत्र के सड़कों को अविलंब दुरुस्त करने, जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत सभी कार्डधारियों को प्रदान की जाने वाली अनाज हर महीना ससमय व सही मात्रा में उपलब्ध कराने की बात कही.

## बड़कागांव स्वतंत्रता सेनानियों के घरों की मिट्टी से भरा गया अमृत कलश, दिल्ली भेजा जाएगा

# बीएसएफ के जवानों ने बांधा देशभक्ति का समां

संवाददाता। बड़कागांव



### खास बातें

- हजारीबाग मेरु कैंप के जवानों ने भाग लिया
- गणमान्य लोग सहित सैंकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे

जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव के सभागार भवन में बुधवार को मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रमुख वचनदेव कुमार व संचालन उमेश दांगी ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा धुन के साथ पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया.

कार्यक्रम में हजारीबाग मेरू कैंप से आए बीएसएफ के जवानों ने भाग लेकर देशभक्ति गीत-संगीत प्रस्तुत किया. इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज व देश की सरहद से रिटायर्ड पूर्व सैनिकों एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शॉल व पौधा देकर सम्मानित किया गया.

प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव एवं जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों की प्रस्तुति की. कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाल विवाह पर रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक दिखाया गया और समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने का आग्रह किया गया. कार्यक्रम की समाप्ति के पूर्व प्रखंड के विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर व वीरांगनाओं के घर के मिट्टी लाकर अमृत कलश में रखा गया. कलश में भरी मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनी अमृत वाटिका भेजी जाएगी.

मौके पर मुख्य रूप से सीओ बालेश्वर राम, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, बीईईओ जवाहर प्रसाद, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद, प्रभु राम, राखी कुमारी, कोशिला देवी, सुनीता देवी, कृष्णा राम, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष पारसनाथ महतो, प्रभु महतो, बेबी देवी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, रिटायर्ड डीएसपी मटुकधारी महतो, पूर्व सैनिक अरविंद ओझा, गिन्नी वर्मा, प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया, जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइंया, मो इब्राहिम के अलावा सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे.

# राज्य की सभी 14 सीटों पर जीतेगी 'इंडिया' : जयप्रकाश

संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)

### खास बातें

- ग्रामीणों के साथ बैठक की उनका हालचाल जाना
- सरकार की योजनाओं की जानकारी दी, प्रेरित किया

गांडेय विधानसभा के निवर्तमान विधायक जयप्रकाश वर्मा ने प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा किया . इस दौरान उन्होंने प्रखंड के चम्पापुर,बरमसिया, डोकीडीह पंचायतों का दौरा किया . क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने कई लोगों से मिले और उनका हाल जाना. उन्होंने चंपापुर में ग्रामीणों के साथ बैठक की और राज्य के हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और लाभ लेने को प्रेरित किया.

मौके पर उन्होंने पत्रकारों द्वारा झारखंड में जाति जनगणना होने चाहिए पर सवाल पूछे जाने पर कहा की जातीय जनगणना राज्य के विकास के लिए अति आवश्यक है . जिससे सरकार को अपनी निचले दर्जे और अविकसित इलाकों एवं समाज के लिए योजना निर्माण करने में और उसके आधार पर राज्य के निचले स्तर पर योजना का लाभ पहुंचाया जा सकता है . उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भी इंडिया गठबंधन झारखंड के सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगी.

## ब्रीफ खबरें

### सभी रहें राष्ट्र के प्रति समर्पित : सीएमडी

**धनबाद।** बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो के माध्यम से कहा है कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है. भ्रष्टाचार का विरोध करें और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें, विषय पर जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है. विजिलेंस को भी भ्रष्टाचार की जानकारी दें और कार्य संस्कृति को उच्च शिखर तक ले जाने में मदद करें. जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 16 अगस्त से 15 नवंबर तक अभियान भी चलाया जा रहा है.

### थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**जमुआ।** दुर्गापूजा को लेकर जमुआ थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता जमुआ बीडीओ कमलेन्द्र कुमार सिन्हा ने की. इस दौरान उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा त्योहार क्षेत्र में शांति पूर्ण माहौल में मनाएं. बैठक में विधि व्यवस्था को लेकर जमुआ थाना प्रभारी बिपिन कुमार सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के लाइसेंस दुर्गा पूजा समिति के लोगों से समस्याओं की जानकारी ली. कहा कि दुर्गापूजा शांति पूर्ण तरीके से मनाएं.

### केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने विनोद

**लातेहार।** झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा के पूर्व महासचिव विनोद बिहारी गुप्ता को लातेहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का लातेहार जिला अध्यक्ष चुना गया है. रौनियार वैश्य महासभा ने उन्हें बधाई दी है. रौनियार वैश्य महासभा जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि रौनियार समाज में हर्ष व्याप्त है. बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, जिला महासचिव अनूप कुमार, जिला कोषाध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता व सचिव उमेश प्रसाद गुप्ता आदि शामिल हैं.

### कार्यपालक दंडाधिकारी ने किया गोदाम का निरीक्षण

**गावां।** खोरीमहुआ के कार्यपालक दण्डाधिकारी अरुण खलको व सीओ अविनाश रंजन ने बुधवार को गावां अनाज गोदाम का निरीक्षण किया. उन्होंने अनाज गोदाम के सभी बोरों का निरीक्षण किया. उन्होंने गोदाम में हार्ड कॉपी नहीं रखे जाने पर नराजगी व्यक्त की एवं मौके पर उपस्थित एजीएम को गोदाम के अंदर हार्ड कॉपी रखने सख्त निर्देश दिया. बाद में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे अभी लगातार गोदाम में साथ-साथ जनवितरण प्रणाली के दुकान का भी निरीक्षण करेंगे.

### 48 घंटे में सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाएं : डीसी

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर से गम्हरिया तक 48 घंटे में सर्विस लेन का अतिक्रमण हटाने का डीसी ने आदेश दिया है. वे बुधवार को एक सप्ताह पूर्व मीटिंग में दिए निर्देश का जायजा लेने पहुंचे थे. इस दौरान डीसी के साथ नगर निगम के प्रशासक गिरिजा शंकर प्रसाद, सीओ गिरेन्द्र टूटी, बीडीओ प्रवीण कुमार और थाना प्रभारी राजन कुमार मौजूद थे. डीसी ने सीओ और थाना प्रभारी को इस कार्यादेश का पालन करने को कहा है.

### अवैध खनन को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**धनबाद।** उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी अंचल अधिकारियों के साथ बैठक की. अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने अंचल में कोयला का अवैध खनन, भंडारण एवं ट्रांसपोर्टेशन के रोकथाम के लिए लगातार जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया है. साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया.

### आईटीआई भूमि अतिक्रमण मामले में जांच के निर्देश

**पलामू।** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने आईटीआई की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने के मामले का संज्ञान लिया है. उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण किसी भी कीमत पर नहीं होना चाहिए. उन्होंने आईटीआई भूमि अतिक्रमण मामले की जांच कराने का निर्देश दिया. आयुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सदर अंचल अधिकारी को अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है.

---

हाईकोर्ट ने रांची पुलिस की कार्यशैली पर जतायी नाराजगी, याचिका पर 7 नवंबर को सुनवाई

# एसएसपी को पर्सनल एफिडेविट दायर करने का दिया निर्देश

संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट ने रांची पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए रांची एसएसपी को व्यक्तिगत रूप से हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है. दरअसल झारखंड हाईकोर्ट में एडवोकेट कलर्क (मुंशी) सुबोध कुमार ने एक याचिका दाखिल की थी. इस याचिका में कहा गया था कि 29 सितंबर को उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया. घटना के बाद उसने धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिये आवेदन दिया. लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की. प्राथमिकी दर्ज ना होने पर सुबोध कुमार ने एसएसपी को भी मामले की जानकारी दी. इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई. जिसके बाद सुबोध ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रांची पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगायी थी. सुबोध की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सूरज कुमार वर्मा ने बहस की. अब इस मामले में हाईकोर्ट 7 नवंबर को सुनवाई करेगा.

### मुकेश के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल की मुश्किलें बढ़ने वाली है. रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने मुकेश मित्तल के खिलाफ नॉन बेलेबल (गैर जमानती) वारंट जारी किया है. कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद अब मुकेश मित्तल के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. बीरेंद्र राम पर टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है.

### संविदा पर कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक को हटाने पर रोक

**धनबाद।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा व जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में धनबाद नगर निगम में संविदा पर काम कर रहे स्वच्छता पर्यवेक्षक को हटाए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने स्वच्छता पर्यवेक्षक हटाने पर रोक लगा दी है. अदालत मामले में राज्य सरकार और धनबाद नगर निगम को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. मामले में अगली सुनवाई दस सप्ताह बाद होगी. जेएससीसी ने स्वच्छता पर्यवेक्षक पद पर नियमित नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था. जिसमें शैक्षणिक योग्यता की शर्तों में बदलाव किया गया है. इसके खिलाफ प्रार्थी मधुमिता विश्वास सहित 23 ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है. वहीं कोर्ट के इस निर्णय से स्वच्छता पर्यवेक्षकों में खुशी छा गई है. बता दें कि नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार ने सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक को कार्यमुक्त कर दिया है. सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता रुपेश सिंह और अपराजिता भारद्वाज ने अदालत को बताया कि धनबाद नगर निगम में संविदा पर स्वच्छता पर्यवेक्षक वर्ष 2015 से काम कर रहे हैं.

### आओ जानें

## राज्य के पुरापाषाणकालीन स्थान

- 1865 में बोकारो से हरा अभ्रकीय – स्फतिक हस्तकुठार प्राप्त किया गया.
- हज़ारीबाग ज़िले में विभिन्न पुरातात्त्विक स्थलों जिनमें बाँदा क्षेत्र से हस्तकुठार, रामगढ़ में पुरापाषाण काल के औज़ार, करहरबरी और बरगुंडा में तांबा निर्मित वस्तुएं प्राप्त हुई हैं.
- पश्चिमी सिंहभूम क्षेत्र में अमाईनगर, चाईबासा, धोरांगी, दहिगाड़ा, गोपालपुर, गालूडीह, मुरगॉन हाता, नरसिंहगढ़ आदि में पुरापाषाणकालीन सामग्रियाँ प्राप्त हुई हैं.
- देवहार में कर्णकोलाजोर नदी सतह से पाषाणयुगीन औज़ार प्राप्त हुए हैं.
- दुमका के पहाड़पुर में गोमई नदी के दक्षिणी किनारे से स्फटिक के धारदार औज़ार प्राप्त हुए हैं.
- इसके अलावा रांची, पूर्वी सिंहभूम आदि स्थानों से पुरापाषाणकालीन तथ्य मिले हैं.

---

पिछड़ा जाति आयोग के गठन के बाद ट्रिपल टेस्ट का भी रास्ता होगा साफ

# लोकायुक्त की होगी नियुक्ति 3 साल 10 माह से पद खाली

सत्य शरण मिश्रा। रांची

भाजपा विधायक अमर बाउरी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिलने के बाद अब राज्य के महत्वपूर्ण आयोगों और संवैधानिक पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है. बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिलने के कारण 3 साल 10 महीने से इन आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों के पद खाली पड़े हैं. अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद अब राज्य सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, पिछड़ा वर्ग आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां होंगी और इन आयोगों के दफ्तरों में लंबित हजारों शिकायतों का निपटारा शुरू होगा.

**मई 2020 से खाली है सूचना आयुक्त का पद :** झारखंड राज्य सूचना आयोग के अध्यक्ष और पांच सदस्यों का पद मई 2020 से खाली है. इतने समय में आयोग में पेंडिंग अपीलों की संख्या 15030 पहुंच चुकी है. इनमें 7658 अपील वैसे हैं, जिनमें मई 2020 से पहले एक या दो बार सुनवाई हो चुकी है, जबकि 7372 फ्रेश अपील हैं. 230 शिकायतवाद भी आयोग में पेंडिंग हैं. इनमें सुनवाई के लिए 71 और सूचना आयुक्त के अप्रूवल के लिए 159 शिकायतवाद शामिल हैं. नये सूचना आयुक्त के आने के बाद इन अपीलों को अप्रूवल मिलेगा उसके बाद ही सुनवाई होगी. उम्मीद है कि जल्द ही सूचना आयोग के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू होगी. राज्य सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए 63 और 5 सूचना आयुक्त पद के लिए 354 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इनमें से बेहतर उम्मीदवारों का चयन होगा.



### जून 2021 से लोकायुक्त का पद खाली है

झारखंड में लोकायुक्त का पद 2 साल 4 महीने से खाली है. 29 जून 2021 को झारखंड के लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के निधन के बाद से यह पद खाली पड़ा है. लोकायुक्त नहीं होने के कारण कार्यालय में रिम्स डेंटल कॉलेज में डेंटल चेयर खरीद में भ्रष्टाचार सहित हजारों मामले कई वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं. झारखंड लोकायुक्त कार्यालय को अभी तक आठ हजार के करीब लोकसेवकों की शिकायतें मिली हैं. इनमें से दो हजार से अधिक शिकायतों पर लोकायुक्त कार्यालय आगे नहीं बढ़ सका है. पिछले पांच वर्षों में 3,361 से अधिक मामले लोकायुक्त के पास आये थे.

### 2018 से नहीं हैं मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष

झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद पर भी जल्द ही नियुक्ति शुरू होगी. राज्य में 2018 से मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का पद खाली है. झारखंड के मानवाधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति होगी. जून 2023 में इसे लेकर विज्ञापन निकाला गया था. मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष नहीं होने के कारण कई सैकड़ों शिकायतें लंबित पड़ी हैं.

#### खास बातें

- बाबूलाल को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिलने से खाली रहे पद
- जस्टिस डीएन उपाध्याय के निधन के बाद से लोकायुक्त पद खाली

### जनवरी 2023 से पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद खाली

झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद जनवरी 2023 से खाली है. जस्टिस लोकनाथ प्रसाद के निधन के बाद से यह पद खाली है. आयोग के सदस्यों के भी पद खाली हैं. पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष नहीं होने की वजह से झारखंड के नगर निकाय चुनावों को लेकर होने वाला ट्रिपल टेस्ट का मामला फंसा हुआ है. कैबिनेट ने ट्रिपल टेस्ट पिछड़ा आयोग से कराने की मंजूरी दी थी, लेकिन अबतक आयोग का गठन नहीं हुआ है. इसके कारण सरकार नियमावली में संशोधन पर विचार कर रही थी. अब नेता प्रतिपक्ष के आने से आयोग के गठन का रास्ता साफ हो गया है.

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 67 मरीजों की जांच

**मैथन।** डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल मैथन में बुधवार को गौरी देवी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, दुर्गापुर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में जेनेरल मेडिसिन के विशेषज्ञों ने 67 मरीजों की जांच की. उद्घाटन अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार, डॉ. अभिषेक मुखर्जी, डॉ. एस नंदी, डॉ. एस गोस्वामी, डॉ. गीता बास्की, डॉ. आरआर दीक्षित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. मौके पर डॉ. उमेश कुमार ने कहा कि लोगों को बेहतर चिकित्सा मिले, साथ ही समय पर लोगों का इलाज हो, इसके लिए इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे. गौरी देवी हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने भी डीवीसी के प्रयास की सराहना की शिविर में जेनेरल मेडिसिन के विशेषज्ञों ने लोगों की जांच की.

# साहब! कैसे सुधरेगी बिजली अधिकारी नहीं उठाते फोन

संवाददाता। सिंदरी

#### खास बातें

- डीवीसी ने दुर्गापूजा में निर्बाध बिजली देने का किया है दावा
- क्षेत्र में रात में मात्र आठ घंटे ही रहती है बिजली

सिंदरी के मनोहरटांड़ क्षेत्र में पिछले चार माह से विद्युत आपूर्ति रात में मात्र आठ घंटे की जाती है. इसका विरोध करते हुए क्षेत्रवासियों ने जेबीवीएनएल गौशाला कार्यालय में नारेबाजी की और व्यवस्थित बिजली आपूर्ति की मांग की. मनोहरटांड़ निवासी उमाशंकर सिंह ने बताया कि डीवीसी ने दुर्गापूजा में निर्बाध बिजली देने की बात कहा रहा है और इसपर राज्य सरकार ने भी मुहर लगा दी है.

कुछ दिनों पूर्व धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने सिंदरी के कनीय अभियंता शशि मुंडा का फोन नंबर सिंदरी क्षेत्र में बिजली की अव्यवस्था के लिए जारी किया है. कनीय अभियंता फोन ही नहीं उठाते हैं. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली रात में मात्र आठ घंटे ही रहती है. पिछले चार महीने से प्रतिदिन सुबह होते ही बिजली काट ली जा रही है. विभागीय कर्मियों से बात करने पर वह बताते हैं कि ट्रांसफार्मर कमजोर है और इसकी मरम्मत में महीना लग जाएगा. उन्होंने बताया कि अगर विभाग के पास फंड नहीं हो तो क्षेत्र के लोग विभाग को ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग के लिए कुछ फंड की मदद कर सकते हैं.मौके पर अमूल दास, समीर मोदक, मनीष कुमार, सुनील घोष, उषा सिंह, चंदा देवी, रचना देवी, जयबेन निशा, विजय दास, रुपा पालित, रुखसार, वाहिद, गुड़िया खातून, पूजा देवी, माया मोदक, सलमान, पार्वती, नेहा, ऐश्वर्या, रोहित शामिल थे.

# खत्म होगा वकीलों का इंतजार

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में वरीय अधिवक्ता बनने की राह देख रहे वकीलों का इंतजार जल्द खत्म होने की उम्मीद है. हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने महाधिवक्ता, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष और हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष को पत्राचार कर वरीय अधिवक्ता के चयन के लिए फॉर्म जारी करने का निर्देश दिया है. यह फॉर्म वैसे अधिवक्ता भर सकते हैं जो 10 वर्षों से नियमित प्रेक्टिस कर रहे हैं. वरीय अधिवक्ताओं के चयन के लिए हाईकोर्ट से रूलफ्रेम किया जा चुका है. सारी शर्तों से अधिवक्ताओं को अवगत भी करा दिया गया है. सभी अहर्ताओं एवं शर्तों को पूरा करने वाले अधिवक्ताओं को झारखंड हाई कोर्ट डेजिग्नेटिड सीनियर के रूप में चयनित करेगा.

**लगभग 7 सालों से कोई वरीय अधिवक्ता नहीं चुना गया :** बता दें कि साल 2017 के बाद से अब तक फुल कोर्ट की बैठक नहीं हुई है. जिसके कारण लगभग 7 वर्षों से झारखंड हाईकोर्ट का कोई अधिवक्ता वरीय अधिवक्ता के रूप में नहीं चुना गया है. नियमों के मुताबिक, डेजिग्नेटिड सीनियर के रूप में चयनित होने वाले अधिवक्ताओं को अपनी प्रैक्टिस,अपने जूनियर वकीलों की जानकारी और महत्वपूर्ण मुकदमों में उनके द्वारा की गयी पैरवी के अलावा कई बातों की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है. फार्म भरने वाले वकीलों को इस बात की भी जानकारी देनी है कि जिला बार एसोसिएशन या स्टेट बार काउंसिल के में उक्त अधिवक्ता के खिलाफ मिसकंडक्ट या फिर प्रोफेशनल कंडक्ट का कोई आरोप तो नहीं है.

### फिलहाल ये हैं झारखंड के वरीय अधिवक्ता

आर एस मजूमदार, राजीव रंजन, ए के अल्लाम, अजित कुमार, आर एन सहाय, बीएम त्रिपाठी, ए के कश्यप, विजय प्रताप सिंह, भौमिक, जय प्रकाश झा, राजीव शर्मा, बिरेन पोद्दार, अनिल कुमार, पीपीएन राय, आरएसपी सिन्हा, एम के लायक और मणि माला पॉल

# जर्जर सड़क और स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की मांग

संवाददाता। धनबाद

#### रखी मांग

- सड़कों पर अंधेरे की वजह से बढ़ी चोरी की घटनाएं
- समय-समय पर कराएं फॉगिंग और ब्लीचिंग

भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल वरीय भाजपा नेता मुकेश पांडे के नेतृत्व में 18 अक्टूबर को धनबाद नगर निगम के आयुक्त सत्येंद्र कुमार से मिला. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिले की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा. मुकेश पांडेय ने बताया कि अगले एक माह के भीतर दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे हिंदुओं के महापर्व आने वाले हैं. हजारों की संख्या में श्रद्धालु खरीदारी करने बाजार में उमड़ने लगे हैं. अगले सप्ताह तक मेला घूमने पूजा पंडालों में भक्त उमड़ने वाले हैं लेकिन जर्जर सड़क और खराब स्ट्रीट लाइट की वजह से गलियों में पसरे अंधेरे की वजह से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. पांडेय ने नगर आयुक्त से मांग की कि जल्द-से-जल्द जर्जर सड़क और खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराएं. साथ ही साफ-सफाई करवाने के साथ समय-समय पर फॉगिंग कराएं व ब्लीचिंग आदि का छिड़काव करवाएं. ताकि शहरवासी सुरक्षित व स्वस्थ्य रूप से त्योहारों का आनंद उठा सकें. प्रतिनिधिमंडल में मुकेश पांडेय के अलावा जितेंद्र मालाकार, बिनोद यादव, मिथिलेश यादव, परिवेश निषाद, उत्तम महतो, आशुतोष पांडे और बबलू यादव के साथ अन्य शामिल थे.

### राशन दुकानों में एसडीओ रजक ने की छापामारी

**चाकुलिया।** चाकुलिया नगर पंचायत के बाजार क्षेत्र के राशन दुकानों में घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सत्यवीर रजक ने बुधवार को औचक छापामारी अभियान शुरू किया. उन्होंने नया बाजार में कल्याण कुंडू, मदन लाल अग्रवाल, मदन मोहन महतो और विजय कुमार शर्मा की जन वितरण प्रणाली की दुकान में छापामारी की. इस दौरान दुकानों में भारी अनियमितताएं पाये जाने की सूचना है. कई दुकानों में वजन में कम अनाज देने का खुलासा भी हुआ है. तीन दुकानदारों को शोकॉज जारी किया जाएगा. अनुमंडल पदाधिकारी का छापामारी अभियान जारी है. इस अभियान में अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गौरी शंकर दास, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवानंद घटवारी, नगर पंचायत के नगर प्रबंधक मोनीस सलाम, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य कई पदाधिकारी शामिल हैं.

# होटलों में हुई खाद्य पदार्थों की जांच

संवाददाता। गोड्डा

दुर्गा पूजा के मद्देनजर मिठाई व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थ की गुणवता की जांच को लेकर उपायुक्त जिशान कमर, अनुमण्डल पदाधिकारी जेसी विनिता केरकेटा एवं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनंत कुमार झा के संयुक्त निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मोईन अख्तर द्वारा गोड्डा शहरी क्षेत्र के विभिन्न मिष्ठान भण्डारों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई.

**जांच के लिए भेजेंगे राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला सैंपल :** दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रह किया गया. सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजने का आदेश हुआ. आगे की कार्रवाई खाद्य विश्लेषक के जांच प्रतिवेदन के आधार पर की जायेगी. निरीक्षण के क्रम में प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई ओर बेहतर करने का निर्देश खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा दिया गया. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि पर्व त्योहारों के दौरान बाजार में मिठाईयों एवं दूध निर्मित अन्य खाद्य पदार्थ की मांग बढ़ जाती है. जिससे बाजार में नकली व कम गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ बढ़ने की संभावनाएं प्रबल रहती हैं. खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा व्यापक अभियान चलाकर आमजनों के स्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी.



### चावल वितरण दिवस पर मिला मार्च माह का चावल

**घाटशिला।** हर कार्ड चावल वितरण उत्सव दिवस पर सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों पर बुधवार को चावल वितरण किया गया. चावल वितरण का निरीक्षण करने जन वितरण प्रणाली की दुकान पर अनुमंडल पदाधिकारी सतवीर रजक, प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिका शर्मा, प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार पहुंचे. जांचोंपरांत एसडीओ ने बताया कि कुछ दुकानें बंद थीं. इसके अलावा अन्य अनियमितता मिलने के कारण कई दुकानदारों को शोकॉज किया गया. इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि घाटशिला प्रखंड में कुल 483 योग्य कार्डधारी हैं, जिनके लिए सरकार की ओर से मार्च माह का चावल उपलब्ध कराया गया है. प्रत्येक यूनिट पर 5 किलो चावल का सील पैक वितरण किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि मंगलवार तक पूरे प्रखंड में 56.52 प्रतिशत यानी 273 कार्डधारी को चावल उपलब्ध करा दिया गया है.

---

**त्योहार** खरीदारी के लिए हर सेक्टर में ग्राहकों की जुटने लगी भीड़, ग्राहकों को बंपर ऑफर

# दुर्गा पूजा के बोनस पर टिकी व्यापारियों की निगाहें

संसवाददता। धनबाद

दुर्गा पूजा को लेकर बाजार पूरी तरह सज चुके हैं. हर सेक्टर ग्राहकों के लिए तैयार बैठा है. अब कारोबारियों की नजर बोनस पर टिकी हुई है. बोनस मिलते ही बाजार में जमकर खरीदारी होगी. हालांकि पूजा की शुरूआत होते ही बाजार में ग्राहकों की भीड़ जुटने लगी है. कपड़े, जूते-चप्पल, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, होम अप्लाइंसेज, ज्वेलरी, फर्नीचर के साथ वाहनों की बिक्री बढ़ी है. व्यापारी इस बार बेहतर कारोबार होने की उम्मीद लगा रहे हैं. हर सेक्टर में ग्राहकों को बंपर ऑफर मिल रहे हैं. ग्राहक भी ऑफर का लाभ ले रहे हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स, गारमेंट, ऑटो मोबाइल, ज्वेलरी, रियल एस्टेट सेक्टर में कई तरह के ऑफर लाए गए हैं.



**छठ तक हर दिन होगा व्यवसाय :** शहर के सभी बाजारों में खरीदारी के लिए ग्राहक जुट रहे हैं. इसे देखते हुए शहर के दुकानदारों ने छठ पर्व तक प्रत्येक दिन दुकानें खोलने का फैसला लिया है. बैंक मोड़ चैंबर के सचिव लोकेश अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकों की सहूलियत को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. जिला चैंबर के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने बताया कि दुकानें नहीं बंद करने का फैसला सभी दुकानदारों ने मिलकर लिया है. इससे ग्राहकों को भी सहुलियत होगी. देर रात दुकानें खोली जाएंगी. बता दें कि सभी क्षेत्र के बाजार सप्ताह में एक दिन बंद रखे जाते हैं मगर अब पूजा तक सभी दुकानें खुली रहेंगी.

### सभी सेक्टर हो रहे गुलजार

**इलेक्ट्रॉनिक्स :** इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में भी त्योहार की तैयारी है. टीवी, डायोस फ्रीज, वाई-फाई कनेक्टेड प्रोडक्ट के साथ एआई टेक्नोलॉजी के साथ वाशिंग मशीन और रेफ्रीजरेटर की डिमांड है. कारोबारी राजेश टंडन बताते हैं कि बगैर डाउन पेमेंट के किसी भी प्रोडक्ट के फायनेंस की सुविधा, सबसे कम 999 रुपये की ईएमआई पर प्रोडक्ट घर ले जाने व इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट पर अधिकतर 22 फीसदी लगभग 20 हजार रुपये तक का कैश डिस्काउंट जैसे ऑफर ग्राहकों को दिए जा रहे हैं.

**फैशन एंड अपैरल्स :** दशहरा में सबसे अधिक फैशन पर जोर होता है. कपड़ों के साथ जूता-चप्पल की जमकर खरीदारी हो रही है. नए डिजाइन व ट्रेंड के ड्रेसेज बाजार में उतारे गए हैं, जो ग्राहकों को पसंद भी आ रहे हैं. कारोबारी श्रीकांत अग्रवाल बताते हैं कि साड़ियों में ऑरगेंजा, सिमर शिफॉन और डोला सिल्क की डिमांड अधिक है. शूट में जयपुरी वर्क और बंगलोरी सूट ऑन डिमांड है. कारोबारी बताते हैं की इस बार एक निर्धारित राशि के कपड़ों की खरीद पर 40 प्रतिशत तक का कैश डिस्काउंट दिया जा रहा है.

# बड़ा हादसा टला, इंजन में खराबी के बाद उड़ान रोकी

संवाददाता। रांची

#### खास बातें

- उड़ान रोक कर पायलट ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी सूचना
- रिपेयरिंग वाली टीम और मौके पर पहुंचे इंजीनियर

राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया. एयरपोर्ट से सुबह साढ़े आठ बजे उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में अचानक खराबी आ गयी. जिसके बाद पायलट ने ऐनवक्त पर उड़ान रोक दी. इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी और रिपेयरिंग टीम को तकनीकी खराबी की जानकारी दी. सूचना के बाद रिपेयरिंग करने वाली टीम और इंजीनियर मौके पर पहुंचे और विमान में आयी तकनीकी खराबी की जांच शुरू की.

**उड़ान भरने से पहले ही इंडिगो की विमान में आई खराबी :** इंडिगो की विमान संख्या 6ई 7562 उड़ान भरने ही वाला था कि उसके इंजन में तकनीकी खराबी आ गयी. जिसकी जानकारी पायलट ने तुरंत एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी. सूचना मिलते ही यात्रियों को विमान से बाहर निकाला गया और रिपेयरिंग टीम को तकनीकी खराबी की जांच में लगा दिया गया. इंडिगो का विमान रांची से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाला था. फ्लाइट में करीब डेढ़ सौ यात्री बैठे थे. लेकिन पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया.

# नवरात्र को लेकर कारोबार में तेजी, बैंकों में बढ़ी चहलकदमी

संवाददाता । धनबाद

दुर्गा पूजा को लेकर बैंकों में चहल-कदमी बढ़ गई है. इसका सीधा संबंध त्योहार के सीजन में कारोबार में तेजी को माना जा रहा है. वहीं अगले सप्ताह तीन दिनों तक बैंक बंद रहेंगे. रविवार को अवकाश के साथ सोमवार 23 अक्टूबर को नवमी और मंगलवार 24 अक्टूबर को दशमी की छुट्टी रहेगी. ऐसे में दुर्गा पूजा में तीन दिन बैंक बंद रहने से एटीएम से पैसे निकासी पर पूरा असर पड़ेगा. आम दिनों में जहां शहर के प्रमुख स्थान बैंक मोड़, रांगाटांड़, कोर्ट मोड़, सरायढेला आदि क्षेत्रों में एटीएम में रोज 250-300 हिट्स होते हैं. वहीं त्योहारी सीजन में हिट्स बढ़ गए हैं. इस बीच कई एटीएम खराब होने और एसबीआई के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में रूकावट आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शहर में प्रायः एटीएम में एक बार में 20 लाख रुपये कैश लोड किया जाता है. इन स्थानों पर कुछ एटीएम ऐसे भी हैं जहां 24 घंटे में दो बार कैश लोड किए जा रहे हैं. जिले में अलग-अलग बैंक के कुल 267 एटीएम हैं.

**सरकारी व गैर सरकारी कर्मचारी एटीएम के भरोसे :** हर ओर दुर्गा पूजा की धूम मची है, लोगों में एक अलग उत्साह है. बच्चों सहित बड़ों के चेहरे भी खिले हुए हैं. सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में तीन दिनों की छुट्टी मिलने वाली है. संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन के साथ-साथ बोनस भी मिलेगा. जिससे बाजार की रौनक बढना तय है.

**तीन दिन बैंक रहेंगे बंद**



सड़क व बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है. खरीदार बढ-चढ कर खरीदारी में जुट गये हैं. ऐसे में बैंक प्रबंधक विशेष ख्याल रखने की तैयारी में हैं. कैश ट्रांजेक्शन के लिए अधिकतर लोग एटीएम का सहारा ले रहे हैं. दुर्गा पूजा को देखते हुए एटीएम चेस्ट भरा जा रहा है, लेकिन तीन दिनों तक बैंक बंद होने से एटीएम में कैश की किल्लत हो सकती है.

### खास बातें

- एटीएम और ऑनलाइन कैश ट्रांजेक्शन पर भी बढ़ा लोड
- एटीएम में कैश लोड करने के लिए करेंसी चेस्ट अलर्ट पर

एटीएम से पैसों की निकासी में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विभिन्न बैंकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं. छुट्टी के दिनों में भी कैश कि किल्लत नहीं होगी.

**राजेश कुमार सिंह, एलडीएम, धनबाद**

### एटीएम में नहीं होगी कैश की कमी

त्योहार के दौरान रविवार, सोमवार और मंगलवार को बैंकों में अवकाश रहेगा. इस दौरान लोगों को कैश की कमी न हो इसके भी पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं. भारतीय स्टेट बैंक हीरापुर शाखा के चीफ मैनेजर कुमुद शर्मा ने बताया कि छुट्टी के तीन दिनों में एटीएम में कैश लोड करने के लिए करेंसी चेस्ट को अलर्ट मोड पर रखा गया है. कैश खत्म होने की सूचना मिलते ही संबंधित एटीएम में कैश लोड किया जाएगा. त्योहार को लेकर बैंकों में अवकाश के बाद बुधवार को सभी बैंक पूर्ववत खुल जाएंगे.

## आओ जानें

### तिलका आंदोलन (1783-1785)

- तिलका मांझी के नेतृत्व में 1783 में इस विद्रोह की शुरुआत हुई. इस आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजों से इस क्षेत्र को मुक्त करना और आदिवासी स्वायत्तता की रक्षा करना था .
- इस आंदोलन में जनजागरूकता गाँव-गाँव सूखआ पत्ता घुमाकर कर किया जाता था. तिलका मांझी अंग्रेज़ी खजाना लूटकर गरीबों में बांटा करते थे.
- तिलका मांझी के तीरों के हमले से अंग्रेज सेनानायक अगस्टीन क्लीवलैंड मारा गया. इन्होंने सुल्तानगंज की पहाड़ियों से छापामार युद्ध का नेतृत्व किया.
- वर्तमान में बाबा तिलका मांझी चौक जो भागलपुर में स्थित है, जहाँ बरगद के पेड़ से लटकाकर तिलका मांझी को फाँसी दे दी गई थी.

## ब्रीफ खबरें

### वन अधिकार समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में वन अधिकार समिति की बैठक हुई. अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति से आए प्रस्ताव में मुख्य रूप से ग्राम-सोहबरिया, अंचल-मेराल में पिछड़ी जाति आवासीय उच्च विद्यालय निर्माण हेतु एफआरए निर्गत करने और 132 केवी, रमकण्डा-गढ़वा ट्रांसमिशन लाइन निर्माण को सर्वसम्मति से हरी झंडी दिखाई गई. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी दिलीप कुमार यादव समेत अन्य उपस्थित थे.

### बागबेड़ा कॉलोनी में 21 तक सफाई अभियान

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा महानगर विकास समिति द्वारा सभी के सहयोग से बागबेड़ा कॉलोनी में बुधवार को चौथे दिन भी सफाई अभियान चलाया गया. इस दौरान बजरंगी खेल मैदान, पीर बाबा मजार, शंख बाबा मैदान के पास सफाई अभियान चलाया गया. इन जगहों कचरे को बाहर फेंकने का कार्य किया गया. अभी और भी कई जगहों पर कचरे का अंबार लगा हुआ है. उसे 21 अक्टूबर तक साफ कर दिया जाएगा.

### भू धरनी में 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**धनवार।** विधायक बाबूलाल मरांडी के द्वारा स्मार्ट विलेज के रूप में चयनित धनवार प्रखंड के भूधरनी गांव में चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया. धनवार के प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार दास ने किसानों को बधाई दी. कहा कि यह खुशी की बात है कि अब गांव के किसान नई तकनीक से खेती कर सरकारी योजनाओं का लाभ लेंगे और स्मार्ट बनेंगे.

### पशुधन योजना को लेकर सभागार में हुई बैठक

**घाटशिला।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर बुधवार को घाटशिला प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रमुख सुशीला टुडू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. बैठक के दौरान प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी मनोज कुमार महंतो ने प्रखंड से प्राप्त आवेदन की जानकारी प्रमुख तथा बीडीओ को दी. बीडीओ यूनिका शर्मा ने प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी से प्राप्त आवेदनों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली.

### नए एसडीओ गिरिजा शंकर ने लिया पदभार

**चांडिल।** चांडिल के नए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के रूप में बुधवार को गिरिजा शंकर महतो ने योगदान दिया. उन्होंने निवर्तमान एसडीओ रंजीत लोहरा से कार्यभार ग्रहण किया. प्रखंड विकास पदाधिकारी से पदोन्नति देकर सरकार ने उन्हें अनुमंडल पदाधिकारी बनाया है. सरायकेला-खरसावां जिले में गिरिजा शंकर महतो की दूसरी पोस्टिंग है. इसके पहले वे कुकड़ू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित थे.

### विकास सूचकांक के तहत हुई टीओटी कार्यशाला

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को पंचायत विकास सूचकांक के तहत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह टीओटी कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गोप की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में प्रखंड समन्वयक रवींद्र नाथ महतो उपस्थित थे. कार्यशाला में पंचायत विकास सूचकांक के तहत डाटा कलेक्शन की जानकारी दी गई.

### धनबाद रेल मंडल के कर्मियों को खाते में आएंगे 46 करोड़ 67 लाख 26 हजार

# 11 लाख रेलकर्मियों को मिलेगा 1968 करोड़ 87 लाख बोनस

संवाददाता । धनबाद

दुर्गापूजा में षष्ठी और सप्तमी को 11 लाख 7346 रेलकर्मियों को 1968 करोड़ 87 लाख रुपये बोनस मिलेगा. रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल के 26 हजार रेलकर्मियों के खाते में 46 करोड़ 67 लाख 26 हजार रुपये आएंगे. 7000 सिलिंग के हिसाब से 78 दिनों का बोनस 17,951 रुपये मिलेगा. यह बोनस पिछले पांच वर्षों से मिल रहा है. यूनियन की ओर से बोनस में बढ़ोत्तरी की मांग करते हुए रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखा गया था, लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी 17,951 रुपये बोनस देने की घोषणा की गई है.

**आरपीएफ, आरपीएसएफ और जीआरपी को नहीं मिलेगा बोनस :** रेलवे में आरपीएफ, आरपीएसएफ व जीआरपी को दुर्गापूजा का बोनस नहीं मिलेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सभी अराजपत्रित रेल कर्मचारियों अर्थात ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन ड्राइवर, ट्रेन मैनेजर (गार्ड) ग्रुप-सी व ग्रुप-डी को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) देने की मंजूरी दे दी है. रेलकर्मियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए पीएलबी भुगतान करने को मंजूरी दे दी है.




### खास बातें

- 7000 सिलिंग के हिसाब से 78 दिनों का बोनस 17,951 रुपये
- आरपीएफ, आरपीएसएफ व जीआरपी को बोनस नहीं

### 1509 मिलियन टन माल लदा और 650 करोड़ यात्रियों ने किया सफर

रेलवे सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-2023 में भारतीय रेलवे में अच्छा प्रदर्शन रहा. 1509 मिलियन माल ढुलाई की गई. ट्रेनों में 650 करोड़ यात्रियों ने सफर किए. रिकॉर्ड कमाई व ढुलाई के कारण संसाधन में बढ़ोत्तरी की गई है. परिचालन में भी काफी सुधार हुआ है. गिने-चुने ट्रेनों को छोड़कर बाकी सभी ट्रेनें निर्धारित समय से चल रही हैं.

## 50 हजार बोनस की मांग को लेकर संयुक्त यूनियन ने किया आंदोलन



संवाददाता । नोवामुंडी

17 अक्टूबर को दिल्ली में हुई बोनस को लेकर एनजेसीएस की बैठक बेनतीजा होने के कारण सेल के सभी सेक्टरों में सेल कर्मियों में मायूसी है. सेल कर्मियों में प्रबंधन के प्रति काफी रोष व्याप्त है. इसी के मद्देनजर 50 हजार रुपये बोनस की मांग को लेकर बुधवार को गुवा सेल के जेनरल ऑफिस में संयुक्त यूनियनों ने आंदोलन किया. नेताओं ने कहा कि अगर सेल प्रबंधन दो दिनों के अंदर 50 हजार रुपये बोनस सेल कर्मियों को भुगतान नहीं करती है तो दो दिनों के बाद सभी सेलकर्मी खदान क्षेत्र में स्लो डाउन करेंगे. इस दौरान संयुक्त यूनियनों के झारखंड मजदूर संघर्ष संघ, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक, सप्लाई मजदूर संघ, सीटू, झारखंड मजदूर यूनियन के पदाधिकारी में रामा पांडे, दुचा टोप्पो, रमेश गोप, राजेश कोड़ा, पंचम जॉर्ज सोय, मनोज मुखर्जी के अलावा सेल कर्मियों में अंतर महाकुड़, पीसी राणा, पंकज गुप्ता, समीर हलदर, नटवर प्रधान, मोहम्मद अजीम, देवेंद्र दास, राजेंद्र पुष्टि, अरुण गोच्छाईत, कार्तिक गोच्छाईत, भूषण ठाकुर, राकेश यादव सहित अन्य मौजूद थे.

### शिविर लगाकर दी जा रही कानून की जानकारी

**चांडिल।** अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर नालसा, झालसा और डालसा ईसागढ़ प्रखंड के पातकुम में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर पीएलवी कार्तिक गोप ने महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार व अन्य अपराधों की जानकारी देते हुए उसकी सजा के बारे में जानकारी दी. पीएलवी ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 25 दिसंबर तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत महिला, दिव्यांग, नाबालिग आदि को मिलने वाले अधिकार, अनाथ बच्चों का पालन पोषण, बंदियों के अधिकार और मानव तस्करी, बाल विवाह, घरेलू हिंसा आदि से संबंधित कानूनी जानकारी दी जा रही है. अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से गांव-गांव में अभियान चलाकर लोगों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जा रही है.

## वन विभाग ने जब्त किया ट्रैक्टर, छुड़ा ले गये माफिया



संवाददाता । लातेहार

जिले के पूर्वी वन क्षेत्र गारू से अवैध बालू ढुलाई की सूचना पर बुधवार को वन कर्मियों ने एक बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा. ट्रैक्टर गारू निवासी पारा शिक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता का बताया जाता है. सूचना मिली थी कि उक्त ट्रैक्टर से प्रतिदिन अवैध बालू की ढुलाई की जाती है. बुधवार को सुबह तकरीबन नौ बजे उक्त ट्रैक्टर बालू लादकर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की ओर से आ रहा था. सूचना पर प्रभारी वनपाल रंजय कुमार और वनरक्षी रोहित कुमार ने ट्रैक्टर को पकड़ लिया.

बताया जाता है कि पारा शिक्षक रमेश कुमार गुप्ता और दिलीप कुमार ने बलपूर्वक ट्रैक्टर पर चढ़ गये और ट्रैक्टर को ले जाने लगे. उन्होंने ट्रैक्टर में लदे बालू को वहां गिरा दिया और टैक्टर ले कर चले गये.

## 8 माह बीते, सरकार ने पहल नहीं की : सिंह

संवाददाता । लातेहार

झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा है कि संघ के साथ वार्ता करने के बाद आठ माह बाद भी सरकार ने कोई पहल नहीं की है. उन्होंने कहा कि एनएचएम व जेएसएसीएस के तहत अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों ने अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर फरवरी माह में 21 दिनों का आमरण अनशन और 41 दिनों तक राज्यव्यापी हड़ताल किया था. 25 फरवरी को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में, विभाग के वरीय पदाधिकारियों एवं संघ के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई थी. इस वार्ता में तीन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, जिनमें अनुबंध कर्मियों को सातवें वेतनमान के अनुरूप 15 प्रतिशत राशि का भुगतान, तीन सदस्य समिति द्वारा आइपीएच नॉर्म्स 2023 के अनुसार पद सृजन और स्थाई नियुक्ति में 50 प्रतिशत सीट अनुबंधित कर्मियों के लिए आरक्षित करते हुए स्थाई नियुक्ति की विभागीय माध्यम से प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की मांग पर सहमति बनी थी.



### ...तो फिर होगा आंदोलन : विनय सिंह

विनय सिंह ने कहा कि कुछ जिलों में 15 प्रतिशत राशि की भुगतान का आदेश जारी हो चुका है और कुछ जिलों में भुगतान किया जा चुका. अचानक एक विभागीय बैठक में सभी सिविल सर्जनों को उक्त राशि का भुगतान नहीं करने का आदेश पारित कर दिया गया. सामूहिक रूप से लिए गए तीन निर्णय में से एक का भी अनुपालन नहीं होना सरकार की विफलता को दर्शाता है. सिंह ने कहा कि अगर सरकार शीघ्र पहल नहीं करती है तो फिर से आंदोलन किया जायेगा.

## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पैथोलॉजी का हुआ उद्घाटन



संवाददाता । गिरिडीह

विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने मंगलवार की रात सदर अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पैथोलॉजी का विधिवत उद्घाटन किया. हाईटेक मशीनों से लेस पैथोलॉजी में अब डेंगू, मेनिनजाइटिस, थायराइड सहित कई प्रकार की जांच की जाएगी. सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी मिश्रा की माने तो बाजार दर से बहुत ही कम कीमत पर जांच की जाएगी. डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि सदर अस्पताल में सरकार से एमओयू के बाद जो भी पैथोलॉजी यहां स्थापित की गई, उससे भी बेहतर सुविधा अब कम कीमत पर दी जाएगी. कहा कि आयुष्मान कार्ड धारी की सभी प्रकार की जांच निःशुल्क की जाएगी. सरकारी स्तर पर डेंगू की जांच के लिए सैंपल रांची भेजे जाते थे. रिपोर्ट आने में 2 से 3 दिन लग जाते थे. ऐसी समस्याओं से जिलावासियों को अब निजात मिल जाएगी. सिविल सर्जन की माने तो जो सुविधा बाहर उपलब्ध है, वह गिरिडीह में ही दी जाएगी. इधर मौके पर विधायक सोनू ने कहा कि सरकार की मदद के बाद यह सब संभव हो पाया है. मौके पर विधायक के अलावा उपाधीक्षक डॉक्टर देव, वीरेंद्र कुमार, मोहम्मद नसीम आदि मौजूद थे.

### बालूमाथ थाना के प्रभारी बने धर्मेंद्र महतो

**बालूमाथ।** एसपी अंजनी अंजन ने चंदवा थाने में पदस्थापित 2018 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार महतो को बालूमाथ थाना का प्रभारी नियुक्त किया. इससे पूर्व भी एक अप्रैल 2021 से छह अप्रैल 2022 तक धर्मेंद्र कुमार महतो बालूमाथ थाना प्रभारी का दायित्व निभा चुके हैं. बालूमाथ पदस्थापना से पूर्व हेरहंज थाना प्रभारी के रूप में कार्य करने का उनका पुराना अनुभव रहा है. बता दें कि कोयला कारोबारी राजेंद्र प्रसाद साहू पर 12 अगस्त 2023 को जानलेवा हमला हुआ था. इसके दो दिन बाद यानी 14 अगस्त को उनकी मौत हो गयी थी. इसको लेकर 17 अगस्त को प्रदेश भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात की थी और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़ा किया था. इसके बाद डीजीपी ने तत्काल प्रभाव से तत्कालीन थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद को निलंबित कर दिया था.

## पार्क निर्माण को लेकर सफाई शुरू

संवाददाता । जमशेदपुर

मखदुमपुर फाटक के पास बनने वाले पार्क को लेकर बुधवार को साफ-सफाई शुरू हुई. इस मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज कुमार, समाजसेवी माणिक मल्लिक के साथ अन्य लोग उपस्थित थे. विधायक की इस पहल से लोगों में काफी खुशी है. जेसीबी और डंपर की मदद से वहां फैले कचरे को हटाया गया.

विधायक ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों ने इस समस्या से उन्हें अवगत कराया था. इस पर संज्ञान लेते हुए पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है. फिलहाल सफाई का कार्य शुरू हो चुका है, जल्द ही पार्क का शिलान्यास भी होगा. यहां ओपन जिम बनेगा और बच्चों के खेलने के लिए कई सुविधाएं मौजूद रहेंगी. परसुडीह की इस मुख्य सड़क पर कचरा फैले रहने से लोगों को काफी दिक्कतें होती थी. बाहर से आने वाले लोगों का भी मन इस कचरे को देख खराब हो जाता था. उन्होंने बताया कि यहां फेंकें जाने वाले कचरे के निष्पादन को लेकर भी व्यवस्था की जायेगी.



### खास बातें

- बच्चों के खेलने के लिए मौजूद रहेंगी कई सुविधाएं
- बनेगा ओपन जिम, जल्द ही पार्क का शिलान्यास

**लोगों को होती है परेशानी :** गोलपहाड़ी से परसुडीह को जोड़ने वाली इस सड़क के किनारे काफी दूर तक खुले में कचरा फैले रहने से हर आने-जाने वाले को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. यहां से गुजरते समय लोग या तो कपड़े से नाक-मुंह ढंकने को विवश होते है या फिर कुछ सेकंड के लिए सांसें रोकने लगते हैं, ताकि बदबू महसूस न हो. विधायक ने बताया कि खासमहल से शीतला चौक, शंकरपुर, सरजामदा, राहड़गोड़ा, गदरा होते हुए गोविंदपुर तिलका माझी चौक तक जाने वाली सड़क का निर्माण भी जल्द शुरू होगा. छठ पूजा के बाद इसका शिलान्यास होगा. सड़क बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होगी.

### तकनीकी विभागों की योजनाओं की हुई समीक्षा

**साहिबगंज।** बुधवार को उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में तकनीकी विभागों से संचालित एवं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.वहीं उपायुक्त ने विशेष प्रमंडल, आरईओ, भवन प्रमंडल, गंगा नहर पंप, एनआरईपी की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली. इस क्रम में विभिन्न योजनाओं द्वारा वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा की गई तथा उन योजनाओं को समय पर पूर्ण करन का निर्देश दिया गया. वहीं योजना अंतर्गत टेंडर की वर्तमान स्थिति तथा योजनाओं में विलंब का कारण भी जाना. इसके अलावा संबंधित एजेंसियों को भुगतान से जुड़ी समीक्षा की गई. वहीं आरईओ के कार्यपालक अभियंता देवीलाल हांसदा को बंद पड़े सोलर लाइट की मरम्मत एवं परिसदन के आसपास साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया. इस बीच विद्यालय छात्रावास आदि में रेनोवेशन कार्यों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने बचे हुए रिनोवेशन को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया.

**पहल** | दुर्गा पूजा पर मूर्ति विसर्जन को लेकर सेंट्रल प्रदूषण बोर्ड की गाइडलाइन जारी

# पौंड बनाकर प्लास्टिक आदि सामग्री को करें विसर्जित

संजीव मेहता । आदित्यपुर

मूर्ति विसर्जन को लेकर सेंट्रल प्रदूषण बोर्ड ने गाइडलाइन जारी किया है. इसे सभी निकायों को भेज दिया गया है. क्षेत्रीय प्रदूषण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि देवी की प्रतिमा को नदी में सीधे प्रवाहित नहीं करने का निर्देश दिया गया है. पहले प्रतिमाओं के ऑर्नामेंट्स, प्लास्टिक आदि के अवशेष को मूर्ति से अलग कर एक पोंड बनाकर उसे पोंड में विसर्जित करें. केवल मिट्टी की प्रतिमा को नदी के जल में प्रवाहित करना है. सेंट्रल प्रदूषण बोर्ड ने क्षेत्रीय कार्यालय को विसर्जन के पूर्व और विसर्जन के बाद का नदी के जल का सैंपल (नमूना) लेकर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है. पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उन्होंने इस आदेश की प्रति सभी निकायों को भेज दी है और उन्हें सेंट्रल प्रदूषण बोर्ड के निर्देश का पालन करने का निर्देश दिया गया है.



जानकारी देते क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह



### खास बातें

- विसर्जन के पूर्व और बाद में नदी के जल की होगी जांच
- केवल मिट्टी की प्रतिमा होगी नदी के जल में प्रवाहित
- सभी निकायों को भेज दिया गया है गाइडलाइन

### होटल और बैंक्वेट हॉल संचालक ने नहीं ली सीटीओ एनओसी, अब चलेगी छापेमारी

प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अब भी सैकड़ों होटल और बैंक्वेट हॉल संचालकों ने सीटीओ अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय से नहीं लिया है. इनके विरुद्ध अब छापेमारी कर जुर्माना लगाया जाएगा. सभी होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल संचालकों को कुल लागत के अनुरूप टैक्स भरकर सीटीओ प्रमाण पत्र लेना है, जो कुछ संचालकों ने लिया है, जबकि अब भी सैंकड़ों ने इस आदेश का पालन नहीं किया है.

## दुर्गा पूजा पर भव्य पंडालों को सम्मानित करेगा सीसीआई



संवाददाता । गिरिडीह

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह पिछले साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा समितियों को सम्मानित करेगा. चैंबर के पदाधिकारियों ने बुधवार को इस बात की जानकारी प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर दी. सीसीआई के अध्यक्ष राहुल वर्मन व कार्यक्रम के संयोजक अरविंद कुमार ने बताया की शहरी क्षेत्र के अलावा आसपास के भव्य पूजा पंडालों को सम्मानित किया जाएगा. इसके अलावा भव्य पंडाल, भव्य सजावट व सर्वश्रेष्ठ अनुशासित पूजा पंडाल को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि मानसरोवर विसर्जन समिति को भी बेहतर योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा. पदाधिकारियों ने पूजा समितियों से सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त रखने की अपील की. बताया गया कि दुर्गा पूजा के बाद तिथि निर्धारित कर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा.

# जेडी ज्वेलर्स में 57 हजार की ठगी मामले में दो गिरफ्तार



संवाददाता । रांची

अरगोड़ा थाना पुलिस ने एसबीआई का जीएम बनकर जेडी ज्वेलर्स में 57 हजार की ठगी करने के मामले में कपिल कुमार गुप्ता उर्फ संतोष और सूरज कुमार सोनी को गिरफ्तार किया है. सूरज को ठगी के आभूषण खरीदने के मामले में गिरफ्तार किया गया है. सूरज का चर्च कांप्लेक्स स्थित सोना चांदी नामक दुकान है.

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कपिल कुमार गुप्ता अरगोड़ा थाने के जेडी ज्वेलर्स में पूरे झारखंड का एसीबीआई का जीएम बोलकर पहुंचा. इसके बाद अपनी पत्नी के लिए मंगलसूत्र पसंद किया. मंगलसूत्र की कीमत 57 हजार रुपये थी. मंगलसूत्र को खरीदकर उसने ऑनलाइन फोन पे से पैसा पेमेंट करने की बात बोलकर फर्जी पैसा का ट्रांजेक्शन अपने मोबाइल में दिखाया और वहां से तेजी से अपने वर्ना कार में बैठकर भाग गया.

ज्वेलर्स दुकान के मालिक के जरिये जांच करने पर पता चला कि उसके खाते से पैसा नहीं आया है. मालिक ने उसका पीछा किया लेकिन वह भाग गया. मामले को लेकर दुकान के मालिक ने थाने में एफआईआर दर्ज कराया. इसके बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी बृज कुमार को सौंपा गया. टीम ने मामले की जांच शुरू की.

पता चला कि इसके खिलाफ रांची के अलग-अलग थाने चुटिया में एक, अरगोड़ा में एक, कोर्ट कंपलेन केस एक, सुखदेवनगर में दो, धुर्वा में एक, कोतवाली में एक, जगरनाथपुर में दो, बरियातू में एक कुल दस मामले पूर्व से ठगी के दर्ज हैं. ठगी के आभूषण खपाने के मामले में एक सोना चांदी के दुकानदार को भी गिरफ्तार किया. दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. इनके पास से 57 हजार का मंगलसूत्र और कार बरामद किया गया है.

## आओ जानें

### पुलिस के दिए गए मामलों की रिपोर्ट

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची | 417 | रामगढ़ | 21 |
| खूंटी | 17 | कोडरमा | 24 |
| गुमला | 28 | चतरा | 22 |
| सिमडेगा | 15 | गिरिडीह | 72 |
| लोहरदगा | 20 | धनबाद | 260 |
| चाईबासा | 22 | बोकारो | 230 |
| सराइकेला | 28 | दुमका | 34 |
| जमशेदपुर | 152 | गोड्डा | 37 |
| पलामू | 72 | जामताड़ा | 18 |
| लातेहार | 16 | देवघर | 137 |
| गढ़वा | 50 | साहेबगंज | 26 |
| हजारीबाग | 144 | पाकुड | 25 |

## ब्रीफ खबरें

### हल्का कर्मचारी घूस लेते हुआ गिरफ्तार

**पलामू ।** पलामू प्रमंडलीय कार्यालय की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम ने घूसखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी ने हुसैनाबाद प्रखंड में कार्यरत हल्का कर्मचारी सचिन गुप्ता को 4000 घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. सचिन गुप्ता ने वादी राजेश तिवारी से रिश्वत की मांग री थी, लेकिन राजेश तिवारी रिश्वत नहीं देना चाह रहे थे. सनद रहे कि हल्का कर्मचारी सचिन गुप्ता हल्का छह देवरी कलां एवं हुसैनाबाद शहर के राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं.

### ट्रक के धक्के से स्कूटी सवार घायल

**तोपचांची ।** सुभाष चौक के समीप बुधवार को तेज रफ्तार ट्रक ने एक स्कूटी सवार को चपेट में ले लिया. ट्रक के धक्के से स्कूटी सवार बुजुर्ग सड़क पर ही गिर कर घायल हो गए. घटना के बाद चालक टक्कर लेकर फरार हो गया. हालांकि तोपचांची थाने की पुलिस ने पीछा कर उसे निमियाघाट के समीप पकड़ लिया. ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस गंभीर रूप से जख्मी बुजुर्ग को इलाज के लिए तोपचांची में भर्ती कराया है. जख्मी हरिहरपुर थाना क्षेत्र का रहनेवाला है.

### बाइक ने ठेले में मारी टक्कर, दोनों घायल

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र स्थित मटिहाना के पास एनएच 49 पर मंगलवार देर रात एक बाइक ने साप्ताहिक हाट से लौट रहे ठेले को पीछे से ठोक दिया. इस हादसे में बाइक चालक और ठेले वाला बुरी तरह से घायल हो गया. ठेले वाले की पहचान मटिहाना गांव निवासी बादल सीट (58) के रूप में हुई है. वहीं बाइक चालक बबलू मुंडा (38) जाड़ाबोनी गांव का रहने वाला है. पुलिस ने ठेले वाले को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है.

### एक ही रात 3 जगहों पर हुई चोरी

**मैथन ।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. चोरों ने मंगलवार की तीन स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है. मंगलवार देर रात चोरों ने जोगरात पंचायत के मुखिया कोमल पाठक के आवासीय कार्यालय, बीसीसीएल के सेवानिवृत्त कंपाउंडर जयप्रकाश के घर व दुकान को निशाना बनाया और हजारों की संपत्ति पर हाथ साफ किया. भुक्तभोगियों ने चिरकुंडा थाना में इसकी लिखित शिकायत की है.

### बंद पड़े बस डिपो में लगी आग

**जमशेदपुर ।** सिदगोड़ा के एग्रीको स्थित बंद पड़े बस डिपो में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई. स्थानीय लोगों ने सुबह डिपो से धुएं का गुब्बार उठता देख इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और पुलिस को दी. उसके बाद तुरंत दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. आग से उठते धुएं के गुब्बार को काफी दूर से भी देखा जा सकता था. इस आगजनी में डिपो में रखे पुराने टायर व कुछ स्क्रैप समेत कई अन्य सामान जलकर राख हो गए.

### दो दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

**दुमका ।** अपराध करने की नीयत से अवैध पिस्तौल और गोली रखने के मामले में न्यायालय ने दो आरोपितों को दोषी करार देते हुए बुधवार को सजा एवं जुर्माना की सजा सुनायी है. न्यायिक दंडाधिकारी,प्रथम श्रेणी परिधि शर्मा के न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल के कारावास और पांच- पांच हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनायी है. न्यायालय में सरैयाहाट थाना कांड संख्या 73/2022 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई.

### युवक ने अपहरण की रची कहानी, गिरफ्तार

**गोड्डा ।** जिले की मोतिया थाना पुलिस ने बुधवार को बंका जिले के मोहम्मदपुर निवासी युवक अनिकेत कुमार उर्फ सन्नी को देवघर जिले के जसीडीह रेलवे स्टेशन के नजदीक से बरामद किया है. शेयर में रुपये गंवाने के बाद परिवार वालों के डर से उसने अपहरण की झूठी कहानी रची थी. पुलिस के अनुसार गत रविवार को मोतिया ओपी के डुमरिया गांव स्थित पुल के पास से अनिकेत कुमार उर्फ सन्नी के गायब होने की सूचना मिली.

## चतरा जिले में हुई थी पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई

# नक्सल अभियान में झारखंड पुलिस को केंद्र सरकार ने सराहा

संवाददाता । रांची



भारत सरकार के गृह सचिव द्वारा वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन की दिशा में झारखंड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की गयी है. झारखंड के डीजीपी के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध चौतरफा संयुक्त अभियान झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर के साथ चलाया जा रहा है. वर्ष 2022 और 2023 में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 745 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया. इनमें 3 स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य, एक रिजनल कमिटी के सदस्य, 10 जोनल कमांडर, 16 सब जोनल कमांडर और 25 एरिया कमांडर शामिल थे.

**चतरा जिले में एक साथ मारे गए 60 लाख के इनामी नक्सली :** पुलिस मुठभेड़ में 20 नक्सली मारे गए. चतरा जिला पुलिस द्वारा सबसे अधिक भाकपा माओवादी नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया गया था. इनमें भाकपा माओवादी के 25 लाख के इनामी नक्सली सैक सदस्य गौतम पासवान, अजीत उरांव और 5 लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर अमर गंझू और सब जोनल कमांडर अजय यादव (कुल 60 लाख के इनामी माओवादी एक साथ पुलिस मुठभेड़ में मारे गये) शामिल थे. इसके अलावा गुमला जिले में नक्सली सब जोनल कमांडर लाजिम अंसारी (5 लाख का इनामी) पुलिस मुठभेड़ में मारा गया. वर्ष 2022-23 में 38 नक्सलियों ने पुलिस के बढ़ते दबिश एवं राज्य सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया. इनमें स्पेशल एरिया कमिटी के एक सदस्य विमल यादव, रिजनल कमिटी के तीन सदस्य अमन गंझू, दुर्योधन महतो व इंदल गंझू, 4 जोनल कमांडर, 9 सब जोनल कमांडर और 10 एरिया कमांडर 10 शामिल हैं. इस दौरान में सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों से लेवी के रूप में वसूले गये 1.10 करोड़ रुपये बरामद किये गये. साथ ही अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा इस अवधि में कुल 26 नये कैंप स्थापित किये गये, जिससे इस इलाकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है.

**पिछले पांच वर्षों में पहली बार एक साथ मारे गए पांच बड़े नक्सली :** राज्य के लगभग सभी इलाकों में नक्सलियों पर काबू पा लिया गया है.अब इनकी गतिविधि केवल कोल्हान में सीमित रह गई है. ज्ञात हो कि चतरा जिला में इस साल अप्रैल महीने में पुलिस मुठभेड़ में पांच शीर्ष माओवादी मारे गये थे. पिछले वर्षों में इस प्रकार की यह पहली घटना है, जहां पांच माओवादी एक साथ पुलिस मुठभेड़ में मारे गये थे. इस घटना ने नक्सल कैडर को पूरी तरह से हतोत्साहित कर दिया, जो चकरबंधा से आकर इस इलाके में शरण लिए हुये थे.

भाकपा माओवादी संगठन को पारसनाथ के पहाड़ी इलाकों (गिरिडीह) और लुगु झुमरा पहाड़ी क्षेत्र (बोकारो, हजारीबाग) में शीर्ष उग्रवादी नेताओं की गिरफ्तारी एवं आत्मसमर्पण से बड़ा झटका लगा है. भाकपा माओवादी के आखिरी गढ़ कोल्हान में सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान जारी है.

### सारंडा जंगल क्षेत्र में पुलिस ने चलाया जांच अभियान

संवाददाता । किरीबुरु

किरीबुरु के इंस्पेक्टर वीरेंद्र एक्का के नेतृत्व में किरीबुरु थाना पुलिस ने सारंडा जंगल के सैडल गेट क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया. इस क्रम में बड़ाजामदा व मनोहरपुर की तरफ जाने वाली सभी वाहनों की तलाशी ली गई. यह वाहन जांच पूजा के दौरान अपराधियों व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने, मादक पदार्थों व गैरकानूनी सामान की तस्करी, नक्सल गतिविधियां को रोकने समेत अन्य वजहों से की जा रही है. वाहन जांच अभियान से अनेक लोगों में खलबली मची रही. उल्लेखनीय है कि इसी मार्ग से ओडिशा से गांजा आदि की तस्करी भी तस्कर करते हैं.

### हाईवा-टैंकर में टक्कर हाइवा चालक घायल

**घाटशिला ।** गालूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बेड़ाहातू गांव के समीप एनएच 18 फोरलेन पर बुधवार को हाइवा तथा टैंकर की सीधी टक्कर में हाइवे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना के बाद हाइवे चालक गाड़ी के अंदर ही काफी देर तक दबा रहा. स्थानीय होटल संचालक संजय महतो एवं ग्रामीणों की मदद से चालक को बाहर निकाल कर 108 एम्बुलेंस से अनुमंडल अस्पताल घाटशिला भेजा. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया है. घटना के संबंध में घायल हाइवा चालक शिवचरण महतो ने बताया कि वह चौका थाना क्षेत्र का रहने वाला है. हाइवा लेकर बहरागोड़ा जा रहा था रॉन्ग साइड से आ रहा टैंकर से सीधी टक्कर हो गई.

# रांची रेंज में 4 साल से 254 आपराधिक केस नहीं निबटे

सौरभ सिंह । रांची

रांची रेंज में चार साल से अधिक समय से सर्वाधिक 254 आपराधिक केस लंबित हैं. इनमें रांची जिले में 250, लोहरदगा में दो, सिमडेगा में एक और खूंटी में एक केस चार साल से अधिक समय से लंबित हैं. वहीं गुमला में एक भी केस पेंडिंग नहीं है. अगर पूरे राज्य भर के सभी छह रेंज की बात की जाए, तो चार साल से अधिक समय से 677 केसों का निष्पादन नहीं हुआ है. इसके अलावा सीआईडी में 86 और एटीएस में तीन केस लंबित हैं. इस वर्तमान में कुल मिलाकर 767 केसों का निष्पादन नहीं हुआ है.

**जानें, किस रेंज के किस जिले में कितने केस लंबित**

**रांची रेंज :** रांची :250, लोहरदगा : 02, सिमडेगा : 01, गुमला : 00,खूंटी : 01

**बोकारो रेंज :** धनबाद : 49, बोकारो : 32

**हजारीबाग रेंज :** हजारीबाग : 75, **गिरिडीह :** 44, चतरा : 23, रामगढ़ : 00, कोडरमा : 00

**दुमका रेंज :** दुमका : 39, देवघर : 00, साहेबगंज : 32, गोड्डा : 00, **पाकुड़ :** 04, जामताड़ा : 00

**पलामू रेंज :** पलामू : 26, गढ़वा : 30, लातेहार : 05,

**चाईबासा रेंज :** जमशेदपुर : 43, चाईबासा : 17, सरायकेला : 04

# ट्रक ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, पत्नी घायल

संवाददाता । जमशेदपुर



साकची थाना अंतर्गत बसंत सिनेमा के पास बुधवार शाम एक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में बर्मामाइंस कैरेज कॉलोनी के रहने वाले मिथिलेश गुप्ता बाल-बाल बच गए, जबकि उनकी पत्नी को हाथ में चोट आई है. उन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और अपने साथ थाना ले गई. ट्रक के आगे एफसीआई का बोर्ड लगा हुआ था.

घटना में बाइक ट्रक के नीचे आकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया. बता दें कि जिस जगह पर दुर्घटना हुई है वह नो एंट्री जोन है. अब सवाल यह उठता है कि नो एंट्री जोन में ट्रक कैसे घुस गया. कुछ लोग पुलिस पर ही आरोप लगाते दिखे. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक घटना को अंजाम देकर भाग रहा था जिसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया. ट्रक में खलासी भी मौजूद नहीं था.

**खास बातें**

- घटना साकची थाना अंतर्गत बसंत सिनेमा के पास घटी
- घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक पकड़ा गया

### गुमला में दुर्घटनाग्रस्त वाहन से 90 किलो गांजा बरामद

**गुमला ।** पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त महिन्द्रा कार से 90 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया. पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने गुमला थाना परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि एक्सयूवी-500 टोटो के बैंक ऑफ इंडिया के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई. वाहन मालिक व चालक वहां से गाड़ी छोड़ कर भाग निकले. पुलिस ने वाहन की तलाशी ली गई. कार से प्लास्टिक के चार बोरा में एक-एक किलो का बंडल बरामद किया गया. बंडल में गांजा था. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल भी वहां पहुंचे और गांजा व वाहन को जब्त किया गया. कुल 90 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये होगी. अज्ञात वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध गुमला थाना में मामला दर्ज किया गया है.

### जमशेदपुर में साधु से मारपीट मामले से 2 बरी

**जमशेदपुर ।** जिला के प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी सौदामणि सिंह की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में साधु रामप्रवेश गिरि से मारपीट, छिनतई तथा अपहरण के प्रयास मामले में दो आरोपियों को बरी कर दिया है. अदालत में अभियोजन पक्ष से एक गवाह पेश हुआ और वह भी पुलिस को दिए गए बयान से अदालत में मुकर गया. अदालत में आरोपी मानगो निवासी अतुल श्रीवास्तव और अतीश रंजन श्रीवास्तव का बचाव वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू और अधिवक्ता बबीता जैन ने किया. बता दें कि बिहार के वैशाली जिला स्थित लाल बाजार निवासी साधु रामप्रवेश गिरि ने 1 जून 2020 को गोलमुरी थाना में मारपीट का मामला दर्ज कराया था. साधु के अनुसार दोनों युवकों ने उनसे साकची में गाली गलौज की थी. बचाव के लिए जब वह गोलमुरी की ओर आ रहे थे तो पुलिस लाइन के सामने दोनों ने अंधेरा देखकर फिर से रोका और मारपीट की तथा पैसे छीनने और बाइक पर बैठाने का प्रयास किया था.

# पग्गी हत्याकांड में 2 आरोपियों को उम्रकैद की सजा, तीन बरी

संवाददाता । धनबाद

जोड़ापोखर के रंजीत सिंह ऊर्फ पग्गी हत्याकांड में अदालत ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी भौंरा निवासी सनन प्रसाद वर्मा व जोड़ापोखर के स्वर्ण कमल सिंह ऊर्फ स्वर्ण कमल सेन को उम्रकैद व 22 हजार रुपए जुर्माना की सज़ा सुनाई है. अदालत ने 16 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करते हुए दोनों को दोषी करार दिया था, जबतक अन्य 3 आरोपियों अभिषेक सिंह उर्फ बग्गा, अनिकेत कुमार व सूरज कुमार माली उर्फ नंदन को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था.

घटना के बाद मृतक पग्गी सिंह के भाई अमित कुमार उर्फ हनी सिंह के बयान पर जोड़ापोखर थाने में 7 जनवरी 2021 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक एक दिन पहले यानी 6 जनवरी 2021 की रात करीब 8:00 बजे रणजीत सिंह सामान खरीदने फुसबंगला चौक गया था. तभी बाइक से आए तीन बदमाशों ने रणजीत सिंह को गोली मार दी थी.

सूचना मिलने पर रंजीत का भाई अमित फुसबांग्ला चौक पहुंचा, तो देखा कि रंजीत सिंह खून से लथपथ जमीन पर गिरा पड़ा है. आसपास के लोगों के सहयोग से उसे एसएनएमएमसीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया था. पुलिस के अनुसंधान में पता चला कि गोली मारने के बाद आरोपी सनन वर्मा व स्वर्ण कमल सिंह हथियार लहराते हुए भाग रहे थे. इसी दौरान झरिया के समीप एक मोटरसाइकिल से टकराकर दोनों गिर गए थे.

स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस सौंप दिया था. मामले की सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने 11 गवाहों का परीक्षण कराया.

### दुकान से नकद सहित हजारों का सामान चोरी

संवाददाता । मैथन

कुमारधुबी बाजार में संकट मोचन धर्मशाला के पास स्थित दशरथ साव की राशन दुकान में मंगलवार की देर रात चोरों ने नकदी सहित करीब 30 हजार रुपए के सामान की चोरी कर ली. चोर दुकान में लगे लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे और नकदी सहित सरसों तेल, रिफाइन व अन्य कीमती खाद्य सामग्री लेकर आराम से निकल गए. दुकानदार दशरथ कुमार साव ने बताया कि वह रोजाना की तरह रात करीब नौ बजे दुकान बंदकर घर चला गया. बुधवार की सुबह पड़ोसी दुकानदारों ने फोन कर उसे की घटना की जानकारी दी. जब वह दुकान पहुंचा, तो देखा कि दरवाजा टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरे पड़े हैं. गल्ले में रखे खुदरा रुपए सहित कीमती सामान गायब मिले. चोरी हुए सरसों तेल और रिफाइन की खाली पेटियां दुकान से कुछ दूरी पर फेंकी मिली हैं. घटना की सूचना पर कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की.

## परिजनों ने मारपीट मामले में एसपी से की शिकायत

# युवक की पिटाई करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो

संवाददाता । जमशेदपुर



जुगसलाई चुना शाह कॉलोनी निवासी मोहम्मद जैद के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट करने की शिकायत परिजनों ने एसपी से की है. बुधवार को परिजन एसएसपी कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत की. शिकायत में मोहम्मद जैद के पिता मो जहीरउद्दीन ने बताया है कि मंगलवार को पार्वती घाट के गेट के समीप जुगसलाई थाना के एसआई विकास कुमार अपनी टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे. उसकी दौरान उनका पुत्र अपनी दुकान गैरेज गांव जा रहा था. यहां पुलिस ने उनके पुत्र को जांच के लिए रोका. इसी बीच मो जैद ने मोबाइल निकाला तो उसका मोबाइल छीन लिया गया और उसके साथ मारपीट की गई. साथ ही अभद्र व्यवहार भी किया गया.

**परिवार ने की कार्रवाई की मांग :** एसआई के साथ मौजूद अन्य पुलिसकर्मी भी जबरन लाठी एवं मुक्के से मारने लगे. जमकर पिटाई करने के बाद उन्होंने मोबाइल लौटाया. लेकिन बाइक को जब्त कर लिया. थोड़ी देर बाद मो जैद घर लौटा और घटना की जानकारी दी.

इसके बाद पिता मो जहिरउद्दीन घटनास्थल पर गए और एसआई विकास कुमार से मारपीट का कारण पूछा, लेकिन उन्होंने घटना से इंकार किया और तुरंत वहां से चले गए. बाद में फाइन भरकर मो जहिरउद्दीन ने बाइक को ट्रैफिक थाना से छुड़ाया. पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है. पीड़ित युवक के परिवार ने इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है.

### एक करोड़ से रांची और गिरिडीह जेल में होगा विकास कार्य

**रांची।** एक करोड़ की लागत से रांची और गिरिडीह जेल में विकास का कार्य कराया जाएगा. इसको लेकर गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है. बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के हॉस्पिटल बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य 72.45 लाख से किया जाएगा. वहीं गिरिडीह सेंट्रल जेल में 17.32 लाख की लागत से चार बोरबेल लगाए जाएंगे.

गृह विभाग ने राशि का भी आवंटन कर दिया है. गृह विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जिम्मेवारी संयुक्त रूप से संबंधित काराधीक्षक और एजेंसी की होगी. संबंधित एजेंसी उच्च गुणवत्ता युक्त मानक स्तर का कार्य सुनिश्चित कराएंगे. यह उनकी व्यक्तिगत जवाबदेही होगी. कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर अथवा कार्य मानक स्तर का नहीं पाये जाने पर संबंधित एजेंसी सीधे तौर पर इसके लिए उत्तरदायी होंगी. ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

## सफलता दोनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे

# लोहरदगा में हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता । लोहरदगा

अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को कुड़ू पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. दोनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था. थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ब्लॉक मैदान में दो अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं.

थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया. इसमें कुड़ू थाना के सअनि सुकू सोरेन तथा लवकुश सिंह व पुलिस जवान शामिल थे. पुलिस टीम जैसे ही ब्लाक मैदान के समीप पहुंची अंधेरे में दो युवक नजर आए. पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे. पुलिस अधिकारियों तथा जवानों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ा. पकड़े गए आरोपितों में कुड़ू थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा तथा लातेहार जिले के लातेहार थाना क्षेत्र के लेधपा गांव निवासी इस्लाम अंसारी को हिरासत में लिया गया. जांच के क्रम में एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के पास एक लोडेड छह राउंड का रिवाल्वर तथा इस्लाम अंसारी के पास से दो जीवित कारतूस बरामद किया गया.

थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के उपर कुड़ू थाना में छह तथा लोहरदगा सदर थाना में एक मामला दर्ज हैं. इसके अलावा खूंटी जिले के मुरहू तथा लातेहार जिले के बालूमाथ में एक मामला दर्ज है. इसके अलावा इस्लाम अंसारी पर लोहरदगा जिले के जोबांग थाना में तीन मामला दर्ज है. दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया.

**खास बातें**

- गिरफ्तार करने में कुड़ू पुलिस को मिली सफलता
- गिरफ्तार आरोपियों में एनामुल व इस्लाम शामिल है
- एक रिवाल्वर व दो जीवित कारतूस बरामद हुआ

# सतबरवा बीडीओ की गाड़ी से टकराई बस, बाल-बाल बचे



**पलामू ।** जिले के सतबरवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी राज किशोर प्रसाद बुधवार को सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए. रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग एनएच 75 पर पोलपोल गांव के समीप दोपहर करीब 12 बजे बस और बीडीओ के टाटा सूमो वाहन में आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई. बीडीओ सह सीओ सरकारी वाहन टाटा सुमो पर सवार होकर मेदिनीनगर से सतबरवा आ रहे थे जबकि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की बस पोल में इंजीनियर तथा स्टाफ को कैंप में पहुंचाने के बाद चालक छाया में पार्किंग करने के लिए ले जा रहा था. इसी बीच डालटनगंज की ओर आ रही टाटा सूमो और बस में सामने से भिड़ंत हो गई. ग्रामीणों ने बताया कि बीडीओ के चालक की तरफ का अगला हिस्सा बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है जबकि बस की एक हेड लाइट तथा बीच के हिस्से में आंशिक खरोंच आई है.

# राशन दुकान से अवैध शराब जब्त, दुकानदार गिरफ्तार

- कतरास के लकड़का में पुलिस ने गुप्त सूचना पर की छापेमारी

संवाददाता । कतरास



कतरास के लकड़का स्थित राशन दुकान में पुलिस ने मंगलवार की देर शाम छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की. कतरास थाना के सहायक निरीक्षक मुनेश तिवारी ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई में दुकानदार रौनक गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. उन्होंने बताया कि राशन दुकान में अंग्रेजी शराब की बोतलें छुपा कर रखी गई थीं, जिन्हें दुर्गा पूजा में खपाया जाना था. पुलिस टीम ने दुकान में पहुंचकर दुकानदार से शराब से संबंधित कागजात की मांग की, लेकिन वह नहीं दिखा सका. इसके बाद शराब सहित दुकानदार को पकड़कर थाने लाया गया. कागजी प्रक्रिया के बाद उसे जेल भेज दिया गया. जब्त शराब की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जाती है.

सहायक निरीक्षक ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है. पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के धंधेबाजों में हड़कंप है.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — मानहानि हो सकता है. विवाद से बचें. भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य में बाधा होगी, पर पूर्व कर्म फलीभूत होंगे. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें. इष्ट मित्रों से मुलाकात होगी. शुभ समाचार मिलेंगे. रोजगार में वृद्धि होगी. शिव चालीसा पढ़ें.

**वृषभ** — कार्य होने से मन खुश होगा. सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी. प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. बेरोजगारी दूर होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी.

**मिथुन** — मौसमी बीमारियों से बचें. प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए. स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे. विरोधी परास्त होंगे. अप्रत्याशित खर्च होंगे. कर्ज लेना पड़ सकता है.

**कर्क** — संतान के कार्य में गति आएगी. धन प्राप्ति के योग हैं. यात्रा सफल रहेगी. लेनदारी वसूल होगी. आय में वृद्धि होगी. लेन-देन में सावधानी रखें. कोई बड़ा कार्य करने से पहले विचार विमर्श आवश्यक है. शिव मंदिर में जल और अन्न दान करें.

**सिंह** — माता से बिना वजह का विवाद हो सकता है. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी. यात्रा कष्टप्रद हो सकती है. धैर्य एवं संयम बना रहेगा. निजीजनों में असंतोष का वातावरण रहेगा.

**कन्या** — पराक्रम से समाज में पूछ परख बढ़ेगी. अध्यात्म में रुचि रहेगी. भूमि-आवास की समस्याओं में वृद्धि होगी. व्यापार-व्यवसाय सामान्य चलेगा. कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें. किसी गरीब और लाचार को अन्न का दान करें.

**तुला** — धन के आगमन से मन खुश होगा. सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे. ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी. चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा.

**वृश्चिक** — कार्य का लाभ मिलेगा. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें. मांगलिक आयोजन होंगे. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी. कोई बड़ा कार्य होने से मन में प्रसन्नता रहेगी.

**धनु** — भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. नौकरी में अधिकारियों का उचित सहयोग नहीं रहेगा. लेन-देन के विषय में विवाद हो सकता है. राजकीय क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे, जो आपको लाभ प्रदान करेंगे. पीली वस्तु का दान और सेवन करें.

**मकर** — यात्रा मनोरंजक रहेगी. उत्तम मनोबल से समस्याओं का हल निकलेगा. दिखावे एवं आडंबरों से दूर रहना चाहिए. दांपत्य जीवन शुभतापूर्ण रहेगा. लापरवाही की प्रवृत्ति का त्याग करें. हनुमान जी के शरण मे जाएं.

**कुंभ** — समय सामान्य है. किसी अपने से विवाद से क्लेश होगा. व्यवसाय सामान्य रहेगा. कार्य निर्णय बहुत ही शांति से विचार करके करना चाहिए. व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे. व्यर्थ के कार्यों से तनाव होगा. जल और मिठाई का दान करें.

**मीन** — धर्म कर्म में मन लगेगा. किसी पर अधिक विश्वास न करें. आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी. संतान पर नजर रखें. समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ोतरी होगी. अन्न का दान करें. शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें.

## 1912 से दुर्गा पूजा कर रहा मल्लिक परिवार



**चाकुलिया।** चाकुलिया नगर पंचायत के पुराना बाजार में मल्लिक परिवार 1912 से दुर्गा पूजा आयोजित करता आ रहा है. इस वर्ष भी दुर्गा पूजा की तैयारी अंतिम चरण में है. गंगा नारायण मल्लिक ने बताया कि उनके पिता नागेंद्र नाथ मलिक ने 1912 में एक झोपड़ी में मां दुर्गा की पूजा शुरू की थी. अब मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण हो गया है. मंदिर में ही मूर्तियों का निर्माण कर मां दुर्गा की भव्य तरीके से पूजा होती है. बताया कि पूजा के दौरान भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाता है. पूजा को लेकर परिवार के सभी सदस्य उत्साहित हैं. गंगा नारायण मल्लिक ने बताया कि मंदिर में सालों भर तीन वक्त मां दुर्गा की पूजा होती है. पुजारी शक्ति पद चक्रवर्ती पूजा करते हैं.

## पंडाल की विद्युत सज्जा आकर्षण का केंद्र

**चाकुलिया।** नूतन बाजार दुर्गा पूजा कमेटी का पूजा पंडाल सज धज कर तैयार है. हर साल की तरह इस साल भी कमेटी ने आकर्षक विद्युत सज्जा की है. पश्चिम बंगाल के चंदन नगर से लायी गयी रंग बिरंगी लाइट आकर्षण का केंद्र है. इसकी रोशनी से नया बाजार क्षेत्र जगमगा उठा है. नेताजी सुभाष चौक पर बिजली के 40 विशाल तोरण द्वार बनाये गये हैं. चौक से लेकर पंडाल तक और पंडाल से गौशाला तक विद्युत सज्जा की गयी है. वहीं पंडाल का पट 19 अक्टूबर को श्रद्धालुओं के लिए खोले जायेंगे. कमेटी के अध्यक्ष आलोक कुमार लोधा ने बताया कि पूजा की तैयारी पूरी कर ली गयी है. कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य पूजा को सफल बनाने में जुटे हैं. पूजा के दौरान पंडाल के पास प्रसाद वितरण भी होगा.

### भक्ति व उल्लास : लातेहार में मानस महायज्ञ समिति का स्वर्ण जयंती समारोह

# रामलीला आज भी प्रासंगिक : बैद्यनाथ

संवाददाता। लातेहार



रामलीला मंडली के कलाकार समाज को आइना दिखाने का काम करते हैं. मंडली भगवान श्रीराम व माता सीता का रूप धारण कर समाज को न सिर्फ रामायण के प्रसंगों से अवगत कराते हैं, वरन समाज को उसका अनुसरण करने का संदेश भी देते हैं. रामलीला का मंचन आज भी प्रासंगिक है. उक्त बातें श्रीराम विवाह उत्सव प्रसंग के दौरान श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ राम ने कही. महायज्ञ समिति 50 वर्ष पूरे स्वर्ण जयंती समारोह मना रही है.

उन्होंने शारदीय नवरात्र की तीसरी संध्या में मानस यज्ञ परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक व डिजिटल दौर में रामलीलाओं का मंचन नहीं होता है. लोग इसे आउट डेटेड समझते हैं. लेकिन रामलीला का दौर पहले भी था और आने वाले समय में भी रहेगा. लोग इसकी महत्ता को समझेंगे. टीवी के सीरियत और फिल्म में तो रि-टेक होता है, लेकिन रामलीला में कोई रि-टेक नहीं होता है.

**जनकपुर में सीता स्वयंवर की प्रस्तुति :** बैद्यनाथ राम के संबोधन से पहले रामलीला मंडली के कलाकरों ने राजा जनक के दरबार में माता सीता के स्वयंवर का दृष्य का मंचन किया. भगवान श्रीराम ने भगवान शिव के धनुष को तोड़ने के प्रसंग का जीवंत मंचन किया. लोगों ने कलाकारों की हौसला अफजाई की. मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, महामंत्री सुदामा प्रसाद, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका, मदन प्रसाद, अनिल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जय कुमार सिंह, संतोष अग्रवाल, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व प्रकाश मोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे.

## 'मिथिला नगरिया निहाल सखिया' से भक्तिमय हुआ माहौल

आशीष टैगोर ।लातेहार



शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन पूरा शहर मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारो दूल्हा में बड़का कमाल सखिया आदि विवाह गीतों से गुंजायमान रहा. अवसर था शहर के बीचो बीच अंबाकोठी परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ के 50वें अधिवेशन का. मानस पाठ के तीसरे दिन श्रीराम विवाह का आयोजन किया गया. मौके पर गिरिडीह से आये वाचस्पति अनिल भारद्वाज तथा उनकी मंडली ने श्रीराम विवाह के गीत गाये. उन्होंने आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारो दूल्हा में बड़का कमाल सखिया समेत श्रीराम विवाह के कई गीत गाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया. मौके पर महिलाओं ने माता सीता की मांग में सिंदूर लगाया और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर विवाह की बधाई दी.

**मौके पर ये लोग रहे मौजूद :** इस मौके पर मुख्य यजमान के रूप में पवन कुमार महलका सपत्नीक उपस्थित थे. इस अवसर पर महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ राम, अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, महामंत्री सुदामा प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका, प्रवक्ता डॉ. विशाल शर्मा, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, जर्नादन प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, मदन प्रसाद, राजू सिंह, दिनेश महलका, सुनील शौंडिक, मनोज दास व प्रकाश मोहन अग्रवाल समेत कई लोग उपस्थित थे. इससे पहले शारदीय नवरात्र की दूसरी रात मथुरा से आयी नव धार्मिक रामलीला मंडली ने श्रीरामचरित मानस के कई प्रसंगों का जीवंत मंचन किया. काफी संख्या में लोग देर रात तक रामलीला का आनंद लेते रहे.

### आओ जानें

## कौलेश्वरी मंदिर

**परिचय** चतरा में कौलेश्वरी मंदिर एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल है.

**आराध्या** इस मंदिर में माता सती, काली एवं दुर्गा के रूप में मां कौलेश्वरी की पूजा की जाती है.

**स्थान** कौलेश्वरी मंदिर हंटरगंज से 9.7 किमी दूर कोल्हुआ पहाड़ी पर पर स्थित है, जिसे अब शालिग्राम रामनारायणपुर के नाम से जाना जाता है. बीच में बहने वाली लीलाजन नदी पर एक पुल है. कोल्हुआ पहाड़ी 1,575 फीट ऊंची है. पहाड़ी की चोटी क्षेत्र का एक आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करती है, जिसे आकाश लोचन (आकाश नेत्र) कहा जाता है.

**विशेषता** यह हिंदू, जैन और बौद्ध तीनों धर्मों का संगम है. कहा जाता है कि यहां पांडवों ने अपने निर्वासन काल के दौरान कुछ दिन यहां बिताये थे. वनवास के दौरान राम, सीता और लक्ष्मण के यहां आने की बात कही जाती है. इस शक्तिपीठ भी कहा जाता और मान्यता है कि यहां माता सती का गर्भ गिरा था. पहाड़ी पर पाया गया एक पदचिह्न 23वें जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ का माना जाता है. इस पहाड़ी पर 1682 में बना एक जैन मंदिर भी था, जिसे आक्रमणकारियों ने नष्ट कर दिया था और बाद में एक नया मंदिर बनाया गया. यहां एक गुफा है, जहां बैठी हुई मुद्रा में पार्श्वनाथ की दो फुट की मूर्ति है. गुफा में कई खंडित मूर्तियां हैं. ऐसा माना जाता है कि कई मूर्तियों को पास में स्थित झील में फेंक दिया गया था। यहां चट्टानों को काटकर बनाया गया एक मंदिर है, जिसमें चट्टानों को काटकर बनाई गई दिगंबर जैन की तस्वीरें हैं.



### रांची महानगर सुरक्षा दस्ता ने सदस्यों के लिए किया प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# हर पंडाल में तैनात रहेगा सुरक्षा दस्ता : सेठ

संवाददाता। रांची



सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के तत्वावधान में बुधवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दस्ते के सभी सदस्यों को सुरक्षा व्यवस्था का विशेष प्रशिक्षण दिया गया. इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची एवं आसपास के क्षेत्रों में हर पूजा पंडाल पर सुरक्षा दस्ता तैनात रहेगा. उन्होंने यहां दुर्गा पूजा का विशाल आयोजन होता है. लाखों लोग मां दुर्गा के दर्शन को आते हैं और इसका फायदा चोर, उचक्के, पॉकेटमार और असामाजिक तत्व उठाने में लग जाते हैं. ऐसे लोगों को पकड़ कर पुलिस के हवाले करना है ऐसे लोगों पर निगरानी रखनी है. कहीं भी कोई भी घटना घटती है तो तुरंत पुलिस को और हमको फोन करें. हम 24 घंटे निगरानी रखते हैं. सुरक्षा दस्ता के रांची महानगर अध्यक्ष मंटू वर्मा ने कहा कि शहर में सुरक्षा दस्ता के दो से तीन स्टेज बनाए जाएंगे, जहां से पूरे शहर को कंट्रोल किया जाएगा और भक्तों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी. इसके लिए जल्द ही कुछ नंबर सार्वजनिक किए जाएंगे. कहीं भी कुछ भी घटना घटे, तुरंत हम लोगों को फोन कीजिए.

सुरक्षा दस्ता के संरक्षक रवींद्र वर्मा और बजरंग वर्मा ने कहा कि युवाओं को पूजा के दौरान नशा बिल्कुल नहीं करना होगा. जो भी सदस्य नशा करते पकड़ा जाएगा, उसपर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़े तो उसे भी पुलिस के हवाले किया जाएगा. जो लोग नशा करके पंडाल में घूमेंगे, उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले किया जाएगा. प्रशिक्षण शिविर में संयोजक रूपेश चौरसिया, संरक्षक उत्तम यादव, दिलीप गुप्ता, शंकर सिंह, वरीय उपाध्यक्ष रोशन चौधरी, दीपू वर्मा, राजेश सरदाना, मिंटू सिंह, अनिल वर्मा आदि उपस्थित थे.

## भक्तों ने किया खाटू नरेश का विशेष तिलक श्रृंगार

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज खाटू नरेश का विशेष तिलक श्रृंगार किया गया. खाटू धाम की परंपरा के अनुसार बुधवार को राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में भी तिलक श्रृंगार किया गया. रांची स्थित श्री श्याम मंदिर में भी खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया . मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा का भव्य तिलक श्रृंगार किया. कोलकाता से मंगाए गए रजनीगंधा, गुलाब, तुलसी, मॉर्गन की मोटी मोटी फूल मालाओं से बाबा को सजाया गया . बाबा श्याम को नवीन बागा पहनाया गया एवं पंचमेवा का भोग चढ़ाया गया.मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, स्नेहा पोद्दार, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार आदि उपस्थित थे.

# मानस पाठ के साथ नवमी तक भगवती जागरण भी



संवाददाता ।लातेहार

श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ का यह 50वां साल है. स्वर्ण जयंती वर्ष में मां दुर्गा की आराधना धूमधाम से की जा रही है. दिन में मानस पाठ के बाद संध्या में प्रतिदिन रामलीला का आयोजन किया जा रहा है. महायज्ञ समिति के प्रवक्ता चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि शारदीय नवरात्र की चौथी तिथि से नवमी तिथि तक प्रतिदिन शाम में महायज्ञ परिसर मे रामलीला के अलावा भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जायेगा. उन्होंने बताया कि वाराणसी के कलाकारों द्वारा भगवती जागरण व झांकिया निकाली जायेगी. श्रीराम दरबार के अलावा माता दुर्गा, राम भक्त हनुमान आदि की आकर्षक झांकियां भी निकाली जायेगी. चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि महायज्ञ इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है. इसे यादगार बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है.

# पीरामल फाउंडेशन की ओर से ब्लड बैंक में लगाया गया रक्तदान शिविर

संवाददाता ।लातेहार



पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अजय निषाद व सत्यम द्विवेदी ने ब्लड बैंक लातेहार में रक्तदान किया. युवाओं को प्रेरित के के लिए उन्होंने खुद रक्तदान किया. उन्होंने बताया कि अगले एक माह तक जिले के सभी प्रखंडों में युवाओं को रक्तदान के लिए फाउंडेशन द्वारा प्रेरित किया जायेगा. इस अभियान की शुरुआत बुधवार को रक्तदान कर की गयी. मौके पर पीरामल फाउंडेशन के आकांक्षी जिला प्रोग्राम मैनेजर देबांजन बनर्जी व लातेहार ब्लड बैंक के तकनीकी सहायक विनय कुमार सिंह भी उपस्थित थे.

बनर्जी ने कहा कि पीरामल फाउंडेशन युवाओं की सहभागिता से ग्राम व राज्य स्तर पर बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है. रक्तदान महादान के इस विशेष शिविर के आयोजन के एक माह पूर्व से ही जिला, प्रखंड व ग्राम पंचायत स्तर पर रक्तदाताओं की सूची तैयार की जा रही है. कहा कि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

**खास बातें**

- आयोजकों ने युवाओं को प्रेरित करने के लिए पहले स्वयं ही किया रक्तदान
- अगले एक महातक जिले के सभी प्रखंडों में किया जाएगा यह आयोजन

## 35 क्विंटल चावल, दाल का बनेगा महाप्रसाद

**चाकुलिया।** चाकुलिया के पुराना बाजार स्थित सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी धूमधाम से दुर्गा पूजा के आयोजन में जुटी है. पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में है. आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जा रही है. यह कमेटी यहां की सबसे पुरानी कमेटी है. यहां 1924 से दुर्गा पूजा आयोजित हो रही है. यह कमेटी दशमी के दिन महाप्रसाद वितरण के लिए विशेष तौर पर जानी जाती है. हजारों लोग सड़क पर बैठकर महाप्रसाद ग्रहण करते हैं. इस वर्ष भी यह कमेटी दशमी के दिन महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी और सब्जी का वितरण करेगी. कमेटी के अध्यक्ष शंभू नाथ मल्लिक ने बताया कि इस वर्ष 10 क्विंटल चावल, 5 क्विंटल दाल की खिचड़ी और 20 क्विंटल सब्जी बनेगी. दुर्गा पूजा के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे.

# वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड में शामिल किया गया कृष्णायण ग्रंथ

संवाददाता। रांची



राधा और कृष्ण के संपूर्ण जीवन पर आधारित साझा महाकाव्य ग्रंथ कृष्णायण को वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड में शामिल किया गया है. राधाकृष्ण के अवतार को देश-विदेश के करीब 200 रचनाकारों से प्रसंग आधारित शोधपरक काव्य सृजन और संपादन के लिए यह सम्मान कृष्णायण के मुख्य संपादक व साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम को दिया गया है. प्रियम ने कहा कि राधा और कृष्ण की संपूर्ण कहानी को काव्यरूप में एक जगह संकलित करना कठिन कार्य था. अलग-अलग ग्रंथ और पुराणों में चीजें बिखरी हुई सी लगती है कहीं कुछ तो कहीं कुछ छूटा हुआ सा प्रतीत होता है. ऐसे में देश विदेश के रचनाकारों को प्रसग आवंटित कर लिखवाना, संकलन और संपादन आसान नहीं था, किंतु पिछले वर्षों की कठिन तपस्या और सभी के सहयोग से यह संभव हो पाया है. कृष्णायण का विमोचन 1 दिसम्बर को वृंदावन में बांकेबिहारी अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में किया जायेगा. जिसमें हेमा मालिनी, साध्वी ऋतम्भरा, डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, डॉ विष्णु सक्सेना आदि साहित्यकार और कलाकार शामिल होंगे.

## चांडिल में दुर्गोत्सव की धूम, पूजीं गईं मां कूष्मांडा

**चांडिल ।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में दुर्गोत्सव की धूम मची है. शारदीय नवरात्र पर होने वाले दुर्गा पूजा को लेकर लोगों को उत्साह देखते ही बन रहा है. चौका में सार्वनिक श्रीश्री नवदुर्गा पूजा कमेटी की ओर से शारदीय नवरात्र पर नवदुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है. यहां महालया के दिन से ही दुर्गोत्सव प्रारंभ हो जाता है. नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को चौका में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की श्रद्धालुओं ने आराधना की. देवी भगवती के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा देवी की आराधना कर भक्तों ने परिवार की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की. मंदिरों में सुबह होते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, सुबह सबसे पहले देवी की कलश यात्रा निकाली गई. कलश स्थापना के बाद भक्तों ने विधि विधान से मां भगवती की पूजा अर्चना की.

**आयोजन** चांडिल में ज्योतिंद्रनाथ की पुण्यस्मृति पर चइकपुरा व मआड़इर गांथा प्रतियोगिता

# अब तक 200 महिलाओं को प्रताड़ना से बचाया : पद्मश्री छुटनी

संवाददाता । चांडिल



पद्मश्री छुटनी महतो ने कहा कि मनुष्य जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रत्येक मनुष्य को अपने समाज के लिए अवश्य ही कुछ न कुछ करना चाहिए. समाज की हर बुराइयों को दूर करने का दायित्व, समाज का हक व अधिकार एवं भाषा-संस्कृति को बचाए रखने का दायित्व समाज के प्रत्येक नागरिकों का है. वे बुधवार को चांडिल प्रखंड स्थित कदमडीह में कुड़मी समाज चांडिल के संस्थापक ज्योतिंद्रनाथ चिलबिंधा के तृतीय पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित कर रही थीं. उन्होंने कहा कि डायन जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ उन्होंने साल 1995 में लड़ाई शुरू की, जिसमें अब तक 200 से अधिक महिलाओं को प्रताड़ना से बचाकर पुनर्वास कराने में सफल रही हैं. इस कुप्रथा के खिलाफ अंतिम सांस तक लड़ती रहेंगी.

वरिष्ठ शिक्षक रमाकांत बांसरिआर की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर कुड़माली नेग-नेगाचारी एवं भाषा संस्कृति को बचाए रखने के लिए बालिका व महिला वर्ग के लिए चइकपुरा एवं बालक व पुरुष वर्ग के लिए मआड़इर गांथा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. महिला वर्ग के चइकपुरा में प्रथम बासंती महतो, द्वितीय डोली महतो एवं तृतीय संध्या महतो और सांत्वना पुरस्कार मीरा देवी को मिला. पुरुष वर्ग के मआड़इर गांथा में प्रथम तरणी महतो, द्वितीय दामोदर तिड़ुआर एवं तृतीय पुरस्कार सुनील महतो को मिला. अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. अंत में वरिष्ठ शिक्षक जयचांद बांसरिआर ने सभा के समापन की घोषणा की. इस अवसर पर कुड़मी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

**खास बातें**

- पद्मश्री छुटनी ने 200 से अधिक महिलाओं को प्रताड़ना से बचाया
- चांडिल प्रखंड कदमडीह में कुड़मी समाज का आयोजन

### प्रसिद्ध रंगकर्मी व साहित्यकार अशोक पागल की स्मृति में कार्यक्रम

# हस्ताक्षर ने दरोगा सिंह को किया सम्मानित

संवाददाता ।रांची



समाजसेवी और रंगकर्मी दरोगा सिंह को सम्मानित करते डॉ. सुशील अंकन व अन्य.

झारखंड की प्राचीन नाट्य संस्था हस्ताक्षर ने दारोगा सिंह को उत्तरीय, स्मृतिचिन्ह और अभिनंदन पत्र देकर उनके आवास पर सम्मानित किया. हस्ताक्षर द्वारा निर्णय लिया गया था कि हस्ताक्षर के आजीवन अध्यक्ष रहे प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं साहित्यकार स्मृतिशेष अशोक पागल की जयंती पर शहर के वैसे व्यक्तित्व को सम्मानित किया जायेगा, जिनका अशोक पागल के जीवन में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा. उनकी प्रथम जयंती पर रांची महानगर के ईश्वर लाल राजप्रिय, कुलदीप सिंह दीपक, खुकुरानी दास, महेन्द्र अनंत, शुभा चौधरी, शुभ्रा सरखेल को सम्मानित किया जा चुका था, किन्तु दारोगा सिंह के आवश्यक कार्य हेतु अपने गांव चले जाने के कारण उन्हें सम्मानित नहीं किया जा सका था.

इसलिए मंगलवार को हस्ताक्षर के वर्तमान अध्यक्ष शिशिर पंडित, उपाध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद, सचिव डॉ. सुशील अंकन, सह सचिव राकेश रमण, कोषाध्यक्ष नरेश प्रसाद द्वारा दारोगा सिंह को उनके आवास पर सम्मानित किया गया. मौके पर उनके कई पड़ोसी भी उपस्थित थे.

# शहर व ग्रामीण इलाकों में दुर्गा पूजा की धूम

# मां की भक्ति में डूबा झारखंड पंडाल दे रहे भक्तों को संदेश



बकरी बाजार, रांची

**शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा- अर्चना कर आराधना में लीन हुए श्रद्धालु**



रांची का ओसीसी दुर्गापूजा पंडाल



- **पौराणिक मंदिरों, चन्द्रयान-3, तो कहीं अपनी धरोहरों को सहेजने की थीम पर तैयार किए गए हैं ज्यादतर पूजा पंडाल**
- **रांची का बकरी बाजार, जमशेदपुर का काशीडीह और आदित्यपुर के प्रवीण सेवा संस्था की प्रस्तुति बनी आकर्षण का केन्द्र, हर जिलों में पूजा समितियों की विशेष तैयारी**
- **पंडालों में गहमा गहमी शुरू, चतुर्थी को ही कई पंडालों के पट खुले, आज भी खुलेंगे, बाजारों मे भी रौनक बढ़ी**
- **कोयलांचल में भी पूजा की धूम मची है. भव्य पंडाल बन रहे हैं आकर्षण का केन्द्र**

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में दुर्गोत्सव का उत्साह पसर गया है. 15 अक्तूबर से शारदीय नवरात्र के शुरू होने के साथ ही घरों में पूजा का माहौल है और लोग मां की आराधना में लग गए हैं. पिछले कई दिनों की बारिश के बाद खिली धूम ने पूजा के उत्साह में और गरमाहट ला दी है. पूजा की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है. शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों के पूजा पंडालों में गहमा गहमी शुरू हो गई है. कई जगह तो चतुर्थी को ही पूजा पंडाल के पट खोल दिए गए हैं. कुछ के पंचमी, तो कुछ के षष्ठी में खुलेंगे. राज्यभर की पूजा समितियों ने इस बार बड़े ही उत्साह से पूजा पंडालों का निर्माण किया है. इस पर लाखों रुपए खर्च हुए हैं. कई स्थानों पर वैज्ञानिक थीम पर ऐसे अनूठे पंडाल बनाए गए हैं, जिन्हें देखकर मन खुश हो जाएगा. राज्य के हर जिले में दुर्गोत्सव की विशेष तैयारी की गई है. इसलिए हर जिले में कुछ खास देखने को मिलेगा. ज्यादातर पूजा पंडालों को बाहर से आए कलाकारों ने तैयार किया है. इस बार के ज्यादातर पूजा पंडाल पौराणिक कथाओं और वैज्ञानिक थीम पर तैयार किए गए हैं. रांची का बकरी बाजार इस बार भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनेगा. जिस चक्रव्यू को अभिमन्यू नहीं तोड़ पाए थे. उसका दर्शक श्रद्धालु कर सकेंगे. पंच मंदिर हरमू और रातू रोड के आर आर स्पोर्टिंग क्लब का पंडाल भी लोगों को खूब लुभाएगा. उधर जमशेदपुर में भी पूजा की धूम रहती है. वहां काशीडीह स्थित ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर क्लब की प्रस्तुति भी लोगों की खूब भाएगी. वहीं आदित्यपुर में प्रवीण सेवा संस्थान ने राज घरानों के धरोहरों को अपने पंडाल में समेटने का काम किया है, जो देखने लायक है. कोयलांचल में भी पूजा की खास तैयारी की गई है. शुभम संदेश की टीम ने राज्य भर के पूजा पंडालों का जायजा लिया है. पेश है रिपोर्ट.



## पुनर्जन्म का एहसास दिलाएगा रातू रोड का आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल

आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड दुर्गा पूजा पंडाल में इंसान के पुनर्जन्म की व्याख्या कर बताया गया है कि आपका कर्म कैसा होने पर आप अगले जन्म में क्या बनेंगे. क्लब दुर्गा पूजा पंडाल में इंसान के पुनर्जन्म की यात्रा के प्रसंग पर आधारित काल्पनिक प्रस्तुति देने जा रहा है. इस प्रस्तुति से समाज को सजग करने का एक संदेश दिए जाने का प्रयास है. यहां पंडाल की ऊंचाई 55 फीट तथा लंबाई 42 फीट है. इस अद्भुत और आलौकिक प्रस्तुति के साथ पूजा के अन्य सभी कार्यों के लिए कमेटी ने 55 लाख रुपए का बजट तैयार किया है. बाहुबली थीम पर तैयार आठ फीट का सिंहासन बनाया गया है, इस पर 18 फीट की प्रतिमा स्थापित की गई है. वहीं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा 10 फीट ऊंची हैं. सभी प्रतिमाएं मिट्टी से बनी हैं, जिसपर राजस्थानी रूप रंग दर्शाया गया है.



## हरमू में स्वामी नारायण का मंदिर श्रद्धालुओं को लुभाएगा

गुजरात के अहमदाबाद स्थित 201 साल पुराना स्वामीनारायण मंदिर का स्वरूप पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति हरमू में प्रस्तुत किया जा रहा है. कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण और कलाकृति इतना अद्भुत और आकर्षक है कि इसे देख अंग्रेज भी आश्चर्यचकित हो गए थे, . दुर्गा पूजा समिति 50 लाख रुपए खर्च कर इस पंडाल का निर्माण करा रही है, यह पंडाल पूरी तरह से बिट पर तैयार हो रहा हैं. मां जगदंबा की मूर्ति बड़े स्वरूप में तैयार की जा रही हैं. इसमें बंगाल से लाये गए काली मिट्टी का उपयोग किया गया है. मां पर सजने वाले सभी आभूषण स्वर्णजणित होंगे और मां के सभी हाथों में हल्के धातु के अस्त्र लगे होंगे, जो दिखने में चांदी के समान होंगे. मूर्ति की ऊंचाई 16 फीट होगी. इसके निर्माण पर 2.5 लाख खर्च आ रहें है.



## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दे रहा है रांची रेलवे स्टेशन का पंडाल

रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस बार मातृशक्ति का दर्शन होगा, जहां मां के गर्भ में पल रहे नवजात बच्ची को प्रस्तुत विभिन्न रूपों में किया जाएगा. पूजा पंडाल का निर्माण बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के थीम पर आधारित है. पंडाल के प्रवेश द्वार पर गर्भ में पल रहे बच्ची के कुल छह प्रस्तुति होंगे. पूजा पंडाल पहुंचते ही समय चक्र नजर आएगा. इसके बाद प्रवेश करते ही मां का गर्भ दिखाया जाएगा, जहां का नजारा गर्भ के समान होगा. मां दुर्गा की प्रतिमा 12 फीट ऊंचा निर्मित किया जा रहा हैं, जो 10 फीट के महिषासुर का वध करते नजर आएंगी. पंडाल की कुल अनुमानित लागत 35 लाख रुपये है. प्रवेश द्वार पर मां के आठ फीट का चरण होगा. इसके ऊपर पेट का आकार में ग्रंथ को दर्शाया जाएगा.



## धुर्वा में दिव्य आभा का अनुभव करेंगे श्रद्धालु

मां दुर्गा के नौ रूपो की पूजा होती है. इसी में एक अद्भुत आकर्षण प्रारूप केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति मोंटेसरी मैदान धुर्वा में तैयार किया जा रहा है. कमेटी के लिए यह वर्ष काफी खास है, जब वे अपने 50 में वर्ष में प्रवेश किया है. इस अवसर पर कमेटी ने मां जगदंबा की अद्भुत और अलौकिक प्रतिमा बनाने जा रही है. जिसे देखने पर मां की प्रतिमा से एक दिव्य आभा निकलने का अनुभव होगा. इस प्रतिमा की सुंदरता का चर्चा काफी जोरो पर हैं. मां की प्रतिमा सफेद मार्बल की तरह ही हैं, जिस पर सुनहरे गोल्डेन रंग सजा होगा. सिर्फ मां की आंखे काली होगी. यहां तक की मां की साड़ी भी सफेद है, जिस पर गोल्डेन रंग से जरी का काम किया हुआ रहेगा.



## बकरी बाजार में महाभारत के चक्रव्यूह का नजारा

महाभारत का चक्रव्यूह कौरवों ने रचा था. अभिमन्यु भी चक्रव्यूह के माया जाल में फंस गया था. उसी महाभारत के चक्रव्यूह को देखने का मौका इस बार श्रद्धालुओं को बकरी बाजार स्थित पंडल में मिलेगा. पिछले साल के 45 लाख के बजट को पार करते हुए इस बार 60 लाख रुपए की लागत से भारतीय नवयुवक संघ बकरी बाजार महाभारत के चक्रव्यूह की प्रस्तुति करने जा रहा है.



## धनबाद : कोयलांचल में गंगा आरती की थीम पर पूजा पंडाल

दुर्गा पूजा को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य पंडाल और मेला लगाये गए हैं. इस वर्ष धनबाद के भूली ए ब्लॉक में गंगा आरती की थीम पर पंडाल बनाया गया है . जिसमें लगभग 12 लाख का खर्च आया है. समिति के आध्यक्ष अखिलेश यादव ने बताया कि भव्य पंडाल के साथ साथ भव्य मेला भी लगाया गया है. जिसमें एक से बढ़कर एक झूले हैं. मेला में सबसे खास बच्चों के लिए स्टीमर है .उन्होंने कहा कि भूली ए ब्लॉक में 1949 से श्री श्री दुर्गा पूजा व काली पूजा समिति के द्वारा पूजा की शुरुवात की गई थी .हर वर्ष भक्तों के लिए भूली ए ब्लॉक का पंडाल आकर्षण का केंद्र रहा है. धनबाद के भूली बी ब्लॉक में चंद्रयान श्री की थीम पर पंडाल बनाया गया है .जिसकी लागत करीब 12 लाख रुपए हैं. जिसमें 6 लाख सिर्फ पंडाल के हैं . भूली बी ब्लॉक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रौशन ने बताया कि भूली बी ब्लॉक में 1950 से पूजा की जा रही है.



## चाईबासा : भव्य इस्कॉन मंदिर का प्रतिरूप

हर वर्ष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग धार्मिक स्थलों के प्रतिरूप को प्रस्तुत करने वाले गांधी टोला पूजा पंडाल में इस बार दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं को इस्कॉन मंदिर का प्रतिरूप देखने को मिलेगा. लगभग 6 लाख की लागत से बन रहे इस मंदिर के निर्माण कार्य में कोलकाता से आए पंडाल निर्माण करने वाले कलाकार इस पंडाल के निर्माण कार्य में लगे हुए हैं. श्रद्धालुओं को पंडाल के साथ-साथ आकर्षक आंतरिक सज्जा भी देखने को मिलेगा .मंदिर के भीतरी दीवारों पर थर्माकोल की पट्टियों पर देवी देवताओं के चित्र उकेरे जा रहे हैं, जो पंडाल निर्माण के बाद आंतरिक सज्ज को और भी अच्छी तरीके से प्रस्तुत करेंगे. बेहतरीन विद्युत व्यवस्था के साथ-साथ सुंदरता को लेकर अन्य संसाधनों का भी उपयोग किए जाने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु इसे देखकर मंत्र मुग्ध हो जाए. गांधी टोला पूजा पंडाल सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह बहुत बड़े खुले मैदान में स्थित है पीछे नदी का किनारा जो उसकी सुंदरता को और चार चांद लगा देते हैं.



## लातेहार : विक्टोरिया मेमोरियल का दिखेगा प्रारूप

शहर के काली मंदिर में विगत 49 वर्षों से दुर्गा पूजा बड़े ही धुमधाम से मनायी जा रही है. अगले साल काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मनायेगी. इस वर्ष भी पूजा समिति के द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल व विद्युत सज्जा की जा रही है. महासमिति के अध्यक्ष जय कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष रीतेश कुमार निक्कू ने बताया कि इस वर्ष पूजा पंडाल में कोलकाता का विक्टोरिया मेमोरियल का प्रारूप बनाया जा रहा है. बंगाल के कारिगरों के द्वारा पिछले एक 15 दिनों से दिन रात कार्य कर इसे तैयार किया गया है. बताया गया कि पंडाल निर्माण में तकरीबन तीन लाख रूपये का खर्च आयेगा. जबकि पूरे पूजा में तकरीबन पांच से छह लाख रूपये का खर्च आता है. उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों का सदस्यता शुल्क एवं नगर में चंदा कर अर्थ संग्रह किया जाता है. निक्कू ने बताया कि इस वर्ष भी पूजा पंडाल से मेन रोड में स्टेट बैंक व पानी टकीं मोड़ तक आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है. कई जगहों पर तोरणद्वार बनाये जा रहे हैं. संध्या आरती में बंगाल से ढाकी बुलाये गये हैं.

## आदित्यपुर : आदित्यपुर के बेस्ट पंडाल

- आयोजक : प्रवीण सेवा संस्थान
- थीम : राजा महाराजा के बनाये महलों, मंदिरों और धरोहरों को सहेजने के लिए प्रेरित करना.
- इंटीरियर डेकोरेशन : राजा महाराजाओं के महलों और मंदिरों के अंदर लगी देवी देवताओं की विभिन्न आकृति और झूमर से सुसज्जित. सभी डेकोरेशन थर्मोकोल और सजावटी सामग्री से किया गया है.
- बाह्य डेकोरेशन : खंडरनुमा महल, पहाड़, ऑर्गेनिक फार्म से तैयार जंगल झाड़ और सिंह द्वार.
- दक्षिण भारत का खंडरनुमा मंदिर की आकृति, मंदिर के बाह्य आवरण पर देवी देवताओं की मूर्तियां, औऱ मैकेनिकल लाइट से चलंत लाइटिंग श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है.







## चांडिल : सार्वजनीन पूजा कमेटी की व्यापक तैयारी

- चांडिल बाजार में इस वर्ष 150वां पूजा का आयोजन किया जा रहा है.
- चांडिल बाजार में देवी दुर्गा का भव्य व आकर्षक मंदिर निर्मित हैं.
- यहां पंडाल का निर्माण नहीं कर मंदिर के चारों ओर सजावट की जाती है.
- स्थान नहीं रहने के कारण यहां मेला का आयोजन नहीं किया जाता है.
- सार्वजनिक श्रीश्री नवदुर्गा पूजा कमेटी, चौका मोड़
- चौका में वर्ष 2005 से नवदुर्गा पूजा का अयोजन किया जा रहा है.
- चौका में देवी दुर्गा का भव्य मंदिर है, जहां देवी के नौ रूपों की प्रतिमा स्थापित की जाती है.
- दुर्गा पूजा के समय मंदिर के आगे तोरण द्वारा नुमा आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया जाता है.
- मंदिर के सामने मेला लगा है, जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, जंपिंग गैम, मिक्की, माउस समेत कई साधन हैं.
- मेला में खादी ग्रामोद्योग समिति की दुकान समेत खिलौने व धरेलू उपयोग के सामग्रियों की दुकान लगी हैं.



## गिरिडीह : आकर्षण का केंद्र होगा दक्षिण भारत का मंदिर

गिरिडीह के एकेडमी मैदान में दक्षिण भारत के मंदिर के प्रारूप पर पंडाल तैयार किया जा रहा है. शारदीय नवरात्र के साथ ही दुर्गा पूजा की शुरूआत हो गई है, वही गिरिडीह जिले में भी विभिन्न पूजा समितियों द्वारा पूजा की तैयारी जोरों शोरों से की जा रही है, जिले में भी कई ऐसे पंडाल हैं जहां हर वर्ष किसी न किसी थीम पर आधारित पंडाल तैयार किए जाते हैं. उनमें से ही एक शहर के स्टेशन रोड स्थित एकडमी मैदान जहां सुरो सुंदरी इंस्टीट्यूट के द्वारा पूजा का आयोजन किया गया है, पूजा कमेटी के सेक्रेटरी पंकज ताह ने बताया कि इस जगह पर सन 1942 से ही दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है, इस मैदान में दुर्गा पूजा के दौरान मेला भी लगाया जाता है, जहां बच्चों के लिए एक से बढ़कर एक झूले, बच्चों के लिए खिलौने, खाने के पकवान आदि मिलते हैं. यहां नए नए थीम पर पंडाल तैयार किए जा रहे हैं. पंडाल अथवा प्रतिमा को तैयार करने में लगभग 5 से 6 लाख रुपये का खर्च है.

## बोकारो : 165 वर्षों से बारू गांव में हो रही है दुर्गा पूजा

### एक साल से लापता दुर्गा ओझा अचानक लौट आये थे घर

कसमार, जरीडीह एवं पेटरवार प्रखंड में दर्जनों स्थानों में दुर्गापूजा का इतिहास काफी पुराना है. इनमें से जरीडीह प्रखंड के बारू गांव में दुर्गापूजा प्राचीन समय से हो रही है. बारू में 1858 में दुर्गापूजा की शुरूआत की गयी. करीब110 वर्षों तक पूजा अर्चना के बाद बारू में 2013 में भव्य दुर्गा मंदिर का निर्माण किया गया. दुर्गा पूजा की शुरुआत में एक रोचक प्रसंग और अनोखी घटना जुड़ी हुई है. समाजसेवी विजय कुमार झा के अनुसार 1857 के सिपाही विद्रोह के समय बारू गांव निवासी दुर्गा ओझा अचानक खो गये थे. परिजनों ने एक वर्ष तक काफी खोजबीन की. लेकिन उनका कोई पता नही चला. 1858 में इस गांव में देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर देवी दुर्गा की पूजा की गई तो इसके एक माह बाद ही अचानक दुर्गा ओझा गांव वापस लौटे. लोग इस घटना को दैवीय चमत्कार मानते हैं.

### अनोखी होती है महाअष्टमी पूजा

बारू गांव में दुर्गापूजा के अवसर पर महाअष्टमी में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है. खासकर गांव के तालाब से दुर्गामंदिर तक जब हजारों श्रद्धालु दण्डवत प्रणाम करते आते हैं. तब इसे देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है. महाअष्टमी में भोर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हजारों श्रद्धालु का दण्डवत मनौती पूरा करने का दौर चलता रहता है. इस गांव में शुरुआती दिनों में कुछ वर्षों तक दुर्गापूजा में बलिप्रथा का प्रचलन था. लेकिन कुछ ही वर्षों के बाद वैष्णवी मत से पूजा की शुरूआत हुई. जो अबतक जारी है.



## जमशेदपुर

**काशीडीह ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह दुर्गा पूजा कमेटी** द्वारा इस वर्ष काल्पनिक आकृति बनाई गई है. पंडाल कोलकाता के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है. पंडाल को अंदर से छोटा गुफानुमा बनाया गया है. पंडाल के अंदर लाइटिंग की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है, जिससे पंडाल के अंदर जाने पर गुफा में पअवेश करने की अनुभूति होती है.

- पंडाल निर्माण कोलकाता के कारीगरों ने किया है.
- पंडाल निर्माण व लाइटिंग पर लगभग 15 लाख रुपये का खर्च आया है.
- न्यू सिदगोड़ा दुर्गा पूजा एवं काली पूजा कमिटी द्वारा इस वर्ष छत्रपति शिवाजी महाराज के महल की अनुकृति पूजा पंडाल के रुप में बनाया गया है.
- कोलकाता के कारीगरों द्वारा पंडाल का निर्माण किया गया है.
- पंडाल के निर्माण एवं लाइटिंग में लगभग 15 लाख रुपये का खर्च आया है.

**श्री श्री रंकिणी मंदिर दुर्गा पूजा कमिटी** के 75 वर्ष के अवसर दार्जिलिंग चाय बंगाल की अनुकृति बनायी गई है. अनुकृति में रोपवे, पहाड़ो पर चलने वाली ट्रेन को भी दर्शाया गया है. वहीं अमृतकाल के अवसर पर देश में चल रही वंदे भारत ट्रेन की आकृति को भी दर्शाया गया है.

- पंडाल निर्माण में लगभग 20 लाख रुपये का खर्च आया है.
- पंडाल बनाने वाले कारीगर कोलकाता से है.
- लाइटिंग कोलकाता के चंदन नगर से मंगाया गया है.







**कदमा रानीकुदर में हिंद क्लब द्वारा पूजा पंडाल** के रुप में एक काल्पनिक आकृति बनाई गई है. जो बहुमंजिल इमारत की आकृति है. पंडाल के अंदर बांस से बहुत अच्छी कारीगरी की गई है.

- पंडाल निर्माण एवं लाइटिंग में लगभग 10 लाख रुपये का खर्च आया है.
- पंडाल निर्माण करने वाले कारीगर जमशेदपुर के है.
- लाइटिंग कोलकाता के चंदन नगर मंगाया गया है.

## हजारीबाग में शीशमहल से लेकर चंद्रयान मिशन तक के पूजा पंडाल

- हजारीबाग में शीशमहल से लेकर चंद्रयान मिशन तक के पूजा पंडाल बन रहे हैं. वहीं केदारनाथ मंदिर के थीम पर भी पूजा पंडालों को आकार दिया जा रहा है. यहां वर्ष 2015 से पूजा हो रही है.
- शारदीय दुर्गा पूजा महासमिति ग्वालटोली चौक बड़ा बाजार में चंद्रयान-3 की तरह पूजा पंडाल बनाया जा रहा है. महासमिति के उपाध्यक्ष जीतू यादव ने बताया कि इसमें करीब छह लाख रुपए खर्च किया जा रहा है.
- बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति पूजा की 23वीं वर्षगांठ मना रहा है. महासमिति के संयोजक रीतेश खंडेलवाल ने बताया कि यहां 20-25 लाख रुपए तक खर्च आएंगे. शीशमहल के प्रारूप में यहां पूजा पंडाल बनाया जा रहा है.
- केदारनाथ मंदिर की थीम पर आनंदपुरी दुर्गा पूजा समिति में पूजा पंडाल बनाया जा रहा है. यहां पूजा की 29वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है. समिति के अध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार ने बताया दो लाख रुपए खर्च आएंगे.
- यशवंतनगर दुर्गा पूजा महासमिति इस वर्ष 16वीं वर्षगांठ मना रहा है. यहां भी मिशन चंद्रयान-3 के प्रारूप पर पूजा पंडाल बनाया जा रहा है. समिति के अध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय 12 लाख का खर्च होगा.
- चौपारण पंडाल समिति की ओर से भव्य पंडाल निर्माण कराया गया है. पंडाल को राजा-महाराजा के किले का स्वरूप दिया गया है. दुर्गा पूजा समिति लगभग 100 वर्षों से दुर्गा पूजा करती आ रही है. समिति के सचिव रितेश वर्णवाल ने बताया कि पूजा पंडाल की लागत करीब 4.50 लाख रुपए की है.







## बेरमो : केदारनाथ की तर्ज पर आईईएल पूजा का पंडाल

दुर्गा पूजा शुरू हो गई है. पूजा पंडालों के निर्माण और दशहरा के सफल आयोजन को लेकर पूजा समितियों ने अच्छी तैयारी की है. शहर के पूजा पंडल लगभग तैयार हो चुके हैं. इस लेकर शहर में गहमा गहमी भी बढ़ गई है. घरों में लोग शारदीय नवरात्र में मां की उपासना कर रहे हैं. जिससे हर ओर मां की भक्ति धमक पसरी हुई है.

### 1960 से यहां पूजा होती है

गोमिया प्रखंड के आईईएल दुर्गा पूजा समिति इस बार भी मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा और पंडाल की तैयारी की है. यहां 1960 से पूजा होती है. समिति द्वारा यहां भव्य प्रतिमा और ऊंचे पूजा पंडाल का निर्माण किया जाता है. इस वर्ष आईईएल में दुर्गा पूजा आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए केंद्र बिंदु होता है. यहां शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के भी श्रद्धालु पूजा पंडाल में एक बार अवश्य पहुंचते हैं. कलश स्थापना के बाद से ही श्रद्धालु यहां पूजा और मेला का लुत्फ उठाते हैं.

### इस बार भी नया लुक

पूजा कमेटी का मानना है कि हर वर्ष यहां के पंडाल को एक नया लुक देते हैं, ताकि पूजा पंडाल में पहुंचने वाले लोगों को हमेशा आकर्षित करता रहे. इस बार दुर्गा पूजा का पंडाल प्रसिद्ध मंदिर केदारनाथ की तर्ज पर बनाया गया है. इसकी लागत करीब तीन लाख पच्चीस हजार रुपये आंकी गई है. यह पंडाल काफी सुंदर है. दुर्गापूजा को लेकर बेरमो और आसपास में गहमा गहमी बढ़ गई है .बाजारों में भी पूजा की रौनक देखी जा रही है.



# दुमका-बोकारो एयरपोर्ट से जनवरी से उड़ान भरने लगेंगे विमान

**अमित सिंह। रांची**

दुमका और बोकारो एयरपोर्ट से जनवरी 2024 से विमानों का परिचालन शुरू होगा. हालांकि भारतीय विमानपतन प्राधिकरण (डीजीसीए) ने फिलहाल दोनों एयरपोर्ट से रात में विमानों के उडा़न भरने की अनुमति नहीं दी है. यानी दोनों जगहों से दिन में ही विमान उड़ान भर सकेंगे. अंधेरा होने या विजिविलिटी लो होने पर विमानों के परिचालन पर पूर्णतः रोक रहेगी. डीजीसीए एक्सपर्ट टीम के अनुसार, दुमका और बोकारो एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) शुरू होने के बाद ही रात में विमानों को उड़ान संभव हो पाएगा. बोकारो एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 5400 फीट और दुमका एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 4000 फीट है. रनवे की लंबाई कम होने की वजह से भी रात में विमानों के उड़ान भरने में परेशानी आएगी. वैसे 31 जनवरी से पहले दोनों एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन शुरू हो जाएगा. सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए साल 2024 के शुरुआती जनवरी माह में दोनों एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे. इसे लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने तैयारी शुरू करने का निर्देश दे दिया है.




**परिचालन के लिए तैयार दोनों एयरपोर्ट :** भारतीय विमानपतन प्राधिकरण (डीजीसीए) से बोकारो और दुमका एयरपोर्ट को हरी झंडी मिल गई है. दोनों एयरपोर्ट के लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी हो गई है. एयरपोर्ट अथॉरिटी ने भी दोनों एयरपोर्ट पर अपना शत-प्रतिशत काम पूरा कर लिया है. कोलकाता स्थित डीजीसीए के क्षेत्रीय कार्यालय ने दोनों एयरपोर्ट के उदघाटन और विमानों के परिचालन को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है. बोकारो और दुमका एयरपोर्ट डीजीसीए द्वारा निर्धारित सुरक्षा पैमानों पर खरा उतरा है. इसके बाद से दोनों एयरपोर्ट पर विमानों के परिचालन की अनुमति मिली. बोकारो और दुमका से उड़ान भरने के लिए फ्लाईवीक और एलायंस एयर को डीजीसीए से अनुमति मिल गई है. बोकारो हवाई अड्डा से 70 से 80 सीटर विमान का परिचालन हो होगा.

### खास बातें

- बोकारो हवाई अड्डा से 70-80 सीटर विमान का परिचालन
- आईएलएस सिस्टम से लैश होने पर रात में भी उड़ान संभव

### बोकारो से छोटे, दुमका से उड़ सकेंगे नाइन सीटर विमान

बोकारो एयरपोर्ट से छोटे विमान और दुमका एयरपोर्ट से नाइन सीटर विमान सेवा शुरू हो सकेगी. विमान परिचालन को लेकर एयरलाइंस बिड भी हो चुका है, जिसमें दो एयरलाइंस कंपनियों ने विमान सेवा शुरू करने की अनुमति ली है. बोकारो में सरकारी कंपनी सेल की हवाई पट्टी पहले से ही थी. उसे ही उड़ान योजना के तहत एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया गया है. बोकारो और दुमका, दोनों जगह एटीसी टावर, रनवे, फायर फीट, पैसेंजर लॉबी, मेन गेट सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का काम पूरा कर लिया गया है.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- झारखंड राज्य का उत्तर से दक्षिण विस्तार कितना है – 380 किमी
- टाटा समूह कहां ईवी बैटरी सेल गीगा फैक्टरी स्थापित करेगा - यूनाइटेड किंगडम
- किसे सोमालिया में भारत का एंबेसडर नियुक्त किया गया है - नामग्या खम्पा
- ग्रोथ एंड फाइनेंस नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं – सी रंगराजन
- झारखंड की कौन नदी कीकट नाम से प्रसिद्ध है - पुनपुन
- किस राज्य सरकार ने पहली बार ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र जारी किया – राजस्थान
- कौन राज्य सरकार 948 विरासत वृक्षों के सौंदर्यीकरण का कार्य करेगी – उत्तर प्रदेश
- झारखंड की न्यूनतम महिला साक्षरता जिले का नाम क्या है - पाकुड़
- संगाई त्यौहार कहां मनाया जाता है- मणिपुर

## ब्रीफ खबरें

### गुवा-बड़ाजामदा पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**नोवामुंडी।** दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार को गुवा थाना पुलिस ने गुवा के विभिन्न जगहों गुवा बाजार, हिरजीहाटिंग, पोरस हाटिंग, गुवा से मनोहरपुर जाने वाले रास्ते डीएवी स्कूल के समीप मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया. वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों का हेलमेट, गाड़ी से संबंधित कागजात, लाइसेंस, रोड टैक्स, इंश्योरेंस, फिटनेस आदि की बारीकी से जांच की गई. यह वाहन चेकिंग अभियान पुलिस अधीक्षक चाईबासा के निर्देशानुसार किया गया. अचानक से विभिन्न जगहों पर हुई वाहन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मच गया.

### रेलवे मेंस यूनियन ने स्टेशनों का दौरा

**जमशेदपुर :** रेलवे मेंस यूनियन के संयोजक एमके सिंह एवं टाटानगर अध्यक्ष एसएन शिव के नेतृत्व में यूनियन की टीम ने विभिन्न स्टेशनों का तूफानी दौरा किया. दो दिवसीय (17-18 अक्टूबर) इस दौरे में जगह-जगह गई और कर्मचारियों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना और उनकी बातों को अधिकारियों के समक्ष रखा. राउरकेला पहुंचने पर सभी का जोरदार स्वागत हुआ. इस दौरान राउरकेला, बंडामुंडा, रौकसी, बरसूआ, बिमलगढ़, चमपाझारन, डुमेरता समेत अन्य छोटे मोटे स्टेशनों का दौरा किया और एक-एक रेलकर्मी से मिले. संयोजक एमके सिंह ने बताया कि टाटानगर से लगभग 50 की संख्या में यूनियन के सदस्य इस दौरे में शामिल थे. वहीं, बंडामुंडा के दोनों शाखाओं से भी सदस्य मौजूद थे.

### उपायुक्त के आदेश के बाद भी गड्ढों की नहीं हुई भराई
# पूजा में सड़कों पर हिचकोले खाते पंडालों तक पहुंचेंगे मां के भक्त

**संवाददाता। धनबाद**

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को मां दुर्गा के कूष्मांडा रूप की पूजा हुई. धनबाद के पूजा पंडालों में एक दिन बाद यानी गुरुवार से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो जाएगी. लेकिन शहर की ज्यादातर सड़कें बदहाल हैं. डीसी के आदेश के बाद भी सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो सका है. सड़कों की स्थिति का जायजा लेने के लिए शुभम संदेश की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया. ज्यादातर सड़कें टूटी हालत में मिलीं. कुछ स्थानों पर सड़क मरम्मत का कार्य भी चल रहा है, लेकिन रफ्तार काफी धीमी है. एक दिन बाद काम कर रहे मजदूर भी दुर्गा पूजा मानने अपने घर चले जायेंगे. ऐसे में काम भी बंद होना तय है. यानी इस साल माता के भक्तों को हिचकोले खाते हुए पूजा पंडाल तक पहुंचना पड़ेगा.

**धनबाद-बरवा मार्ग का नहीं हो सका समाधान :** शहर को जीटी रोड से जोड़ने वाले धनबाद-बरवा मार्ग पर रानीबांध तालाब के समीप जल जमाव का स्थाई समाधान अभी तक नहीं हो सका है. सड़क किनारे अभी भी जलजमाव की स्थिति है. सड़क की ऊंचाई बढ़ाने का काम भी अधूरा है. बस डिपो से बरवड्डा के बीच सड़क से नाली के पानी की निकासी के लिए तीन पुलिया का निर्माण हो रहा है. काम अधूरा पड़ा है और सड़क पर मिट्टी के टीले खड़े कर दिए गए हैं. 5.5 किलोमीटर की इस सड़क पर 40 से अधिक गड्ढे हैं. पीच वाली नई सड़क भी बन रही है, लेकिन अभी अधूरी है. इस मार्ग के आसपास 40 हजार से ज्यादा की आबादी निवास करती है.



जर्जर सड़क .

> सिर्फ गड्ढे भरना हमलोगों का काम नहीं है. इसके अलावा भी कई काम हैं. शहर में सिर्फ पथ निर्माण विभाग ही सड़कों का निर्माण नहीं कराता है. कई और विभाग भी यह काम करते हैं. इसका खुद पता लगाइए. वैसे, हमार हिस्से का जो काम है, हमलोग कर रहे है. डीसी के आदेश का पालन किया जा रहा है.
>
> **दिनेश प्रसाद, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग**

### जयप्रकाश नगर में गढ्ढों के बीच है सड़क

जयप्रकाश नगर मोड़ से बिशनपुर तक सड़क काफी जर्जर है. यूं कहें कि गढ्ढों के बीच सड़क है. डिनिबिली स्कूल तक स्थिति सबसे ज्यादा खराब है. इसके आगे भी हर कदम पर सड़क टूटी हुई है. इसके अलावा करीब आधा दर्जन ठोकर हैं. हर साल नई सड़क बनने की सिर्फ चर्चा होती है, लेकिन अभी तक न तो सड़क बनी, न ही मरम्मत हुई. 20 हजार से अधिक आबादी इस इलाके में रहती है, जो अलग-अलग पूजा पंडालों में मेला घूमने जाती है. दुर्गा पूजा में इन्हे भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा.

### इन स्थानों पर भी नहीं हुई गड्ढों की भराई

रणधीर वर्मा चौक से हीरापुर के रास्ते बरमसिया ब्रिज, टीसी कंपाउंड, मनईटांड़ तक तीन किमी की सड़क में 21 जगहों पर छोटे-बड़े गड्ढे है. इसके अलावा गोल बिल्डिंग मनईटांड़ से पुराना बाजार के रास्ते हावड़ा मोटर, पानी टंकी, बैंकरोड होकर बिरसा मुंडा चौक बैंकमोड़ तक दो किमी के रास्ते में 7 जगहों पर छोटे-बड़े गड्ढे नजर आए. गेल इंडिया ने भी गैस पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क किनारे गड्ढ़े छोड़ दिए हैं. इससे लोगों को पूजा पंडाल तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा.

### दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**पलामू।** प्रमंडल में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है. प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां की गई है. लोक भावनाओं को आहत करने एवं सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. यह बातें प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल और जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा ने कही. दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर आईजी सभागार में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया. आयुक्त और आईजी ने बताया कि पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा.

# शांति व्यवस्था के मद्देनजर निकाला गया फ्लैग मार्च



**संवाददाता। बालूमाथ**

दुर्गापूजा में शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार व सीओ आफताब आलम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. बालूमाथ थाना परिसर से फ्लैग मार्च शुरू हुआ, जो एनएच 22 में थाना चौक, न्यू बस स्टैंड होते हुए दुर्गा मंडप, गालिब कॉलोनी, बाजार टांड, जामा मस्जिद चौक, तेली टोला, देवी मंडप रोड, चेक नाका, शहीद चौक समेत पूरे शहर का भ्रमण किया. फ्लैग मार्च में पुलिस अवर निरीक्षक कुबेर साव, नीतीश कुमार, सुबोध कुमार, दुती कृष्णा महतो, सहायक अवर निरीक्षक एसके शर्मा, संजय कुमार चौधरी समेत भारी संख्या में पुलिस जवान एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए. फ्लैग मार्च के दौरान पूजा पंडालों का भी निरीक्षण किया गया.

# 'थानेदार दुरुस्त रखें व्यवस्था'

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने जिले के सभी थानेदारों को दुर्गा पूजा पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है. पंडालों व आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की हिदायत दी है. एसएसपी बुधवार को अपने कार्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर रहे थे. पूजा के दौरान सभी पंडाल व मेला स्थलों पर निगरानी करने व पुलिस बलों को सुव्यवस्थित तरीके से गाइड करने के लिए थानेदारों को दिशा निर्देश दिय.

एसएसपी ने कहा कि पंडालों व मेला में महिलाओं के साथ छेड़खानी रोकने व आसामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में पुलिस तैनात रहेगी. दुर्गापूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराना हमारी पहली प्राथमिकता है. उन्होंने विसर्जन के दौरान भी विधि-व्यवस्था बनाने रखने के लिए निर्देश दिए.



### एसडीओ बोले - जांच अभियान चलाएं सीओ

उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में सभी सीओ के साथ बैठक की. अंचल अधिकारियों को को अपने-अपने क्षेत्र में कोयला का अवैध खनन, भंडारण व ट्रांसपोर्टेशन की रोकथाम के लिए लगातार जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया. .साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराने, पूजा पंडाल में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया.

# पीएल एकाउंट के बदले बैंकों में जमा होगी विधायक फंड की राशि

**विशेष संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने विधायक फंड के तहत मिलने वाले विकास योजनाओं की राशि को लैप्स होने से बचाने के लिए अब इसे पीएल खाते में डालने के बजाए राष्ट्रकृत बैंकों में जमा कराएगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को बुधवार को हेमंत सरकार की कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान की गयी. अब चली आ रही व्यवस्था को सरकार ने खत्म करने का निर्णय लिया है. वर्तमान में राज्य में लंबत एसी-डीसी बिल के समायोजन एवं पीएल खातों में चेक व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय लिया है. अब सरकार ने विधायक फंड की राशि को कोषागार संहिता के नियम को शिथिल करते हुए आवंटित राशि की निकासी कर राष्ट्रीयकृत बैंक खातों में संधारित करने की मंजूरी प्रदान की है. सरकार ने पेयजल विभाग के तहत कार्य कर रहे राज्य की सहियाओं के बकाए मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि देने के लिए 11024.91 लाख रुपये की मंजूरी प्रदान की है. बतातें चलें कि इनका बकाया मार्च 2022 है. इसको लेकर सहिया लगातार आंदोलनरत हैं.



**पेंशन राशि सरकार वित्तीय संस्थान में करेगी निवेश :** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने एक और अहम निर्णय लिया है. सरकार ने राज्य के अफसरों एवं कर्मियों को ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किया है. अब इसके तहत जमा हो रहे राशि को सरकार विभिन्न वित्तीय संस्थानों में निवेश करेगी.

**धोती-साड़ी पीडीएस दुकान तक पहुंचाने के लिए मिलेंगे प्रति वस्त्र 2 रुपये परिवहन भत्ता :** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत जनवितरण प्रणाली की दुकानों से लाभुकों को मिलता है. इसको लेकर वाहन चालक परिवहन भत्ता की मांग कर रहे थे. सरकार ने इसको लेकर एक अहम निर्णय लिया है. सरकार अब धोती-साड़ी को प्रखंड मुख्यालय से जनवितरण प्रणाली की दुकानों तक वस्त्रों को पहुंचाने के लिए प्रति वस्त्र 2 रुपये परिवहन भत्ता देगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है.

**भारत बंद 2018 के दौरान लालपुर थाना में दर्ज चार युवक-युवतियों का केस होगा वापस :** राज्य सरकार ने भारत बंद 2018 के दौरान हुई प्रदर्शन की घटना के दौरान लालपुर थाना में चार युवक-युवतियों पर केस दर्ज हुआ था. सरकार इसको लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है.

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन झारखंड अभियंत्रण / बहुप्रावैधिकी सेवा संवर्ग (ग्रुप 'ख' एवं 'ग'तकनीकी अराजपत्रित पद) सेवा नियमावली, 2023 की स्वीकृति.
- झारखंड के जेल अस्पतालों के पारा चिकित्सा कर्मी संवर्ग भर्ती, प्रोन्नति संसोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति
- राज्य के राजकीय विश्वविद्यालयों, अंगीभूत महाविद्यालयों में जेसीएसटी एंड आई में राज्य के उत्तीर्ण छात्रों को एक वर्ष का ग्रैजुएट और तकनीकी एप्रेटिंस का प्रशिक्षण मिलेगा.
- झारखंड अवर मत्स्य सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली-2023 की स्वीकृति.
- वित्त विभाग के अधीन संचालित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के सुदृढ़ीकरण के लिए उच्च तकनीकी कुशलता प्राप्त प्रोफेशनल को संविदा के आधार पर तकनीकी विशेषज्ञ पदाधिकारी के रूप में नियोजित करने की स्वीकृति
- राज्य सरकार द्वारा विभिन्न वित्तीय संस्थान जैसे हुडको, आरईसी और एनसीडीसी से उच्च ब्याज दर पर लिये गये ऋणों का समय से पूर्व भुगतान करने की स्वीकृति.
- बीआरपी एवं सीआरपी के मानदेय मद में अतिरिक्त व्यय भार के लिए राज्य योजना मद से करने की स्वीकृति.
- ई गर्वनेंस के लिए झारखंड सरकार और यूआईडीएआईके बीच एग्रीमेंट को अगले तीन साल तक रेन्यूवल करने की स्वीकृति
- उद्योग विभाग के अधीन हस्तकरघा प्रक्षेत्र के तकनीकी संवर्ग में भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्तों के लिए गठित नियमावली 2013 में संशोधन करने की स्वीकृति.
- झारखंड विधानसभा में हुए नियुक्तियों एवं प्रोन्नति में बरती गयी अनियमितताओं के जांच प्रतिवेदन अब आयोग सरकार को सौंपेगी.
- झारखंड राज्य वाणिज्य-कर विभाग लिपिकीय सेवा संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्तें) नियमावली-2023 गठित करने की स्वीकृति.
- सुंदर पहाड़ी -एनएच-333 ए-चंदना- दामा -जमकुदार-अगियामोड़ पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण 80, 81, 65, 600 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति
- केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्न का हथालन परिवहन एवं डीलर मार्जिन योजना के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में झारखंड आकस्मिकता निधि से केंद्रांश में रुपये 96.65 करोड़ के अतिरिक्त बजट उपबंध की स्वीकृति..
- मालभिठा - लखीपुर पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 33,92,10,700 रुपये की स्वीकृति.
- रतनपुर - राजपोखर को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य के लिए 55,77,24,000 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति.
- करमाटांड पथ भाया सिन्नी - इमलीटांड़ पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण व मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य के लिए 67,94,33,000 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति.
- डुडंग-बसभन - डुमरा - मनोहरपुर-महताबेड़ा - हुडु – कुनामरचा - जंगलावात - पथ हातनडा- कालाझोड़ तक पथ ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए मजबूतीकरण, चौड़ीकरण / पुनर्निर्माण कार्य के लिए 53,20,06,600 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति.

# कब हटेगा आयरन ओर : कोर्ट

**रांची।** सारंडा जंगल में खुदाई के बाद रखे गए आयरन ओर व अवैध खनन के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार के जवाब को अस्पष्ट बताते हुए चार सप्ताह में दोबारा शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई.

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि कोर्ट यह जानना चाहता है कि खनन कर रखे गए आयरन ओर को कब तक हटाया जाएगा, लेकिन सरकार के जवाब में इस पर कुछ भी नहीं कहा गया है.

जिसके बाद अदालत ने सरकार को आयरन ओर हटाकर अदालत के समक्ष रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया. अगली सुनवाई के लिए अदालत ने छह दिसंबर की तिथि निर्धारित की है. इस संबंध में विधायक विधायक सरयू राय ने जनहित याचिका दायर की है.

# झारखंड के 23 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**संवाददाता। रांची**

सरकार ने झारखंड के 23 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है. इनमें से 13 आईपीएस ऐसे हैं, जो पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थे. इसके अलावा 10 ऐसे अधिकारी थे जिनको डीएसपी से एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली थी, लेकिन उन्हें एसपी रैंक के पद पर कहीं प्रतिस्थापित नहीं किया गया था. इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार की देर शाम जारी कर दी गई है.

### कौन कहां गए

| कहां थे | कहां गए |
|---|---|
| 1-प्रतीक्षारत चंदन झा | झारखंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पद्मा हजारीबाग |
| 2. प्रतीक्षारत अनुरंजन किस्पोट्टा | एसपी सीआईडी |
| 3.प्रतीक्षारत अंजनी झा | एसीबी एसपी |
| 4 . प्रतीक्षारत अंबर लकड़ा | जैप 3 कमांडेंट गोविंदपुर |
| 5. प्रतीक्षारत आनंद प्रकाश | वायरलेस एसपी रांची |
| 6 प्रतीक्षारत प्रभात कुमार | जैप 6 कमांडेंट जमशेदपुर |
| 7. प्रतीक्षारत एहतेशाम वकारिब | एसीबी एसपी रांची |
| 8. प्रतीक्षारत आर रामकुमार | एससीआरबी एसपी रांची |
| 9. प्रतीक्षारत अमित रेनू | एसपी नक्सल झारखंड |
| 10. प्रतीक्षारत कुमार गौरव | रांची ट्रैफिक एसपी |
| 11. प्रतीक्षारत मुकेश कुमार लुनायत | जमशेदपुर सिटी एसपी |
| 12. प्रतीक्षारत मनोज स्वर्गीयारी | रेल एसपी धनबाद |
| 13 प्रतीक्षारत शुभांशु जैन | स्पेशल ब्रांच एसपी रांची |
| 14 नवनियुक्त आईपीएस सरोजिनी लकड़ा | जैप 2 कमांडेंट टाटीसिलवे रांची |
| 15 नवनियुक्त आईपीएस एलमेड़ा एक्का | एसआईआरबी 2 कमांडेंट खूंटी |
| 16 नवनियुक्त आईपीएस सादिक अनवर रिजवी | एसीबी एसपी रांची |
| 17. नवनियुक्त आईपीएस अरविंद कुमार सिंह | जैप 5 कमांडेंट देवघर |
| 18. नवनियुक्त आईपीएस विकास कुमार पांडेय | अधीक्षक सह उपनिदेशक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग |
| 19. नवनियुक्त आईपीएस विजय आशीष कुजूर | सीटीसी एसपी मुसाबनी |
| 20. नवनियुक्त आईपीएस अजय कुमार सिन्हा | सीआइडी एसपी |
| 21. नवनियुक्त आईपीएस सहदेव साव | एसीबी एसपी रांची |
| 22. नवनियुक्त आईपीएस अमित कुमार सिंह | एसपी होमगॉर्ड रांची |
| 23. नवनियुक्त आईपीएस मुकेश कुमार | एसआईएसएफ कमांडेंट बोकारो |

**इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध** मुस्लिम मजलिस उलेमा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्ला ने कहा

# 'युद्धविराम के लिए मध्यस्थता की पहल करें राष्ट्रपति'

**संवाददाता। रांची**

मुस्लिम मजलिस उलेमा इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी ने कहा कि मौजूदा हालात से दुनिया चिंतित है. शासक वर्ग दर्शक बन गया है और फिलिस्तीनी लोगों को मरने के लिए असहाय छोड़ दिया है. दुनिया के सामने तीसरे युद्ध के हालात पैदा करने के लिए सिहूनी शक्तियों ने अपने हथियार के रुख निर्दोष फिलिस्तीनियों की ओर बढ़ा दिए हैं. यदि दुनिया के शासक इसी तरह तमाशबीन बने रहेंगे और दोनों देशों के बीच युद्ध विराम और सुलह की भूमिका नहीं निभाएंगे, तो दुनिया तीसरे युद्ध की ओर धकेल दी जाएगी और लाखों लोगों को मौत की सजा दी जाएगी.



**मनुष्य के बीच न्याय न हो तो यह संसार नर्क बन जाएगा :** दुनिया ने पहला और दूसरा विश्व युद्ध देखा है. इतिहासकार इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि यदि मनुष्य के बीच न्याय न हो तो यह सारा संसार नर्क बन जाएगा, जहां जानवरों के लिए भी सांस लेना मुश्किल हो जाएगा. दुनिया की वैश्विक शक्तियां अपने हथियारों की खरीद-फरोख्त के लिए ऐसे युद्ध का कारण बनाती हैं. फिर वे दरवाजे के पीछे बैठकर अपनी दुकान चमकाने लगती हैं. दूसरे शब्दों में कहें तो हर देश महाशक्ति बनने का सपना देखने लगता है और अनगिनत खतरनाक हथियारों की आपूर्ति कर मोटा पैसा कमाने के लिए उत्साहित हो जाता है.

### क्या कहा

- दुनिया की मौजूदा स्थिति है चिंताजनक
- दुनिया के सामने तीसरे विश्वयुद्ध के हालात

### समस्याओं का समाधान युद्ध नहीं

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और भारत ने हमेशा दबे-कुचले, कमजोर, बेसहारा और असहाय लोगों का साथ दिया है. मौजूदा सबसे गंभीर स्थिति में भारत के राष्ट्रपति को दोनों देशों के बीच युद्धविराम और मानवाधिकारों की बहाली के लिए मध्यस्थता करने की पहल करनी चाहिए. भारत के लोग दुनिया के सामने बापू के रास्ते पर चलकर दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि समस्याओं का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि आपसी शांति और बातचीत है. उत्पीड़ित फिलिस्तीनी लोग 75 वर्षों से इजरायली उत्पीड़न के शिकार हैं. भारत ने हमेशा फिलिस्तीनियों के वैध अधिकारों की बहाली की वकालत की है और हरसंभव सहयोग प्रदान कर रहा है.

### मोर्चा ने रेल मंत्रालय को दिया धन्यवाद

**मनोहरपुर।** कोरोना काल के दौरान बंद यात्री ट्रेनों का परिचालन शुरू करने पर जनहित संघर्ष मोर्चा मनोहरपुर, आनंदपुर इकाई ने रेल मंत्रालय को धन्यवाद दिया है. उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान मनोहरपुर स्टेशन में पैसेंजर ट्रेन, एक्सप्रेस ट्रेन बंद कर दी गई थी. इससे मनोहरपुर एवं आनंदपुर के लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा था.

जिला मुख्यालय जाने एवं पढ़ने लिखने वाले छात्र-छात्राओं को सुबह जाने एवं शाम को आने के लिए कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं थी. इसके लिए जनहित संघर्ष मोर्चा मनोहरपुर आनंदपुर के तत्वावधान में जिला परिषद, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड मेंबर, मुंडा एवं प्रमुख नागरिकों द्वारा मिलकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था.

## ब्रीफ खबरें

### पैतृक गांव पहुंचा पूर्व मंत्री का पार्थिव शरीर

**रोहतास।** पूर्व मंत्री रामधनी सिंह का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव करगहर पहुंच गया है. बता दें कि रामधनी सिंह का मंगलवार को पटना के एक अस्पताल में निधन हो गया था. इसके बाद सरकार ने राजकीय सम्मान के साथ उनके अंतिम संस्कार की घोषणा की है. दरअसल मंगलवार देर शाम रामधनी सिंह का पार्थिव शरीर करगहर पहुंचा तो सैकड़ों की संख्या में लोग उनके दर्शन के लिए पहुंच गए. रामधनी के निधन पर सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने शोक जताया है उनके निधन से राजनीति गलियारे में शोक की लहर है.

### किशोरी ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**नवादा।** नवादा में इंटर की छात्रा ने बुधवार को क्लास रूम में सुसाइड कर लिया है. छात्रा के क्लास रूम में सुसाइड करने की सूचना के बाद स्कूल एवं आस-पास के इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गयी है. वहीं छात्रा ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है. मामला नवादा जिले के शाहपुर ओपी थाना क्षेत्र के लाल बीघा हाई स्कूल का है. मृतक छात्रा शाहपुर ओपी थाना क्षेत्र के संजय कुमार की बेटी साक्षी कुमारी है.साक्षी 11 वीं की छात्रा है. फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है.

### जीजा ने साली को मारा चाकू, घायल

**लखीसराय।** लखीसराय में युवती पर चाकू से हमला कर उसे जख्मी करने का मामला आया है. मेदिनी चौकी थाना के अंतर्गत देवघरा चंद टोला गांव में मंगलवार रात को जागेश्वर महतो का पुत्र नरेश महतो अपनी पत्नी को घर ले जाने ससुराल पहुंचा गया. जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया. वहीं बीच बचाव करने आयी साली को सिरफिरे जीजी ने चाकू से गोद कर घायल कर दिया. युवती को लखीसराय सदर अस्पताल लाया गया. जहां मौजूदा डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेज दिया है. युवती की हालात नाजुक बताई जा रही है.

# ओसामा शहाब को 14 दिनों की कस्टडी में भेजा

**संवाददाता। सिवान**

पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के पुत्र ओसामा शहाब को बुधवार को सिवान के सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायालय से उन्हें बड़ा झटका लगा है. ओसामा को 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है. उन्हें सिवान के मंडल कारा ले जाया गया है. वहीं ओसामा के वकील के द्वारा जमानत अर्जी दाखिल की गयी थी, जिस पर कल सुनवाई होने की बात बताई जा रही है. बता दें कि राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार ओसामा शहाब को हुसैनगंज थाने की पुलिस सड़क के माध्यम से सिवान लेकर आई थी. जैसे-जैसे बिहार नजदीक आता गया, लगभग सैकड़ों गाड़ियों का काफिला



ओसामा शहाब के पीछे चलता रहा. ओसामा के व्यवहार न्यायालय सिवान पहुंचने पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई.

प्रशासन भी कोर्ट परिसर में पूरी तरह से मुस्तैद था. पहले से ही काफी ज्यादा संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई थी. उसके बाद ओसामा शहाब को एसीजेएम 9 के समक्ष पेश किया गया है, जहां आज सुनवाई का आदेश करते हुए फिलहाल और ओसामा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

शहाब को न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद उनके समर्थकों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है. समर्थक अजय भास्कर चौहान ने बताया कि ओसामा शहाब को राजनीति के तहत फंसाया गया है. यह साफ है कि जिस दिन घटना हुई, उस दिन ओसामा दिल्ली में थे.

### जमीन विवाद में फायरिंग 2 को लगी गोली, एक मरे

**नालंदा।** नालंदा में जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में दो भाइयों को गोली लग गई. घटना में एक भाई की मौत हो गई तो वहीं दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसका इलाज चल रहा है. घटना जिले के नगर थाना क्षेत्र के टिकुलीपुर मोहल्ले स्थित बिहार क्लब के पीछे की है, जहां दो गोतिया के बीच आपसी जमीनी विवाद में गोलीबारी हुई. इस दौरान दो सहोदर भाइयों को गोली लगी जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है. मृतक की पहचान उमेश प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र विनय बिहारी के रूप में हुई है वहीं घायल युवक का नाम गणेश कुमार है. बताया जाता है कि दो गोतिया के बीच 10 कट्ठा जमीन को लेकर जारी विवाद में गोली चली है.

## आओ जानें

### बिहार कई ऐतिहासिक क्षेत्रों से मिलकर बना

- वर्तमान बिहार विभिन्न एतिहासिक क्षेत्रों से मिलकर बना है. बिहार के क्षेत्र जैसे-मगध, मिथिला और अंग-धार्मिक ग्रंथों और प्राचीन भारत के महाकाव्यों में वर्णित हैं.
- यह सबसे दु:ख की बात है की भारत के सभी राज्यो में बिहार की अर्थव्यवस्था सबसे बुरी है, 2014 के रिपोर्ट के मुताबिक बिहार अर्थव्यवस्था में सबसे पीछे था और भारत का सबसे गरीब राज्य भी कहा जाता है.
- सिक्खों के दसवें गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म बिहार की राजधानी पटना में हुई थी. गुरु गोविंद सिंह के जन्म स्थान होने के कारण पटना में उनकी जयन्ती काफी श्रद्धा पूर्ण तरीके से मनाया जाता है.
- बिहार ने हिंदी को अपनी राज्य भाषा का दर्जा दिया है. इसके साथ ही साथ उर्दू को भी बिहार की द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है.
- सन 1936 में बिहार से उड़ीसा राज्य को विभाजित करके एक स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिया गया. फिर 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य को भी विभाजित करके एक स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिया गया.

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चौथे कृषि रोडमैप का किया शुभारंभ

# राष्ट्रपति पद से मुक्त होने के बाद गांव जाकर करूंगी खेती : मुर्मू

**संवाददाता। पटना**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को पटना के बापू सभागार में राज्यपाल और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में चौथे कृषि रोडमैप का शुभारंभ किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति पद से मुक्त होने के बाद अपने गांव जाकर खेती करूंगी. उन्होंने कहा कि बिहार भी मेरा राज्य है. यहां कभी मेरे पूर्वज रहते थे. मैं किसान की बेटी हूं. कृषि रोडमैप की सारी जानकारी मुझे लेनी है.

राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि बिहार की प्रमुख फसल से एथेनॉल का उत्पादन किया जा रहा है. यह देश के ऊर्जा संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम है. सब्जियों और फलों का उत्पादन भी आर्थिक और पर्यावरण दृष्टिकोण से अच्छी पहल है. यहां कई तरह की सब्जियां भी प्रचुर मात्रा में उत्पादित की जाती हैं. मुर्मू ने कहा कि बिहार भगवान बुद्ध की धरती है, जिन्होंने संपूर्ण मानवता को शांति और सद्भाव का पाठ पढ़ाया. आप इस पावन धरती के वासी हैं. इसलिए आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि आप आप एक ऐसे समाज का आदर्श प्रस्तुत करेंगे, जिसमें देश में कलह की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए. कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है.

इससे पहले राष्ट्रपति को कृषि रोडमैप का प्रजेंटेशन दिया गया, जिसमें बताया गया कि पीपीपी मोड में खेती की जाएगी. इसपर बिहार सरकार की ओर से अगले पांच साल में 01 लाख 62 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. इसके साथ यह लक्ष्य रखा गया है कि 2025 तक हर खेत में पानी पहुंचाया जाए.



#### बिहार को कई पुरस्कार भी मिले हैं

बिहार को दूसरे किसी रोड मैप में कई पुरस्कार भी मिले. 2012 में चावल उत्पादन के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार मिला. 2013 में गेहूं उत्पादन के क्षेत्र में कृषि कर्मण पुरस्कार मिला. 2016 में मक्का के उत्पादन के क्षेत्र में कृषि कर्मण पुरस्कार. तीसरा कृषि रोडमैप 2017 में लागू किया गया. कोरोना काल के कारण रोडमैप को एक साल बढ़ाया गया. तीसरे कृषि रोड मैप में ऑर्गेनिक खाद पर जोर दिया गया. किसानों को खेतों तक बिजली पहुंचाने में सरकार सफल रही. इसमें बिहार में हरित पट्टी बढ़ाने पर जोर दिया गया. राज्य में फिलहाल 15 प्रतिशत हरित पट्टी है.

### दुकान बंद कर घ जाते समय ही अपराधियों ने किया हमला

# अपराधियों ने बुजुर्ग को मारी गोली

**संवाददाता। मुजफ्फरपुर**

**खास बातें**
- घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के सहबाजपुर के पास की है
- तीन साल पहले इनके बेटे की भी हत्या हो गई थी

मुजफ्फरपुर में बेखौफ अपराधियों ने एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी. आनन-फानन में स्थानीय लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान सहबाजपुर निवासी भोला ठाकुर (52) के रूप में की गई है. पुलिस का कहना है कि तीन साल पूर्व (28 जुलाई) अपराधियों ने इनके बेटे की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी. घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के सहबाजपुर स्थित लीची बगान के पास की है.

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सहबाजपुर के पंचायत भवन के पास भोला ठाकुर की किराना की दुकान है. बेटे की हत्या के बाद दुकान पर वही बैठते थे. मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे. दुकान और घर के बीच एक लीची बगान है. भोला ठाकुर उसी रास्ते से घर जा रहे थे, तभी पूर्व से घात लगाये अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलने पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ अस्पताल में जमा हो गई. सूचना मिलते ही अहियापुर थानेदार रोहन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है. घटना को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है.

### थाना प्रभारी पर बदमाशों ने किया हमला, भर्ती

**नवादा ।** नवादा में ड्यूटी पर निकले थानेदार पर उपद्रवियों ने बुधवार को हमला कर दिया और थानेदार को भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी. हमले में घायल थानेदार ने अस्पताल आकर अपना इलाज करवाया है. वहीं पुलिस अब उपद्रवियों की पहचान कर कार्रवाई में जुटी है. यह घटना नवादा जिले के रजौली बस स्टैंड के समीप की है. जहां बुंदेलखंड ओपी थाना के थानेदार शहरयार खान पर उपद्रवियों ने हमला बोल दिया. इस हमले में बुंदेलखंड ओपी थानाध्यक्ष चोटिल हो गए है.

### चर्चित हत्याकांड का 3 साल बाद आया फैसला

# कोर्ट ने 5 आरोपियों को दी आजीवन कारावास की सजा

**संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में परिवार की हत्या मामले में बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय ने तीन साल पूर्व 4 लोगों की हुई नृसंश हत्या मामले में शामिल 5 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है. इन आरोपियों में वीरेंद्र पासवान उर्फ वीरेन, चंदन पासवान उर्फ टुनटुन, प्रदीप पासवान, महेंद्र पासवान और राम प्रवेश पासवान शामिल है. मृतक परिवार शिक्षक थे. जिसमें पति रवि कुमार, पत्नी नेहा कुमारी और इनके दो संतान शामिल थे. यह हत्या की घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर मोहल्ले में हुई थी. जमीन हथियाने के लिए रिश्तदारों ने ही मिलकर 2 अक्टूबर 2020 में घटना को अंजाम दिया था. इस मामले में एडीजे छह धीरज कुमार भास्कर ने हत्या में शामिल 5 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है.

## कारोबार

### मधुमेह रोगियों के नयी दवा आई बाजार में

**नयी दिल्ली।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने मधुमेह के इलाज के लिए तीन-निश्चित खुराकों (एफडीसी) वाली एक दवा पेश की है. मुंबई की इस दवा कंपनी ने बुधवार को कहा कि जिटा ब्रांड नाम वाली इस दवा में टेनेलिग्लिप्टिन, डेपाग्लिफ्लोजिन और मेटफॉर्मिन का संयोजन किया गया है. कंपनी का दावा है कि यह दवा टाइप-2 मधुमेह रोगियों में ग्लाइसेमिक को नियंत्रण में रखने में मदद करेगी. ग्लाइसेमिक से पता चलता है कि भोजन में मौजूद कार्बोहाइड्रेट से खून में शर्करा की मात्रा किस अनुपात में बढ़ती है. दवा की कीमत 14 रुपये प्रति टैबलेट (प्रति दिन) रखी है.

### लेक्सस अगले महीने से कीमतें बढ़ा सकती है

**नयी दिल्ली।** लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी लेक्सस लागत बढ़ने और डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आ रही गिरावट को देखते हुए अगले महीने से वाहनों की कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही है. लेक्सस भारत में छह मॉडलों की बिक्री करती है जिनकी कीमत 62 लाख रुपये से तीन करोड़ रुपये तक है. जापानी वाहन विनिर्माता टोयोटा की लग्जरी कार इकाई लेक्सस ने भारतीय बाजार में अपने सातवें मॉडल लेक्सस एलएम के लिए ऑर्डर लेने भी शुरू कर दिए हैं. लेक्सस इंडिया के अध्यक्ष नवीन सोनी ने कहा, लागत मूल्य बढ़ रहा .

### सीएसआर से 10 लाख लोग लाभान्वित

**नयी दिल्ली।** हरित ऊर्जा में सक्रिय कंपनी रिन्यू ने बुधवार को कहा कि जलवायु शिक्षा, स्कूलों में बिजली पहुंचाने और जल संरक्षण की दिशा में किए गए कंपनी के प्रयासों के तहत करीब 10 लाख लोगों को लाया जा चुका है. घरेलू कंपनी रिन्यू ने बयान में कहा कि कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत चलाए गए उसके कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों के अनुरूप हैं. इनके जरिये समावेशी एवं समानता वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, लैंगिक समानता हासिल करने का प्रयास किए गए हैं.

### वर्ल्ड फूड इंडिया का आयोजन तीन नवंबर से

# सरकार को 75,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलने की उम्मीद

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सरकार को 'वर्ल्ड फूड इंडिया' के दूसरे संस्करण में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 75,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलने की उम्मीद है. 'वर्ल्ड फूड इंडिया' के दूसरे संस्करण का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में तीन से पांच नवंबर तक किया जा रहा है. इसके पहले संस्करण का आयोजन 2017 में हुआ था. लेकिन उसके बाद के वर्षों में कोविड-19 महामारी की वजह से इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका था.

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बुधवार को बताया, हमने प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) से यहां प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई)-2023 का उद्घाटन करने का अनुरोध किया है. समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मौजूद रहेंगी. उन्होंने कहा कि देश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की काफी संभावनाएं हैं. कुछ कंपनियां पहले ही सांकेतिक रूप से




निवेश प्रतिबद्धता जता चुकी हैं जिसकी घोषणा वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 के दौरान की जाएगी. मंत्री ने कहा, रणनीतिक कारणों से चीन को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 16 देश, 23 राज्य सरकारें, 11 केंद्रीय मंत्रालय और केंद्रीय निकाय भाग लेंगे. इसमें 950 प्रदर्शकों और 75,000 आगंतुकों के आने की संभावना है. उन्होंने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 के लिए नीदरलैंड भागीदार देश होगा, जबकि जापान और वियतनाम केंद्रित देश होंगे. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में अतिरिक्त सचिव मिन्हाज आलम ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि विभिन्न कंपनियों से पहले ही करीब 642 करोड़ रुपये के सांकेतिक निवेश की प्रतिबद्धता मिल चुकी है. इसके अलावा कुछ विदेशी कंपनियों ने भी मौखिक रूप से निवेश का भरोसा दिलाया है. आलम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम इस बार 75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की उम्मीद कर रहे हैं. वर्ल्ड फूड इंडिया के पहले संस्करण में मिली निवेश प्रतिबद्धताओं पर उन्होंने कहा, हमें 75,000 करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं मिली थीं.

### आईबीएम का सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ हुआ करार

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

अमेरिका की दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के साथ सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वॉन्टम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में बुधवार को तीन समझौते किए. यह कदम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि भारत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए निर्णायक कदम उठा रहा है. कंपनी ने मंत्रालय के साथ सेमीकंडक्टर, कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वॉन्टम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ये प्रौद्योगिकियां भविष्य की तकनीक का आकार तय करेंगी. इनके जरिये अकादमिक, स्टार्टअप और नवोन्मेषी पारिस्थितिकी तंत्र में काफी अवसर उपलब्ध होंगे.







नई दिल्ली में अपनी आगामी फिल्म सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो का प्रचार करतीं बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री, राधिका मदान और निम्रत कौर.

**बैठक** इस परियोजना का निर्माण एक भारतीय कंपनी कर रही है

# पनबिजली से संबंधित मुद्दों को हल करेगी नेपाल सरकार

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल सरकार देश की सबसे बड़ी 900 मेगावाट की अरुण-तीन पनबिजली परियोजना के प्रवेश मार्ग से संबंधित मुद्दों को सुलझाने का प्रयास कर रही है. नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में यह फैसला किया गया कि इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित मुद्दों का जल्द से जल्द हल जरूरी है. इस परियोजना का निर्माण एक भारतीय कंपनी कर रही है. यह भारत की सतलज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी एसजेवीएन अरुण-तीन पावर डेवलपमेंट कंपनी (एसएपीडीसी) द्वारा अरुण नदी पर



बनाई जाने वाली पनबिजली परियोजना है. एसजेवीएन भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उद्यम है. संखुवासभा जिले में अरुण-तीन पनबिजली संयंत्र हिमालयी देश की सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना होगी. इसका व्यावसायिक परिचालन शुरू होने के बाद शुरुआती 25 वर्षों के दौरान नेपाल को बिजली संयंत्र में उत्पादित बिजली का 21.9 प्रतिशत मुफ्त मिलेगा. इसके बाद यह संयंत्र नेपाल सरकार को हस्तांतरित कर दिया जाएगा. निवेश बोर्ड नेपाल (आईबीएन) जो नेपाल में सार्वजनिक-निजी भागीदारी और निजी निवेश, विशेष रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सुविधा प्रदान करता है, ने अपनी 56वीं बैठक में अरुण-तीन पनबिजली परियोजना के प्रवेश मार्ग से संबंधित मुद्दे को मंत्रिपरिषद की बैठक में उठाने का निर्णय किया है. इस परियोजना पर 144 अरब रुपये की लागत आएगी. बैठक के दौरान आईबीएन के मुख्य कार्यकारी सुशील भट्टा ने बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी दी.

**खास बातें**
- अरुण नदी पर बनाई जाने वाली परियोजना है
- इस परियोजना पर 144 अरब रुपये की लागत आएगी

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से सेंसेक्स 551 अंक फिसला

**एजेंसी । मुंबई**

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई. कारोबारियों ने कहा कि बैंक, वित्तीय सेवाएं और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई.

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 551.07 अंक यानी 0.83 प्रतिशत गिरकर 65,877.02 अंक पर बंद हुआ. दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 585.99 अंक यानी 0.88 प्रतिशत टूटकर 65,842.10 अंक तक आ गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 140.40 अंक यानी 0.71 प्रतिशत के नुकसान के साथ 19,671.10 अंक पर आ गया. सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा करीब तीन प्रतिशत की गिरावट रही. बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए. इस रुख के उलट टाटा मोटर्स, सन फार्मा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे. अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे.

वहीं दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ के साथ बंद हुए. दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार नुकसान में थे. अमेरिकी बाजार मंगलवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे.

## उपेक्षित महिला श्रम

भारत सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि दुनिया भर में यहां तक कि भारत में भी जो आर्थिक गतिविधियों के आंकड़े सार्वजनिक किए जाते हैं, वे बेहद गंभीर हालात की ओर इशारा क्यों करते रहे हैं. आंकड़ों को खारिज करना एक बात हो सकती है, लेकिन इससे जमीनी हालात नहीं बदल सकते. जरूरत है कि कमजोर समूहों के हालात का वास्तविक मूल्यांकन करना और उसी आधार पर ठोस नीतियों की ओर बढ़ना. पिछले सप्ताह ही हंगर इंडेक्स जारी हुआ, जिसमें भारत 125 वें स्थान पर है. भारत के श्रम बाजार में महिलाओं की उपस्थिति को ले कर जो आंकड़े सामने आए हैं, वे बेहद चिंताजनक हैं. भारत के श्रम बाजार में अब सिर्फ 15.9 महिलाएं मौजूद हैं. ताजा आंकड़ा 2022-23 का है. चार साल पहले यानी 2018-19 में भारत में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 21.9 प्रतिशत थी. यह आंकड़ा चौंकाने वाला और संभवतः आहत करने वाला भी है कि नियमित वेतन वाली नौकरियों के दायरे में भारत के श्रम बाजार में अब सिर्फ 15.9 महिलाएं मौजूद हैं. श्रम शक्ति में भागीदारी का अर्थ उन लोगों से होता है, जो या तो नौकरी में हों, या नौकरी की तलाश में हों. इसमें उन लोगों को शामिल नहीं किया जाता, जिन्हें नौकरी की जरूरत न हो या जिन्होंने नौकरी मिलने की संभावना से निराश होकर इसे ढूंढना ही छोड़ दिया हो. ताजा आंकड़े सरकार की आवधिक श्रम शक्ति सर्वे (पीएलएफएस) रिपोर्ट से सामने आए हैं. ये आंकड़े हाल में जारी किए गए. इस सर्वे में अपना कोई काम-धंधा कर रहे लोगों को भी रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की श्रेणी में गिना गया है. इस आधार पर बेरोजगारी घटने और महिलाओं-पुरुषों दोनों की श्रम शक्ति में भागीदारी बढ़ने का दावा किया गया है. बीते हफ्ते इस बात का जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी किया. लेकिन जब एक अंग्रेजी अखबार ने वेतनभोगी कर्मियों के बीच श्रम शक्ति भागीदारी दर का विश्लेषण किया तो विपरीत तस्वीर सामने आई. सूरत यह उभरी कि 2019-20 के बाद से लगातार श्रम शक्ति में वेतनभोगी नौकरी वाली महिलाओं की संख्या गिरी है. पीएलएफएस का यह आंकड़ा गौरतलब है कि देश के कुल कामकाजी लोगों में 57.3 प्रतिशत लोग स्वरोजगार में हैं, लेकिन महिलाओं के बीच यह संख्या 65.3 फीसदी है. बहरहाल, सरकारी दावे के मुताबिक मान लिया जाए कि स्वरोजगार भी रोजगार है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि स्वरोजगार वाले व्यक्तियों की औसत आय क्या है. खुद पीएलएफएस बताता है कि 2022-23 में स्वरोजगार वाले व्यक्तियों की औसत मासिक आय 13,347 रुपये थी. इतनी रकम पर जिंदगी गुजारने वाला परिवार आखिर किस वर्ग में आएगा और उसके उपभोग का स्तर क्या होगा, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है.

> श्रम शक्ति में भागीदारी का अर्थ उन लोगों से होता है, जो या तो नौकरी में हों, या नौकरी की तलाश में हों. इसमें उन लोगों को शामिल नहीं किया जाता, जिन्हें नौकरी की जरूरत न हो या जिन्होंने नौकरी मिलने की संभावना से निराश होकर इसे ढूंढना ही छोड़ दिया हो.

### सुभाषित

अयं निजः परो वेति
गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु
वसुधैवकुटम्बकम्॥

‘ये मेरा है’, ‘वह उसका है’ जैसे विचार केवल संकुचित मस्तिष्क वाले लोग ही सोचते हैं. विस्तृत मस्तिष्क वाले लोगों के विचार से तो वसुधा एक कुटुम्ब है.

# क्या राहुल मीडिया को बदल पाएंगे?

**राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन के नेता आए दिन शिकायत करते हैं कि मीडिया में उनकी खबरों को जगह नहीं मिलती! आम तौर पर कारण मालिकों का दबाव बताया जाता है. जो कि सही भी है. राहुल को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दूसरा कारण भी समझ में आ गया. मीडिया मालिक भी उसी उच्च वर्ग के हैं, जिसके हाथों में सारे उद्योग-धंधे और संसाधन हैं. इनमें पिछड़े वर्ग का या तो कोई है ही नहीं या अपवादस्वरूप इक्का-दुक्का हो सकता है.**



• देश-काल



श्रवण गर्ग

साहस का काम था, जिसे राहुल गांधी ने कर दिखाया. पिछले पचहत्तर सालों में किसी भी पार्टी का बड़ा से बड़ा नेता यह काम नहीं कर पाया था. समस्या की जड़ तक पहुंचने के लिए पहुंचना शायद जरूरी भी हो गया था. राजधानी दिल्ली में सैकड़ों (या हजारों?) की गिनती में उपस्थित सभी तरह के पत्रकारों के मान्यता प्राप्त प्रतिनिधियों से राहुल गांधी ने एक सवाल पूछ लिया और जो जवाब मिला, उससे वे हतप्रभ रह गए. कल्पना की जा सकती है कि अगर वही सवाल संघ प्रमुख या प्रधानमंत्री (अगर वे राहुल की तरह प्रेस कांफ्रेंस करने का तय करें) कभी पूछ लें तो पत्रकार कितनी मुखरता से तो जवाब देंगे और प्रश्नकर्ताओं के चेहरों पर किस तरह की प्रतिक्रिया या चमक नजर आएगी!

जाति जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस संगठन द्वारा लिए गए फ़ैसलों की जानकारी देने के लिए बुलाई गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी के दिमाग में अचानक कुछ कौंधा और हॉल में जमा पत्रकारों से उन्होंने पूछ लिया कि उनमें कितने पिछड़ी जातियों के हैं? हॉल में सन्नाटा छा गया! किसी कौने से कोई आवाज नहीं प्रकट हुई. एक हाथ उठा भी पर वह व्यक्ति फोटोग्राफ़र था. राहुल गांधी ने उसे यह कहते हुए चुप कर दिया कि उनका सवाल पत्रकारों से है. इस सवाल-जवाब के बाद प्रेस कांफ्रेंस में ज्यादा जान नहीं बची.

राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन के नेता आए दिन शिकायत करते हैं कि मीडिया में उनकी खबरों को जगह नहीं मिलती! आम तौर पर कारण मालिकों का दबाव बताया जाता है. जो कि सही भी है. राहुल को प्रेस कांफ्रेंस में दूसरा कारण भी समझ में आ गया. मीडिया मालिक भी उसी उच्च वर्ग के हैं, जिसके हाथों में सारे उद्योग-धंधे और संसाधन हैं. इनमें पिछड़े वर्ग का या तो कोई है ही नहीं या अपवादस्वरूप इक्का-दुक्का हो सकता है. चैनलों और अखबारों के समाचार कक्षों में भी कमोबेश यही स्थिति है. मीडिया में प्रतिनिधित्व का सवाल सिर्फ़ पिछड़ी जातियों तक सीमित नहीं है. दलितों, अल्पसंख्यकों और काफ़ी हद तक महिलाओं को लेकर भी यही स्थिति है. उच्चवर्गीय मीडिया ही देश की राजनीति भी चला रहा है और बहुसंख्यकवादी धर्म की रक्षा भी कर रहा है.

ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध पत्रकार रॉबिन जैफ़री द्वारा भारत के समाचारपत्रों की स्थिति को लेकर दस वर्षों के अध्ययन के बाद लिखी गई खोजपूर्ण पुस्तक 'इंडियाज न्यूजपेपर रिवोल्यूशन-कैपिटलिज्म, पॉलिटिक्स एंड द इंडियन लैंग्वेज प्रेस' ऑक्सफ़ोर्ड इंडिया ने साल 2000 में प्रकाशित की थी. रॉबिन एडिटर्स गिल्ड द्वारा आयोजित प्रथम राजेंद्र माथुर स्मृति व्याख्यान देने दिल्ली भी आये थे. उन्होंने अपनी पुस्तक में (पृष्ठ 160) लिखा है कि 1990 दशक में दलितों की संख्या भारत में लगभग पंद्रह करोड़ थी, पर पुस्तक के लिए अध्ययन के दौरान उन्हें कहीं कोई दलित रिपोर्टर या सब-एडिटर किसी भी दैनिक समाचारपत्र में नहीं मिला. न तो कोई दलित संपादक था, न ही उसके द्वारा संचालित कोई दैनिक. दो साल पहले मैं जब वर्षों बाद रॉबिन से मेलबर्न में पुनः मिला तो बातचीत में उन्होंने अपनी इसी बात को दोहराया.

विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार (नब्बे के दशक) द्वारा केंद्रीय नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण के कदम का विरोध करने वाली ताकतों में राजनीतिक दलों और दक्षिणपंथी संगठनों की भूमिका का ज़िक्र तो प्रमुखता से होता है, पर उस दौर के जातिवादी मीडिया (ख़ास कर हिन्दी पट्टी) के बारे में ज़्यादा नहीं लिखा गया. मण्डल आयोग की सिफ़ारिशों के विरोध में चले कथित तौर पर उच्च वर्ग के आंदोलन में अनुमानतः 160 लोगों ने आत्महत्या-आत्मदाह के प्रयास किए थे, जिनमें 63 की बाद में मृत्यु हो गई. आत्मदाहों के कुछ प्रयास बड़े मीडिया प्रतिष्ठानों के कैमरों की आंखों के सामने हुए जो बाद में वीडियो कैसेट्स (न्यूज़ ट्रैक,आदि) की शक्ल में देश भर में प्रचारित-प्रसारित हुए. पिछड़ी जातियों के भले के लिए लागू की गई मण्डल आयोग की सिफ़ारिशों के विरोध का मीडिया में जिस तरह से महिमामंडन किया गया, उसकी एक झलक तब प्रकाशित एक रिपोर्ट से मिल सकती है : 'उन्नीस साल की...... ने आत्महत्या के प्रयास के एक दिन बाद अपनी मां से पहला सवाल यह पूछा था कि : क्या मेरी तस्वीर अखबारों में छपी है?' नब्बे प्रतिशत जल जाने के बाद भी छात्रा की उत्कंठा आंदोलन के उद्देश्य से ज़्यादा मीडिया की भूमिका को बेनक़ाब करती है.

हिन्दी पट्टी के मीडिया का छुपा हुआ बहुसंख्यकवादी चेहरा मण्डल विरोध की घटनाओं के दो साल बाद बाबरी विध्वंस (1992) के दौरान पूरी तरह बेनक़ाब हो गया. बाबरी विध्वंस के दौरान मीडिया कवरेज और उसके बाद उत्तर भारत के शहरों में भड़के दंगों पर प्रेस आयोग की रिपोर्ट सहित काफ़ी कुछ लिखा जा चुका है. आरोप लगाए जाते हैं कि मुख्यधारा का मीडिया न सिर्फ़ पिछड़ा वर्ग, दलित और अल्पसंख्यक विरोधी है वह हमेशा बहुसंख्यकवाद की विभाजनकारी राजनीति के पक्ष में ही खड़ा हुआ नजर आता है. यही कारण है कि राहुल के सवाल पूछते ही चारों तरफ़ सन्नाटा छा जाता है. सवाल यह भी पूछा जा रहा है कि राहुल गांधी इतने विपक्षी दलों की मदद से एक सांप्रदायिक और विभाजनकारी सरकार को तो सत्ता से हटा सकते हैं, पर क्या मीडिया का कुछ बिगाड़ पाएंगे? गिने-चुने 'ज़हरीले'एंकरों की बहसों का सांकेतिक विरोध मात्र क्या पिछड़ों, पीड़ितों और वंचितों के पक्ष में पूरे मीडिया का हृदय परिवर्तन कर देगा? विपक्षी दल देश को एक वैकल्पिक सरकार तो दे सकते हैं, क्या वे वैकल्पिक मीडिया भी दे पाएंगे?

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## कलियुग का प्रभाव

राजा परीक्षित का शासन द्वापर युग के अंतराल में था. उनका जन्म पांडवों की परंपरा में हुआ था. विश्वविजय के लिए जब राजा परीक्षित चले, तब उन्होंने एक भयानक दृश्य यह देखा कि एक डरावना व्यक्ति हाथ में छड़ी लिए हुए गाय और बैल पर प्रहार कर रहा था. गाय दुःख से रो रही थी और वृषभ भी कष्ट में पड़ा हुआ था. इस दृश्य को देखकर राजा परीक्षित व्याकुल हो गए. उन्होंने गाय और बैल से प्रश्न किया कि आप कौन हैं और आपकी यह दुर्दशा क्यों है. आप पर प्रहार करने वाला कौन है. श्रीमद्भागवत में सांकेतिक रूप से इसका परिचय देते हुए कहा गया है कि धर्म ही बैल और पृथ्वी गाय है और प्रहार करने वाला कलियुग है. राजा परीक्षित को बड़ी चोट पहुंची और उन्होंने उसी समय यह निर्णय किया कि मैं इस युग का वध कर दूंगा. राजा ने म्यान से तलवार निकाली और कलियुग का सिर काटने के लिए प्रस्तुत हो गए. पर उसी समय कलियुग ने अपना पक्ष सामने रखा. कलियुग का कहना था कि सृष्टि के निर्माण में मेरा एक काल सुनिश्चित किया गया है, इसलिए आप मुझे विनष्ट करने के स्थान पर मुझे संयमित करके इसी रूप में रहने दें. राजा परीक्षित को यह सुनकर दया आ गई और तब उन्होंने कलियुग के रहने के लिए कुछ स्थान बताए और मन-ही-मन प्रसन्न होते हुए राजा यह सोचकर चले गए कि मैंने युग को नियंत्रित कर दिया. पर यही काल का व्यंग्य था कि राजा ने जो स्थान उसे रहने के लिए निश्चित किए थे, उनमें स्वर्ण भी था और जब राजा ने अपना स्वर्णिम मुकुट सिर पर धारण किया तो कलियुग तुरंत उनके सिर पर आकर बैठ गया. यह पुराणों की व्यंग्यात्मक और सांकेतिक गाथा है कि जो व्यक्ति युग को बदलने या मिटाने का संकल्प लेकर चला था, अनजाने में वह स्वयं ही युग के प्रभाव में आ गया और काल उसके मस्तिष्क पर चढ़ गया. वर्णन आता है कि राजा परीक्षित को प्यास लगी और अपनी प्यास बुझाने के लिए वे ऋषि के आश्रम में गए. ऋषि ध्यान में निमग्न हैं. परीक्षित बड़े विनम्र स्वभाव के थे, लेकिन कलियुग के प्रभाव से उस समय उनका रजोगुण और तमोगुण जागृत हुआ.

# मिजोरम में भ्रष्टाचार और शरणार्थी संकट

• राज्यनामा

दिनकर कुमार

मिजोरम में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है. मिजोरम में एक चरण में पूरे राज्य में 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. वहीं, 3 दिसंबर को चुनावी नतीजे आएंगे. चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है. इस चुनाव में मुख्य रूप से भ्रष्टाचार और शरणार्थी संकट निर्णायक मुद्दे होंगे. कानूनी जीत के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री लाल थाहावला और वर्तमान मुख्यमंत्री ज़ोरमथंगा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों ने जनता को नाराज किया है. द इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों का कहना है कि सामाजिक-आर्थिक विकास नीति के तहत वित्तीय सहायता के वितरण सहित शरणार्थियों को संभालने और जो उप-राष्ट्रवाद की बढ़ती भावना को संबोधित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रभावी प्रबंधन के कारण एमएनएफ को एक फायदा हो सकता है. असम के साथ चल रहे सीमा विवाद और ड्रग्स की बढ़ती आमद चिंताओं को बढ़ाती है. असम-मिजोरम सीमा पर पिछली झड़पें इस क्षेत्र पर एक प्रभाव डाल रही है. वहीं मणिपुर में जातीय संघर्ष ने मिजोरम में एक महत्वपूर्ण शरणार्थी संकट पैदा कर दिया है, जिसमें रिपोर्टों के अनुसार लगभग 72,000 शरणार्थी राज्य में आश्रय मांग रहे हैं. इस संकट को संभालना एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गया है, जिसमें विपक्ष ने राज्य सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की है. मिज़ोरम के उप-मुख्यमंत्री तवेनलुइया ने ज़ो यूनिफिकेशन के मुद्दे को उठाया है, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्यों में मिज़ो-ज़ो समुदाय को एक साथ लाना है. 1986 के शांति समझौते के बाद से यह ऐतिहासिक मुद्दा, मणिपुर में चल रहे संकट के बीच पुनर्जीवित हो गया है, जिससे एमएनएफ ने एक बार फिर से अपने रुख को उजागर किया है. म्यांमार शरणार्थियों के बायोमेट्रिक डेटा एकत्र करने पर केंद्र के निर्देश को धता बताने के एमएनएफ सरकार के हालिया फैसले ने लोगों के ध्यान को आकर्षित किया है, जो चुनावों के लिए राज्य में पार्टी के रणनीतिक चालों को दर्शाता है. एंटी-इनकंबेंसी की भावनाएं भी हवा में हैं, और लल्दुहावा के नेतृत्व में ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में लोकप्रियता प्राप्त हुई है. राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को विकास, कथित भ्रष्टाचार और पहचान की राजनीति पर चिंताओं से चिह्नित किया गया है. मिजोरम शराब (निषेध) अधिनियम, 2019, चर्च द्वारा समर्थित, एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है. इसके अतिरिक्त, इंट्रा-एथनिक तनाव ने, विशेष रूप से मतदाता सूची में त्रिपुरा में बसे ब्रू समुदाय को शामिल करने के विषय में, राजनीतिक बहस को और बढ़ा दिया है.1987 में उग्रवाद के वर्षों के बाद एक राज्य के रूप में मिजोरम के गठन के बाद से यह वैकल्पिक रूप से मिज़ो नेशनल फ्रंट और कांग्रेस द्वारा शासित किया गया है. इस बार विश्लेषकों का मानना है कि ज़ोरमथंगा के नेतृत्व वाले एमएनएफ को सामान्य बढ़त मिलती दिखाई दे रही है, लेकिन ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट को आगामी चुनावों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होने की भविष्यवाणी की जा रही है.सात नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 14 अक्टूबर को हुआ गठबंधन अहम माना जा रहा है. गठबंधन के लिए एक समझौते पर एमएनएफ महासचिव लालमुअनथांगा फनाई और एचपीसी (आर) महासचिव एचटी वुंगा ने हस्ताक्षर किए. इस बीच ईसाई समुदाय बहुल राज्य मिजोरम में मतगणना की तारीख बदलने की मांग शुरू हो गई है. इस मांग पर बीजेपी, कांग्रेस और सत्ताधारी एमएनएफ सहित सभी राजनीतिक दल राजी हैं. पार्टियों का कहना है कि 3 दिसंबर को जिस दिन मतगणना तय है, उस दिन रविवार है. क्योंकि रविवार ईसाइयों का पवित्र दिन है, इसलिए काउंटिंग की तारीख बदली जानी चाहिए.सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को न सिर्फ अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बल्कि जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) से भी मुकाबला करना है. पूर्व विद्रोही एमएनएफ के अनुभवी नेता मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने मिजो मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए जातीय कार्ड खेला है. पड़ोसी राज्य मणिपुर में जातीय संघर्ष में उलझे कुकी-जो समुदाय के लोगों के हितों की वकालत करके तथा मिजो लोगों के साथ उनकी जातीय समानता का हवाला देकर और म्यांमार से आए शरणार्थियों का बायोमेट्रिक डेटा एकत्र करने के केंद्र सरकार के निर्देश की अनदेखी करके श्री ज़ोरमथांगा ने अपने विरोधियों पर बढ़त हासिल करने की कोशिश की है.

> विश्लेषकों का कहना है कि सामाजिक-आर्थिक विकास नीति के तहत वित्तीय सहायता के वितरण सहित शरणार्थियों को संभालने और जो उप-राष्ट्रवाद की बढ़ती भावना को संबोधित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रभावी प्रबंधन के कारण एमएनएफ को एक फायदा हो सकता है. असम के साथ चल रहे सीमा विवाद और ड्रग्स की बढ़ती आमद चिंताओं को बढ़ाती है.

# सिमटता जा रहा है मध्यवर्ग का आकार

• सामयिकी

डॉ. लखन चौधरी

आस्कर वाइल्ड ने बहुत सही कहा है कि 'प्रजातंत्र का सीधा सादा अर्थ है कि प्रजा के डंडे को प्रजा के लिए, प्रजा की पीठ पर तोड़ना.' इस समय सरकार के कामकाज से यही चरितार्थ होता दीखता है. सरकार राष्ट्र निर्माण का भार मध्यम वर्ग के कंधे पर डाल कर जहां अपनी जिम्मेवारी से बचना चाहती है, वहीं अपनी जायज, जरूरी एवं सार्थक भूमिका में भी नदारद दीखती है. देश के पचास करोड़ से ऊपर मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए 'कोविड महामारी' एक नये संकट, नई त्रासदी का सबब बन गयी है. 'महंगाई' के रूप में एक नई मुसीबत बन कर मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने जीवन-यापन की नई-नई चुनौतियां खड़ी कर चुकी है. कोरोना कालखण्ड की महंगाई न सिर्फ मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति को खोखला कर रही है, बल्कि इन करोड़ों मध्यमवर्गीय परिवारों का 'मध्यमवर्गीय दर्जा' ही खत्म कर चुकी है. नये-नये अनुसंधान बता रहे हैं कि कोरोना कालखण्ड में उपजी महंगाई की मार से देश के एक-तिहाई मध्यमवर्गीय परिवार 'मध्यमवर्ग से निम्नवर्ग' में शिफ्ट हो चुके हैं. इससे भी ताज्जुब की बात यह है कि कोविड कालखण्ड से निकलने के बावजूद महंगाई की समस्या कम होती नजर नहीं आ रही है. यदि ऐसा है तो मध्यम वर्ग को सरकार से शिकवा-शिकायत नहीं करना चाहिए? आखिरकार सरकार ने राष्ट्र निर्माण जैसे महान कार्यों की जिम्मेदारी मध्यम वर्ग के कंधे पर डाला है, तो इसके पीछे कोई सोची-समझी वजह होगी? सरकार की इस सोची-समझी वजह को विपक्ष यदि मध्यम वर्ग की चुप्पी समझ रहा है तो शायद यह सही नहीं है? मध्यमवर्ग की चेतना कोरोना महामारी के बाद भी यदि जाग नहीं पा रही है तो इसकी भी कोई वजह होगी. रोजी-रोटी की जद्दोजहद से जनता बाहर निकले, तभी कुछ सोच-समझ पाएगी. अभी तो स्थिति यह है कि जनता रोजी-रोटी, दवाई-इलाज एवं महंगाई जैसी रोजमर्रा की चुनौतियों से ही बाहर निकल नहीं पा रही है. फिर जनचेतना कहां से आएगी? किसी लोकतंत्र में एक सशक्त मध्यवर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. भारत दुनिया के उन कुछ चुनिंदा देशों में है, जिसके मध्यवर्ग का आकार तेजी से सिमट रहा है. मध्यवर्ग की सशक्त इकानॉमी की गतिशीलता टूट रही है. इसलिए जरूरी है कि गंभीरता से उन तथ्यों पर विचार किया जाये कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है कि जिस तेज गति से मध्यवर्ग विकासमान था, वह अब पीछे की यात्रा की ओर उन्मुख हो रहा है. सिर्फ कोरोना को ही इसके लिए दोष नहीं दिया जा सकता. दरअसल नीतियों की समीक्षा करने की जरूरत है. सरकार को हठधर्म के बजाय तथ्यपरकता के साथ हालात की समीक्षा करनी चाहिए. मजे की बात यह है कि सरकार यही तो चाहती है, जनता रोजमर्रा की इसी जद्दोजहद में फंसी रहे. सरकार ने 80-85 करोड़ लोगों को लाभार्थी बनाकर इस कुचक्र या दुश्चक्र को और गहरा बना दिया है. विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का दंभ भरने वाले दल की सरकार अब 'जनहित'जैसे सरोकारों से अपना वास्ता अलग कर चुकी है. अब पार्टी की प्राथमिकता राष्ट्रहित, देशहित से पहले पार्टी हित है, वरना रोज इस तरह के गैरजरूरी, अतार्किक एवं अनैतिक निर्णय नहीं लिये जाते. गांधी-नेहरू की तुलना एवं नेहरू-गांधी परिवार के नाम पर देश में निरर्थक बहसबाजी के बहाने जनमानस को गुमराह करने के प्रयास नहीं होते. देश के जिस मध्यमवर्ग ने इस दल को इतना बड़ा विशाल जनादेश दिया, उसे ही खत्म करके सरकार क्या करना चाहती है? आज शायद इस सरकार को ही मालूम नहीं है. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, सड़क, पानी, सुरक्षा जैसे बुनियादी मसलों पर काम करने के लिए सरकार बनाई जाती है. मंदिर-मस्जिद, गाय, गोबर, गोमूत्र, तीन तलाक, स्वदेशी, चीन-पाक, सर्जिकल स्ट्राइक, धर्म-जाति जैसे मसलों को हवा देकर सियासत करते रहने के लिए नहीं. विकास की रोज नई-नई बेतुकी परिभाषा गढ़ कर विकास यात्राएं निकालने से तरक्की एवं प्रगति नहीं होती है. विकास के नाम पर तमाम तरह के दिखावे, प्रदर्शन किये जा रहे हैं. विकास को समझाने, दिखाने एवं बताने के लिए हजारों करोड़ के विज्ञापन दिये जा रहे हैं. जनता के खूनपसीने की कमाई आयकर के पैसे को फिजूलखर्ची में बर्बाद किया जा रहा है. याद रहे, विकास के एजेंडे पर काम करने के लिए ठोस नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं सच्ची नीयत की जरूरत होती है, जो इस वक्त इस सरकार के पास दिखती नहीं है. अक्सर वाइल्ड की इन बातों को नजरअंदाज करने के बजाय विचार करने की जरूरत है.

> सरकार ने 80-85 करोड़ लोगों को लाभार्थी बनाकर इस कुचक्र या दुश्चक्र को और गहरा बना दिया है. विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का दंभ भरने वाले दल की सरकार अब 'जनहित'जैसे सरोकारों से अपना वास्ता अलग कर चुकी है. अब पार्टी की प्राथमिकता राष्ट्रहित, देशहित से पहले पार्टी हित है.

### मीडिया में अन्यत्र

# न्यूजीलैंड के चुनावी नतीजे

**राष्ट्रीय** चुनाव के बाद न्यूजीलैंड में पिछले कई सालों में कोई धुर दक्षिणपंथी सरकार सत्ता संभालने के लिए तैयार है. चुनाव में रूढ़िवादी नेशनल पार्टी और उसकी उदारवादी सहयोगी एसीटी ने अधिकांश मत हासिल किए हैं और प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस की लेबर पार्टी की लोकप्रियता में भारी गिरावट देखने को मिल रही है. अधिकांश मतों की गिनती के बाद, नेशनल पार्टी का मत प्रतिशत जहां 2020 में मिले 26 फीसदी से बढ़कर 39 फीसदी हो गया, वहीं इसी अवधि में लेबर पार्टी का मत प्रतिशत 50 फीसदी से घटकर 27 फीसदी रह गया. लेबर पार्टी की सहयोगी ग्रीन पार्टी को 11 फीसदी मत मिले और एसीटी को नौ फीसदी मत हासिल हुए. लेबर पार्टी का पतन खासतौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि करिश्माई जैकिंडा अर्डर्न के नेतृत्व में, उसने तीन साल पहले राष्ट्रीय चुनावों में भारी जीत हासिल की थी. न्यूजीलैंड द्वारा 1993 में आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली अपनाए जाने के बाद, 2020 ही एकमात्र ऐसा मौका था, जब किसी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला था. सुश्री अर्डर्न के नेतृत्व की व्यापक रूप से तारीफ हुई थी, खासतौर पर कोविड-19 संकट से निपटने के दौरान (न्यूजीलैंड में प्रति व्यक्ति मृत्यु दर सबसे कम रही थी). उन्हें उदार राजनीति के प्रतीक के रूप में भी देखा गया था और लेबर पार्टी ने बाल गरीबी, जलवायु संकट एवं संकीर्ण गैरबराबरी से निपटने का वादा किया था. लेकिन उन्होंने "पूरी तरह से निचुड़ जाने" (बर्नआउट) का हवाला देते हुए इस साल जनवरी में पद छोड़ दिया था. तबतक, उनकी लोकप्रियता भी कम हो चली थी और देश की अर्थव्यवस्था के मसले पर कई लोग उनसे निराश हो गए थे. श्री हिपकिंस ने महामारी और बाल गरीबी से निपटने सहित लेबर पार्टी की विभिन्न उपलब्धियों को आधार बनाकर अपना चुनाव अभियान चलाया और "कामकाजी लोगों की मदद" करने के मकसद वाले अपने व्यापक एजेंडे को जारी रखने का वादा किया. लेकिन छह साल की सत्ता के बावजूद लेबर पार्टी द्वारा वादे के मुताबिक "युगांतकारी बदलाव" ला पाने में विफल रहने संबंधी विपक्ष की मुखर आलोचना ने उसको नुकसान पहुंचाया.



(द हिंदू)

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## भव/भवानी

**प्राचीन** काल से एक श्लोक श्रद्धालुओं और भक्तों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है, जिसका उच्चारण लोग पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ करते हैं. वह श्लोक है-कर्पूर गौरं करुणावतारं संसार सारं भुजगेंद्र हारं. सदा वसंतं हृदयारविंदे भवं भवानी सहितं नमामि. अर्थात जिनका कर्पूर जैसा गौर वर्ण है, जो करुणा के अवतार और संसार के सार हैं, जिनके गले में नागराज का हार सुशोभित हो रहा है, जो हृदय रूपी कमल में सदा निवास करते हैं, उन भव यानी भगवान शंकर को जगज्जननी भवानी के साथ प्रणाम करता हूं. इस श्लोक में भव और भवानी का अर्थ स्पष्ट कर दिया गया है, फिर भी इन दोनों शब्दों के अर्थ और भाव का यहीं अंत नहीं हो जाता. भव अनेकार्थक शब्द है. विभिन्न हिंदी शब्दकोशों के अनुसार भव का वाच्यार्थ है भगवान शंकर, शिव, संसार, जगत, उत्पत्ति, जन्म. संस्कृत भाषा में भू धातु का अर्थ होता है होना. भू के धातु रूप में उत्तम पुरुष का एकवचन भव होता है, जिसका मतलब है हो जाओ. आशीर्वाद देते हैं आयुष्मान भव तो इसका मतलब होता है, आयुष्मान होओ या होइए. अखंड सौभाग्यवती भव का मतलब हुआ अखंड सौभाग्यवती हो जाओ. अज्ञानतावश कई लोग आयुष्मान भवः बोलते या लिखते हैं. यानी भव के 'व' अक्षर के साथ विसर्ग लगा देते हैं, जो भव के क्रिया होने के अर्थ में गलत है. अगर भव संज्ञा पुल्लिंग है जैसे संसार, जगत आदि तो उसकी प्रथमा विभक्ति में विसर्ग लगाना सही रहेगा, लेकिन वह भी संस्कृत में, हिंदी में नहीं. भू के होने के अर्थ से ही भाव शब्द की उत्पत्ति होती है. इसका अर्थ है मन में उत्पन्न होनेवाला विचार या खयाल, अभिप्राय, मतलब, आकृति, चेष्टा. फारसी भाषा में भी भाव शब्द है, जो हिंदी में रच-बस गया है, इसका मतलब है दर, मूल्य, हिसाब. जैसे भाव बढ़ जाना. भव का स्त्रीलिंग रूप है भवानी. भवानी का अर्थ पार्वती, शिवानी, दुर्गा.

# फूल माला समारोह का मजा

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

ठीक समय पर हम कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. एक ई-रिक्शा से हम उतरे, दूसरी ई-रिक्शा से आयोजन के कर्ताधर्ता महोदय अपने साथ दो मजदूर और एक बैनर लिए हुए उतरे. समारोह के सभागार में हम चारों लोग एक साथ प्रविष्ट हुए. सभागार में हम चारों के प्रवेश करने से सन्नाटा जाता रहा. चहल-पहल हो गई.

आयोजक महोदय हमें देख कर मुस्कुराए, घड़ी देखी और कहने लगे -"देखिए हम ठीक समय पर आ गए! न एक मिनट पहले, न एक मिनट बाद में. अब सबसे पहला काम मंच पर बैनर लगाने का है."

हमने आयोजक महोदय को बधाई दी और कहा कि "समय के इतने पाबंद आजकल लोग कहां हैं?"

आयोजक महोदय फूलकर कुप्पा हो गए तथा उनकी जैकेट का बीच वाला बटन टूट गया. खैर, कोई बात नहीं. दो मजदूर बैनर लगाने लगे, किंतु बैनर टेढ़ा था. अतः आयोजक महोदय ने काफी देर तक बैनर को ऊंचा-नीचा किया. तब जाकर बैनर में दो कीलें ऊपर की ओर ठोकी जा सकीं. तदुपरांत नीचे की दो कीलें ठोंकने का कार्य संपन्न हुआ. टेप से भी आयोजक महोदय ने बैनर कुछ चिपकाया, ताकि पंखे की हवा से कहीं बैनर उड़ न जाए.

इसके बाद आयोजक महोदय ने फूलमाला वालों को फोन किया -"हेलो हेलो! आपसे फूल मालाएं हमने मंगवाई थीं. कार्यक्रम का समय आरंभ हो चुका है, कृपया आधे घंटे के भीतर ताजी फूलमालाएं भेजने का कष्ट करें."

उधर से फूलमाला वाले ने शायद यह कहा था कि वह ताजे फूल चुनकर उनकी मालाएं बना रहा है, अतः आयोजक महोदय ने उससे कहा कि फूल ताजे होने चाहिए. भले ही दस-बीस मिनट की देर और हो जाए.आयोजक महोदय ने कुछ अन्य लोगों को भी इसके बाद फोन करना आरंभ किया.



एक सज्जन झोले में भरकर थोड़ी ही देर में फूलमालाएं लेकर आ गए. मंच के बराबर वाली मेज फूलमालाओं से भर गई. आयोजक महोदय ने हमसे कहा -"आप जरा जल्दी आ गए, कार्यक्रम कम से कम एक घंटा बाद तो आरंभ होता ही है." हमने अपराधी भाव से कहा -"अब जब आ ही गए हैं, तो अब क्या कर सकते हैं?"

आयोजक महोदय हमारी विवशता पर हंसने लगे.कहने लगे -"समारोह में एक-डेढ़ घंटा देर हो सकती है.यह तो सब चलता ही है." लगभग डेढ़ घंटे बाद जब दस-बारह लोग इकट्ठे हो गए, तब आयोजक महोदय ने कार्यक्रम आरंभ करने का मन बनाया. दस-बारह लोग भी यह समझ लीजिए कि जबरदस्ती से बुलाए गए लोग थे. चार तो भाड़े के बुद्धिजीवी जान पड़ते थे.



# नवरात्र विशेष



## राशि के अनुसार हो वस्त्र का रंग



दीपिका श्रीवास्तव

**इन दिनों मां की अराधना में लगे हैं हम. यथाशक्ति नए, साफ या अखरा वस्त्र पहन कर माता की पूजा की जा रही. वैदिक शास्त्र के अनुसार माता की कृपा प्राप्त करने में रंगों की अपनी अहमियत है. आइए, आज हम चर्चा करें कि किस राशि के लोगों के लिए नवरात्र के दौरान किस रंग का वस्त्र पहनना शुभ होगा-**

**मेष राशि :** इस राशि का स्वामी मंगल है. आप लाल और पीले रंग के वस्त्र धारण करें. आपको राशि के ग्रह और शक्ति की कृपा प्राप्त होगी.

**वृष राशि:** नवरात्रि में धन संपत्ति प्राप्त करने के लिए अपनी राशि के अनुसार सफेद और पिंक कलर के कपड़े पहनें, आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी.

**मिथुन राशि :** इस राशि के लोग नवरात्र के दौरान हरे रंग के कपड़े पहनें. देवी चंद्रघण्टा की कृपा प्राप्त होगी.

**कर्क राशि :** कर्क राशि वाले सफेद और हरे रंग की ड्रेस नवरात्र के दौरान पहनें. इससे राशि स्वामी चंद्रमा की कृपा होगी.

**सिंह राशि :** भगवती की आराधना के वक्त खास तौर पर पीले रंग का वस्त्र धारण करें. इससे यश और मान-सम्मान की प्राप्ति होगी.

**कन्या राशि :** नवरात्रि में सफेद और हरे रंग की ड्रेस पहने. आपकी राशि की देवी भुवनेश्वरी देवी की कृपा प्राप्त होगी. कार्य सफल होंगे.

**तुला राशि :** सफेद और हल्के रंग के कपड़े पहनें. माता के आशीर्वाद और इन रंगों के प्रभाव से आपको ऐश्वर्य और धन की प्राप्ति होगी.

**वृश्चिक राशि :** लाल और केसरीया वस्त्र पहनना चाहिए, मां शैलपुत्री प्रसन्न होंगी. ऐसा करने से आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलती रहेगी.

**धनु राशि :** राशि स्वामी गुरु के अनुसार पीले रंग के कपड़े पहनना चाहिए. इससे विवाह के योग बनेंगे. धन प्राप्त होगा.

**मकर राशि :** मां काली की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए गहरे और नीले रंग के कपड़े पहनने चाहिए. परेशानियां दूर होंगी.

**कुम्भ राशि :** आप नीले, काले, गहरे रंग के वस्त्र धारण करें. शनि देव को काला रंग अतिप्रिय है. मां कालरात्रि भी गहरे रंग से प्रसन्न होती हैं.

**मीन राशि :** केसरिया, पीले या हल्के रंग के परिधान धारण करें. मां लक्ष्मी धन और समृद्धि प्रदान करेंगी. अविवाहितों के विवाह के योग बनेंगे.



***मां दुर्गा की पूजा अर्चना संपूर्ण भारत में घर-घर में प्रचलित है. चैत्र तथा अश्विन के नवरात्रों में दुर्गा पूजा विशेष रूप से होती है. विभिन्न स्रेतों से यह जानकारी मिलती है कि दुर्गा पूजा की पद्धति 11वीं शताब्दी से पहले ही लिखी जा चुकी थी लेकिन जो अधिक विश्वस्त साक्ष्य प्राप्त हैं उनके अनुसार बंगाल में लगभग 16वीं 17वीं शताब्दी में प्रमुख रूप से ताहेरपुर के कंस नारायण और उसके बाद अन्य व्यक्तियों ने दुर्गा पूजा की परंपरा को महत्वपूर्ण ढंग से स्थापित किया. झारखंड के कण-कण में शिव-शक्ति के धार्मिक प्रभाव को देखा जा सकता है, जिस जिसकी सभी आराधना करते हैं, चाहे वो जनजातीय समाज से हों अथवा गैर जनजातीय समाज से.***



डॉ0 हरेन्द्र सिन्हा
पुरातत्वविद्

## नवरात्र में करें देउड़ी माता का दर्शन

# इस द्वार होता सबका कल्याण

झारखंड में शैव समूह को समर्पित अनेक प्राचीन मंदिर अवस्थित हैं, जिनमें से रांची जिला अंतर्गत देउड़ी का देवी दुर्गा मंदिर अत्यधिक चर्चित है. रांची से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर रांची-जमशेदपुर उच्च मार्ग (सं०33) पर तथा तमाड़ प्रखंड मुख्यालय से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर, यह प्रसिद्ध प्राचीन दुर्गा मंदिर अवस्थित है, जिसे सामान्यतः झारखंड में देउड़ी मंदिर के नाम से जाना जाता है. इस क्षेत्र में करकरी एवं कांची नदियों के तटीय क्षेत्र में प्राचीन काल में लगभग सात आठ मंदिरों के होने की सूचना थी, जिनमें से हर्राडीह के आसपास के क्षेत्र में अब भी कुछ मंदिर दिखते हैं या फिर यह देउड़ी मंदिर दिखता है.



### ऐसे आईं मां दुर्गा

किंवदंतियों के अनुसार इस प्राचीन मंदिर का निर्माण शिव मंदिर के रूप में लगभग 12वीं 13वीं शताब्दी में भूमिज मुंडा राजा केरा द्वारा किया गया था और आसपास से प्राप्त साक्ष्यों के अनुसार मूल रूप से यहां शिव की प्रतिमा स्थापित थी जो किन्हीं कारणों से अब उपलब्ध नहीं है. अत: बाद में आसपास के किसी अन्य स्थल से लाकर यहां सोलह-भुजी दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई, जो आज भी उस मंदिर में है. इसके अगल-बगल सरस्वती, लक्ष्मी, कार्तिक और गणेश आदि की मूर्तियां भी हैं. प्रतिमा शास्त्र के आधार पर ये पाल कालीन मूर्ति लगभग नवीं दसवीं शताब्दी की है और 3' ऊंची है.



### मन्नत का यह अंदाज

दूर-दूर से लोग यहां पूजा करने, मन्नत मांगने आते हैं. मन्नत की शैली भी विशेष है- लोग बांस पर लाल एवं पीले रंग के पवित्र धागे मन्नत स्वरूप बांधते हैं. मन्नत पूरी हो जाने पर वापस आकर इन धागों को खोलना भी पड़ता है- ऐसी मान्यता है.

### 6 दिन पाहन करते पूजा

इस मंदिर की अन्य विशेषता यह है कि यहां सप्ताह में 6 दिन पाहन यानी आदिवासी पुजारी पूजा पाठ करते हैं और एक दिन ब्राह्मण पुजारी पूजा करते हैं. इस कारण यह स्थल आदिवासी और हिंदू संस्कृति के संगम के रूप में भी जाना जाता है.

### बन गया माता का भव्य मंदिर



कुछ समय पूर्व तक यह मंदिर पत्थरों से निर्मित एक छोटी सी संरचना थी जो स्थापत्य की त्रि-रथ योजना के अनुसार निर्मित थी. इसका छोटा सा प्रवेश द्वार पूर्व की ओर था और अंदर का जो गर्भगृह चतुर्भुजाकार था. मंदिर कालक्रम में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था, लेकिन कुछ समय पूर्व स्थानीय प्रयास से इस मंदिर की मौलिक प्राचीन संरचनाओं को यथावत् सुरक्षित रखते हुए यहां एक भव्य मंदिर का निर्माण कर दिया गया है. गर्भगृह के चारों तरफ प्रदक्षिणा पथ बना दिया गया है और एक भव्य शिखर भी निर्मित कर दिया गया है. अब यह मंदिर लगभग 2 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्थापित है और यहां पर पूजा सामग्रियों के विक्रय हेतु कई छोटी-छोटी झोपड़ी नुमा दुकानें भी बना दी गई हैं, जिससे आगंतुक श्रद्धालुओं को पूजा पाठ की सुविधा हो. यहां दुर्गा पूजा के अवसर पर छोटे जीवों की बलि भी चढ़ाई जाती है.

जन सामान्य द्वारा इस मंदिर को जागृत माना जाता है तथा शक्ति उपासकों के लिए यह एक महत्वपूर्ण सिद्ध पीठ हो गया है जहां झारखंड के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी तथा प्रमुख राजनीतिज्ञ एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी भी यहां अक्सर पूजा अर्चना करने आते रहते हैं, जिसकी वजह से इस मंदिर की लोकप्रियता और भी बढ़ गई है.

### समस्त बाधाओं की मुक्ति हेतु उपाय

# ये उपाय दूर करेंगे दुख-दर्द, खोलेंगे समृद्धि के रास्ते



आचार्य अजय मिश्रा

**व्यक्ति का स्वभाव है कि वह सदैव सुखी रहना चाहता है. परंतु विधि के विधान के अनुसार धरती पर ईश्वर भी जन्म लेकर जब आया तो उसे भी ग्रहों की चाल के अनुसार सुख-दुख सहना पड़ा. ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि संसार में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी ग्रह-पीड़ा से दुखी है. हर व्यक्ति धन-धान्य संपन्न भी नहीं है. यदि अशुभ ग्रहों के प्रभाव स्वरूप बार-बार प्रयत्न करने पर भी जीवन में विघ्नों एवं विफलताओं का सामना करना पड़े और भाग साथ ना देता हो तो अशुभ ग्रहों की अनुकूलता उपाय करने से अनुकूल फल मिलने आरंभ हो जाते हैं. अरिष्ट ग्रहों की शांति के लिए ज्योतिष शास्त्र में अनेक प्रकार के उपाय बताए गए. इन उपायों का विधि विधान एवं श्रद्धा से पालन करने से दुखों का अंत नहीं होता. परंतु उनमें कमी निश्चित रूप से होती है. आइए, इन उपायों पर करें चर्चा-**



**सूर्य :** पिता का सम्मान करें. विष्णु भगवान की पूजा करें. प्रत्येक पूर्णिमा को सत्यनारायण भगवान की पूजा करें. गेहूं, गुड़ और तांबे का ब्राह्मण को दान करें. तांबे का सिक्का बहते हुए जल में प्रवाहित करें. एक मुखी रुद्राक्ष धारण करें. रविवार दिन गले में या भुज में भी धारण कर सकते हैं. सूर्य यंत्र स्थापित करके उनके नियमित रूप से पूजा करें. रिश्वतखोरी ना करें.

**ऊं ह्रीं ह्रीं सूर्याय सहस्रकिरणराय मनोवांछित फलम् देहि देहि स्वाहा।।**

इस मंत्र का 108 बार जाप करें.



**चंद्रमा :** माता का सम्मान करें. प्रत्येक सोमवार को शिव आराधना करें. शिवरात्रि का व्रत रखें. चांदी, चावल और दूध का दान करें. दो मुखी रुद्राक्ष धारण करें. गले में सोमवार को चंद्र यंत्र स्थापित करें. इनकी नियमित रूप से पूजा करें.

**ऊं श्रीं श्रौं स: चंद्राय नमः**

इस मंत्र का 108 बार जप करें.



**मंगल :** भाई की सेवा करें. प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी का नित्य पूजा करें. मसूर की दाल बहती हुई नदी में प्रवाहित करें. तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करें. भुजा में मंगलवार को मंगल यंत्र स्थापित करके उनकी नियमित पूजा करें.

**क्रां क्रीं क्रौं स: भौमाय नमः**

### उपाय करने के साधारण नियम

ये वैदिक उपाय सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच में ही करें. पीड़ित जातक के स्थान पर अपने भाई-बहन, माता-पिता, दादा- दादी इत्यादि भी उपाय कर सकते हैं. इस दौरान विशेष कर मांस-मछली एवं मदिरा का सेवन न करें. चाल- चलन को ठीक रखें. झूठ ना बोलें. जूठन न खाएं और न खिलाएं. नियत में खोट न रखें. ब्रह्मचर्य का पालन करें. घर में बच्चे का जन्म हो या किसी की मृत्यु हो जाए तो उसे अवधि में उपाय नहीं करना चाहिए.





**बुध :** बहन, बुआ, मौसी से आशीर्वाद प्राप्त करें. सुराख वाला तांबे का पैसा बहती नदी में प्रवाहित करें. मां दुर्गा की नित्य पूजा करें. चार मुखी रूद्राक्ष धारण करें. भुजा में गुरुवार को बुध यंत्र स्थापित कर नियमित रूप से पूजा करें.

**ऊं ब्रां ब्रीं ब्रौं स: बुधाय नमः**

इस मंत्र का 108 बार जप करें.



**बृहस्पति :** गुरु और पुरोहित की पूजा करें. धार्मिक पुस्तक दान करें. बड़ों को सम्मान दें. पांच मुखी रुद्राक्ष धारण करें. ब्रेसलेट बनाकर हाथ में गुरुवार को बृहस्पति यंत्र स्थापित करके उनकी नियमित रूप से पूजा करें.

**ऊं ग्रां ग्रीं ग्रौं स: गुरुवे नमः**

इस मंत्र का जप 108 बार करें.



**शुक्र :** स्त्री का सम्मान करें. लक्ष्मी की उपासना प्रति शुक्रवार व पूर्णिमा को करें. गोदान करें. 6 मुखी रुद्राक्ष धारण करें. भुजा में सोमवार को शुक्र यंत्र स्थापित करके उनके नियमित रूप से पूजा करें.

**ऊं द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नमः**

इस मंत्र का जप 108 बार करें.



**शनि :** मीट, मछली और शराब का सेवन न करें. नौकरों को प्रसन्न रखें. भैरव की उपासना प्रत्येक प्रदोष तिथि में करें. सात मुखी रुद्राक्ष धारण करें. गले मे शनिवार को शनि यंत्र स्थापित करके नियमित रूप से पूजा करें.

**प्रां प्रीं प्रौं स: शनिचराय नमः**

इस मंत्र का 108 बार करें.



**राहु :** सरस्वती माता की पूजन नित्य करें. बिजली का सामान घर में ठीक से रखें. आठ मुखी रुद्राक्ष भुजा पर धारण करें. शनिवार को राहु यंत्र अपने घर पर स्थापित कर के नियमित रूप से प्रतिदिन पूजा करें.

**मंत्र भ्रां भ्रीं भ्रौं स: राहवे नमः**

इस मंत्र का जप 108 बार करें.



**केतु :** गणेश जी की नियमित पूजा करें. काला-सफेद कुत्ता घर में पालें. 9 मुखी रुद्राक्ष धारण करें. गले में सोमवार को केतु यंत्र स्थापित करके उनकी नियमित रूप से प्रतिदिन पूजा करें.

**ॐ स्रां स्रीं स्रौं स: केतवे नमः**

इस मंत्र का 108 बार जप करें.



## नवरात्र में छिपे जीवन को सकारात्मक बनाने वाले सूत्र



शिखर चंद जैन

नवरात्र का त्यौहार शक्ति पूजा का पर्व है. हमारी मान्यता है कि इन दिनों प्रकृति से एक विशेष तरह की सकारात्मक शक्ति का उद्भव होता है. इस अवसर पर मां दुर्गा की सबसे सच्ची आराधना यही होगी कि हम इस पर्व से, और मां जगदम्बा से प्रेरणा लेकर सकारामकता को आत्मसात करें-

### नकारात्मकता से उबरने का संदेश

इन नौ दिनों में हम व्रत या उपवास के माध्यम से अपने तन और मन का शुद्धिकरण करते हैं. आधुनिक सेहत विज्ञानी भी शरीर के डिटॉक्सिफिकेशन यानी शुद्धिकरण के लिए फास्टिंग और मन के डिटॉक्सिफिकेशन के लिए अध्यात्म की उपयोगिता को स्वीकार कर चुके हैं. मां दुर्गा ने भी आसुरी शक्तियों का विनाश करके इस दुनिया का डिटॉक्सिफिकेशन किया और नकारात्मकता दूर करने का संदेश दिया था.



### सकारात्मक नजरिए का संदेश

हम सब जानते हैं कि महिषासुर व अन्य असुरों ने अपनी प्रबल शक्तियों का प्रदर्शन करते हुए मां दुर्गा को डराने की कोशिश की थी. लेकिन जगदंबा कभी न डरीं. उन्हें अपनी शक्तियों पर पूरा भरोसा था और इसी सकारात्मक नजरिए की वजह से उन्होंने असुरों का विनाश किया था. इस अवसर पर नए अनाज, गेहूं या जौ उगाने की प्रक्रिया भी सकारात्मकता का ही संदेश है.

### नया सीखते रहने का संदेश

देवी का हर रूप अपने आप में अद्भुत सुंदर और अनुकरणीय है. हर रूप से हमें कुछ सीखने मिलता है. धार्मिक कथाओं में वर्णन है कि ब्रह्मा, विष्णु और शिव की शक्ति के एकत्रीकरण के बाद देवी दुर्गा का अवतार इस दुनिया को बचाने के लिए लिया गया था. मां दुर्गा असुरों के छल और बल का निरंतर विश्लेषण और आकलन करती रहीं. उसी के अनुरूप उन्होंने अपनी रणनीति बनाई. इससे शत्रु पर विजय का उनका अभियान सफल हो गया. अगर आप भी अपनी कठिनाइयों के प्रति यही स्ट्रेटजी अपनाएंगे तो आपको जीवन में किसी कठिनाई से निपटने में मुश्किल नहीं होगी.

### स्त्रीत्व के सम्मान का संदेश

असुरों ने देवी पर व्यंग्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि यह एक नारी होकर हमसे क्या मुकाबला करेगी. लेकिन नतीजा सबको पता है. देवी से प्रेरणा लेते हुए प्रण कीजिये कि हमेशा स्त्रियों का सम्मान करेंगे. अगर आपने एक स्त्री के रूप में जन्म लिया है, तो खुद पर गर्व करते हुए अपने भीतर निहीत शक्ति की पहचान करेंगी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### विश्व कप : बांग्लादेश के खिलाफ उलटफेर के जोखिम से बचना चाहेगी इंडियन टीम

# जीत की लय जारी रखना चाहेगी भारतीय टीम

भाषा। पुणे

भारतीय टीम एकदिवसीय विश्व कप मैच में गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश शानदार लय जारी रखते हुए टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज करने की होगी. कप्तान रोहित शर्मा की टीम विश्व कप में हाल ही में दो मैचों में उलटफेर और भारत के खिलाफ पिछले चार मैचों में बांग्लादेश के रिकॉर्ड को देखते हुए इस मुकाबले में कोई जोखिम लेने से बचना चाहेगी. इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रमशः अफगानिस्तान और नीदरलैंड की जीत के बाद भारत किसी भी टीम को हलके में लेने से बचना चाहेगा. बल्लेबाजी के मोर्चे पर कप्तान रोहित अपना शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेंगे, जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल और विराट कोहली बड़ा स्कोर बनाने के लिए उत्सुक होंगे. रोहित पिछले दो मैचों में पाकिस्तान के खिलाफ 86 और अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रनों की शानदार पारी खेलकर दबदबा बनाया जिससे भारत ने आसानी से लक्ष्य का पीछा किया.

भारत अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है और उनका लक्ष्य अपनी जीत का क्रम आगे बढ़ाना होगा. रोहित के युवा सलामी जोड़ीदार गिल बड़ी पारी के साथ खुद इस मंच पर साबित करने के लिए उत्सुक होंगे. वह पूरी तरह से फिट हो गए हैं और इस साल वनडे में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है. पाकिस्तान के खिलाफ कोहली का बल्ला प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया (85) और अफगानिस्तान (नाबाद 55) के खिलाफ अर्धशतकीय पारियों से उन्होंने लय जारी रखी है. श्रेयस अय्यर ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद अर्धशतक जड़कर भारतीय बल्लेबाजी को और मजबूत किया.



पिच से अगर बल्लेबाजों को मदद मिले तो किसी भी गेंदबाजी के लिए भारतीय टीम को रोकना काफी चुनौतीपूर्ण होगा.

इस मैदान पर भारतीय टीम सात में से अपने चार मैच ही जीत पाई है ऐसे में टीम को यहां सतर्क रहना होगा. जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने भी अब तक विरोधी टीमों को बांध कर रखा है. ऑस्ट्रेलिया की टीम 199 तो वहीं पाकिस्तान की टीम भारत के खिलाफ 191 रन पर आउट हो गयी थी. पिच पर विकेट निकालने की क्षमता इन गेंदबाजों को खास बनाती है.

#### खास बातें

- मैच दोपहर दो बजे से खेला जाएगा, पुणे में होगा मैच
- लगातार चौथी जीत दर्ज करना चाहेगी भारतीय टीम

#### रोहित से निपटना बांग्लादेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती

बांग्लादेश की टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती रोहित शर्मा से निपटने की होगी. शानदार लय में चल रहे रोहित ने इस टीम के खिलाफ 2015 (मेलबर्न) विश्व कप मैच में 137 और 2019 (बर्मिंघम) विश्व कप में 104 रन की पारियां खेली है. भारत 2007 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने के बाद लगातार तीन बार 300 से अधिक रन बनाने में सफल रहा है. विश्व कप में भारतीय कप्तान के नाम रिकॉर्ड सात शतक है और वह भारतीय समर्थकों से भरे मैदान में एक और प्रभावी पारी खेलने के लिए तैयार है. बांग्लादेश के लिए अच्छी खबर यह है कि उनके कप्तान शाकिब अल हसन बायीं जांघ की चोट से उबर गये है और चयन के लिए उपलब्ध है. विश्व कप के पहले मैच में व्यापक जीत और उसके बाद बेहतर टीमों के खिलाफ दो हार ने बांग्लादेश को कुछ हद तक हताश किया है.



#### पिछले चार वनडे में भारत का प्रदर्शन खराब

बांग्लादेश ने पिछले चार वनडे मैचों में भारतीय टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा है. पिछले चार में से तीन वनडे में बांग्लादेश ने भारत को शिकस्त दी है, इसमें सबसे हालिया मैच एशिया कप का है जहां बांग्लादेश ने भारतीय टीम को छह रन से हराया था.

#### बांग्लादेश के खिलाफ पिछले आखिरी चार मैच

- 4 दिसंबर 2022 - बांग्लादेश ने भारत को 1 विकेट से हराया
- 7 दिसंबर 2022 - बांग्लादेश ने भारत को 5 रनों से हराया
- 10 दिसंबर 2022 - भारत ने बांग्लादेश को 227 रनों से पराजित किया
- 15 सितंबर 2023 - एशिया कप में बांग्लादेश ने भारत को 6 रनों से हराया

#### विश्व कप में आमने-सामने

| भारत | | बांग्लादेश |
|---|---|---|
| 4 | मैच | 4 |
| 3 | जीत | 1 |
| 1 | हार | 3 |

**टीमें**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन इशान किशन ,सूर्यकुमार यादव.

**बांग्लादेश :** शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हसन शंटो, तौहीद हृदय, मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नासुम अहमद, महेदी हसन, तास्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शरीफुल इस्लाम और तंजीम हसन साकिब.

#### जब आपका ध्यान सिर्फ सफल टीमों पर होगा तो उलटफेर होंगे : विराट कोहली



भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को कहा कि विश्व कप में कोई 'बड़ी टीम' नहीं हैं और इस टूर्नामेंट में जब लोग सिर्फ अधिक सफल टीमों की बात करते हैं तो उलटफेर की संभावना अधिक होती है. कोहली का यह बयान मौजूदा विश्व कप में दो बड़े उलटफेरों के बाद आया है. अफगानिस्तान ने रविवार को नयी दिल्ली में इंग्लैंड को 69 रन से हराया, वहीं नीदरलैंड ने मंगलवार को धर्मशाला में बारिश से बाधित मैच में दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराकर इस खेल के इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की. कोहली ने कहा कि विश्व कप में कोई बड़ी टीमें नहीं हैं. जब भी आप केवल अधिक सफल टीमों पर ध्यान केंद्रित करना शुरू करते हैं, तो निराशा होती है.

#### भारत विजयी संयोजन में बदलाव नहीं करेगा: म्हाम्ब्रे



गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने बुधवार को कहा कि विश्व कप में लगातार चौथी जीत का इरादा रखने वाली भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में अपने विजयी संयोजन के साथ छेड़छाड़ नहीं करेगी. म्हाम्ब्रे की इन बातों से यह साफ हो गया कि सूर्यकुमार यादव और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी बेंच पर बने रहेंगे. भारतीय टीम गुरुवार को विश्व कप के अगले मुकाबले में बांग्लादेश का सामना करेगी. भारत ने पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के बाद अफगानिस्तान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर एकतरफा जीत दर्ज की.

#### अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यूजीलैंड | 04 | 04 | 00 | 08 | +1.923 |
| 2 | भारत | 03 | 03 | 00 | 06 | +1.821 |
| 3 | दक्षिण अफ्रीका | 03 | 02 | 00 | 04 | +1.076 |
| 4 | पाकिस्तान | 03 | 02 | 01 | 04 | -0.137 |
| 5 | इंग्लैंड | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.084 |
| 6 | बांग्लादेश | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.699 |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.734 |
| 8 | नीदरलैंड | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.993 |
| 9 | अफगानिस्तान | 04 | 01 | 03 | 02 | -1.250 |
| 10 | श्रीलंका | 03 | 00 | 03 | 00 | -1.532 |

## न्यूजीलैंड ने लगाया जीत का चौका

भाषा। चेन्नई

#### अफगानिस्तान को दी 149 रनों से मात



युवा बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स और कप्तान टॉम लैथम की शतकीय साझेदारी और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां अफगानिस्तान को 149 रन से करारी शिकस्त देकर आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की.

न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान के स्पिनरों के सामने कुछ विषम पलों से गुजरने के बावजूद छह विकेट पर 288 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया. रविवार को गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करने वाली अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 34.4 ओवर में 139 रन पर आउट हो गई.

फिलिप्स ने 80 गेंद पर चार चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 71 रन बनाए. लैथम ने 74 गेंद पर 68 रन बनाए जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल हैं. इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की जिससे न्यूजीलैंड आखिरी 10 ओवर में 103 रन जोड़ने में सफल रहा. इन दोनों से पहले विल यंग (64 गेंद पर 54 रन, चार चौके, तीन छक्के) ने भी अर्धशतकीय पारी खेली.

अफगानिस्तान की टीम ने किसी भी समय उस तरह का जोश और जज्बा नहीं दिखाया जो उसने इंग्लैंड के खिलाफ दिखाया था. उसका क्षेत्ररक्षण खराब रहा जबकि उसके गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को वापसी का मौका दिया. बल्लेबाजों ने भी जल्दबाजी दिखाई जबकि इस बीच कीवी टीम की गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण शानदार रहा.

न्यूजीलैंड की तरफ से मिशेल सैंटनर (39 रन देकर तीन) और लॉकी फर्ग्यूसन (19 रन देकर तीन) सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि ट्रेंट बोल्ट (18 रन देकर दो) ने उनका अच्छा साथ दिया. अफगानिस्तान ने अपने आखिरी चार विकेट आठ गेंद और पांच रन के अंदर गंवाए. न्यूजीलैंड इस जीत से चार मैच में आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है. अफगानिस्तान ने पहले 10 ओवर में केवल 28 रन बनाए और इस बीच तीन गेंद के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों रहमनउल्लाह गुरबाज (11) इब्राहिम जादरान (14) विकेट गंवाए. मैट हेनरी की गेंद गुरबाज के बल्ले का किनारा लेकर विकेटों में समाई जबकि इब्राहिम ने बोल्ट की गेंद पर कवर में आसान कैच दिया. सैंटनर ने फर्ग्यूसन की गेंद पर कप्तान हसमतउल्लाह शहीदी (29 गेंद पर 08) का स्क्वायर लेग पर एक हाथ से अविश्वसनीय कैच लिया जिससे अफगानिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 43 रन हो गया.

रहमत शाह (62 गेंद पर 36) और अजमत ओमारजई (32 गेंद पर 27) ने इसके बाद सतर्कता बरती और चौथे विकेट के लिए 70 गेंद पर 54 रन की साझेदारी की. लैथम ने ऐसे में बोल्ट को गेंद सौंपी और उन्होंने ओमारजई को विकेट के पीछे कैच कराकर कप्तान को निराश नहीं किया. स्पिनर रचिन रविंद्र ने रहमत शाह का अपनी ही गेंद पर कैच लेकर और सैंटनर ने अनुभवी मोहम्मद नबी (07) को बोल्ड करके अफगानिस्तान की उम्मीदों पर तुषारापात कर दिया. इसके बाद अफगानिस्तान की पारी सिमटने में देर नहीं लगी.

## एकतरफा मुकाबले में गोप एंड सिंह क्लब ने लट्टू उरांव क्लब को हराया

संवाददाता। चाईबासा

#### एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग, 2023-24



पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैच में गोप एवं सिंह क्लब बड़ा जामदा की टीम ने एकतरफा मुकाबले में लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर को 136 रनों के भारी अंतर से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए. इस प्रकार अपने ग्रुप लीग के दो मैच हारकर लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर की टीम प्रतियोगिता से लगभग बाहर हो चुकी है. इस टीम का अंतिम लीग मैच 15 नबंवर को स्टूडेंट क्लब चाईबासा से निर्धारित है. स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गोप एवं सिंह क्लब बड़ा जामदा की टीम ने निर्धारित तीस ओवर में पांच विकेट खोकर 200 रनों का स्कोर खड़ा किया. इस टीम की ओर से जतीन भारद्वाज ने सात चौकों की मदद से 45 रन बनाए और अंत तक नाबाद रहा. अन्य बल्लेबाजों में कप्तान धीरज कुमार ने चार चौकों एवं तीन छक्कों की सहायता से 44 रन, शोभित मिश्रा ने 35, करण ने 31, एन एम राहुल ने 21नाबाद तथा प्रकाश डांगील ने 20 रनों का योगदान दिया. लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब की ओर से शुभम ओझा, सागर कुमार, अमृत कश्यप तथा प्रेम कुमार को एक-एक सफलता हाथ लगी.

जीत के लिए निर्धारित तीस ओवर में 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लट्टू उरांव क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर की पूरी टीम 22 ओवर में मात्र 64 रन पर ढेर हो गई. सम्राट अभिषेक ने 19 तथा प्रिंस यादव ने 13 रन बनाए. अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया. गोप एवं सिंह क्लब की ओर से सबसे घातक गेंदबाजी विक्की राज चौधरी ने की जिसने 22 रन देकर पांच बल्लेबाजों को आउट किया. कप्तान धीरज कुमार ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए अपने पांच ओवर के स्पेल में चार मेडन रखते हुए मात्र एक रन देकर दो विकेट हासिल किए. जतीन भारद्वाज को एक विकेट प्राप्त हुआ.

इस प्रतियोगिता में कल चाईबासा क्रिकेट क्लब का मुकाबला चक्रधरपुर के लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब से होगा. मैच समाप्ति के बाद जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि समिति के लिए गए निर्णय के अनुसार पूरे मैदान में मैच की निगरानी एवं सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए कुल 12 सीसीटीवी अधिष्ठापित किए गए हैं जो सफलतापूर्वक क्रियाशील है. उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का स्कोरिंग आन लाइन हो रहा है. जिसे देश के किसी भी कोने में कोई भी क्रिकेट प्रेमी घर बैठे मैच का लाईव स्कोर क्रिकहीरोस एप्प डाउनलोड कर देख सकते हैं. जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि लगभग सोलह हजार दर्शक अब तक इस प्रतियोगिता का लाईव स्कोर घर बैठे देख चुके हैं.

### फील्ड अपडेट

#### लातेहार जांबाज व लातेहार बुल्स की टीमें जीती



**लातेहार।** जिला स्टेडियम मे खेले जा रहे लातेहार प्रीमियर क्रिकेट लीग में बुधवार को दो मैच खेले गये. पहला लातेहार जांबाज और लातेहार इंडियन के बीच खेला गया. लातेहार इंडियन ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाये. धनंजय पांडेय 58, अमोस एक्का 50 तथा रौशन कुमार ने 12 रनों का योगदान दिया. लातेहार जांबाज की ओर से बलराम व उज्ज्वल ने तीन- तीन तथा अमन कुमार ने दो विकेट लिए. लातेहार जांबाज अपने निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 164 रन ही बना सकी. इस तरह 6 रन से मैच हार गई. न्यूटन आनंद 19, अजय साहू 45 , जैकी 30 व श्रवण महली ने 22 रनों का योगदान दिया. मैन ऑफ द मैच लातेहार इंडियन के आमोश एक्का को चुना गया. मैच के अंपायर कुमार शानू व आर्यन तिवारी तथा स्कोरर प्रताप थे. दूसरा मैच लातेहार बुल्स और लातेहार रॉयल्स के बीच खेला गया. लातेहार बुल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 131 रन बनाये. राजा बाबू 40, आनंद कुमार सिंह नाबाद 50 तथा जयदेव ने 18 रनों का योगदान दिया. वहीं लातेहार रॉयल्स की टीम 16 वे ओवर में ही 83 रन पर ही पूरी टीम ढेर हो गई. मैन ऑफ द मैच लातेहार बुल्स के शनि सचिन तिवारी चुने गये.

#### क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए अनिल बने चेयरमैन

**कोडरमा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन की एक बैठक झुमरी तिलैया स्थित छाबड़ा लॉज में हुई. बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने किया और संचालन सचिव दिनेश सिंह ने किया. बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही अंतर क्लब सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ किया जायेगा. इसके लिए टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए एक टूर्नामेंट कमेटी का गठन किया गया. जिसके चेयरमैन अनिल सिंह और वाइस चेयरमैन उमेश सिंह बनाए गए. वहीं सदस्य के रूप में आलोक पांडे, सोनू खान, धर्मेंद्र कौशिक, श्रवण यादव और विशाल कुमार को रखा गया है. सचिव ने बैठक में कहा कि खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 20 अक्टूबर से 5 नवंबर तक रखा गया है. रजिस्ट्रेशन में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा दिए गए निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जायेगा.

#### वॉलीबॉल: रामगढ़ महिला टीम बनी विजेता

**कोडरमा ।** मरकच्चो प्रखंड के डीएन उच्च विद्यालय परिसर में बुधवार को महिला बॉलीबाल का फाइनल मैच खेला गया. रामगढ़ और धनबाद के बीच खेले गये फाइनल मैच में रामगढ़ की टीम भारी पड़ी. रामगढ़ की टीम ने सीधे सेटों मे धनबाद को 25-18, 25-12 से हराकर कर खिताब पर कब्जा जमाया. मौके पर उपस्थित अतिथियों ने विनर व रनर टीम को कप देकर सम्मानित किया गया. इससे पहले इसका उद्घाटन प्रमुख विजय कुमार सिँह, सांसद प्रतिनिधि कैलाश यादव, मुखिया नीता कुमारी और पूर्व मुखिया चन्द्रिका साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर प्रमुख विजय कुमार सिंह ने इस तरह के आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के लिए जरूरी है. मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नेहा कुमारी को बनी, जबकि सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सलोनी कुमारी बनीं.

#### नीमडीह सिदो-कान्हू खेल क्लब के बने अध्यक्ष दिगंबर

चांडिल। नीमडीह प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव की उपस्थिति में सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया. क्लब के नवगठित पदाधिकारियों में दिगंबर सिंह सरदार को अध्यक्ष, परशुराम गोराई को सचिव व शंकर सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया. मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने कहा कि युवाओं को खेल के प्रति सकारात्मक प्रभाव के लिए प्रोत्साहित करना प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खेल के माध्यम से भी युवाओं को आर्थिक रोजगार मिलेगा. इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रेमचांद मार्डी, जनसेवक सुखलाल महतो समेत कई खेलप्रेमी उपस्थित थे. नीमडीह प्रखंड सिदो-कान्हू खेल क्लब के अध्यक्ष पद के लिए चार लोगों ने नामांकन दाखिल किया था.

### गौरव के पल : सब्जी बेचते हैं पिता, विश्व कप में पर्दे के पीछे बेटे की हो रही है काफी चर्चा

# रांची के रितेश बिखेर रहे हैं अंतराष्ट्रीय क्रिकेटरों के स्टंप्स

संवाददाता। रांची

जब भी कोई युवा होनहार खिलाड़ी गेंद थामता है या बल्ला भांजना शुरू करता है, उस समय उसका लक्ष्य अपने देश की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरना होता है. इसी सपने को संजोकर भारत के तमाम हिस्सों से कई युवा क्रिकेटर बनने निकल पड़ते हैं. जिससे देश को कपिल देव, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और वर्तमान टीम इंडिया में शामिल रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे योद्धा मिले.

इन सभी ने भारतीय क्रिकेट की विरासत को बखूबी संभाला. कुछ इसी तरह के सपने को संजोकर महेंद्र सिंह धोनी के शहर रांची से निकलकर एक और युवा खिलाड़ी



दिल्ली पहुंचा और विश्व कप 2023 में पर्दे के पीछे उसकी काफी चर्चा है. उसने दिल्ली के अरुण जेटली मैदान में बतौर नेट गेंदबाज न सिर्फ श्रीलंका और अफगानिस्तान का दिल जीता बल्कि इंग्लैंड के जो रूट और डेविड मलान तक के स्टंप्स बिखेर दिए. 20 साल के युवा ऑफ ब्रेक स्पिनर रितेश केसरी रेलवे यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रशिक्षण लेते थे. उनके पिता रतन केसरी रांची में ही सब्जी बेचने का काम करते हैं. रितेश को शुरू से ही क्रिकेट से काफी लगाव था. रितेश ने बताया कि रांची में ट्रायल के दौरान उसका सबसे पहले चयन उत्तराखंड में मौजूद मदन लाल की एमिनिटी क्रिकेट एकेडमी में हुआ.

जहां से रितेश ने अपनी कला को निखारा और इसके साथ-साथ पढ़ाई करते हुए 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की. मदन लाल क्रिकेट अकादमी से जब स्कॉलरशिप समाप्त हुई तब रितेश ने रांची जाने की बजाए दिल्ली का रुख किया. जहां से उनका सिलेक्शन इंग्लैंड, श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान के नेट्स सेशन कैंप में हुआ.

#### जयसूर्या ने बदली रितेश की किस्मत

रितेश ने बताया कि देहरादून में उन्होंने लेजेंड्स क्रिकेट लीग और रोड सेफ्टी सीरीज के दौरान श्रीलंकाई दिग्गज सनथ जयसूर्या व तिलकरत्ने दिलशान जैसे बल्लेबाजों को अपनी मिस्ट्री स्पिन गेंदबाजी से काफी परेशान किया. जयसूर्या उस समय रितेश से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने कहा था कि जब भी श्रीलंका की टीम भारत आएगी. तब तुम्हे बतौर नेट गेंदबाज बुलाया जाएगा. साल 2023 में जयसूर्या ने भारतीय युवा से किया अपना वादा निभाया. दिल्ली के मैदान में जब वर्ल्ड कप 2023 का पहला मैच श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाना था. उससे पहले जयसूर्या ने अपनी टीम के लॉजिस्टिक्स मैनेजर धवल प्रणय से कहकर रितेश को लाने को कहा.

#### राशिद व मुजीब भी रितेश से प्रभावित

श्रीलंका के बाद जब अफगानिस्तान की टीम दिल्ली पहुंची तो उनकी टीम में पहले से ही शामिल करामाती स्पिनर राशिद खान और मुजीब उर रहमान भी रितेश से काफी प्रभावित हुए. रितेश ने बताया कि मुजीब भाई ने मुझसे कहा कि तुम बिल्कुल इकबाल की तरह हो. जैसे वह इकबाल फिल्म में सिक्का रखकर गेंद को वहीं पर टिप्पा देता था. ठीक उसी तरह तुम भी कर रहे हैं.

#### इंग्लिश बल्लेबाजों के उड़ाए डंडे

श्रीलंका और अफगानिस्तान के बाद जब साल 2019 की विश्व चैंपियन इंग्लैंड की टीम दिल्ली आई तब फिर से रितेश ने अपनी मिस्ट्री गेंदबाजी का जादू बिखेरा. उन्होंने हर एक इंग्लिश खिलाड़ी को हैरान किया. रितेश ने बताया कि इंग्लैंड के साथ नेट्स सेशन शानदार रहा. मैंने कैरम बॉल पर जहां डेविड मलान को बोल्ड किया वहीं इसके बाद जो रूट को भी आउट किया. यह मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं रहा. इसके बाद हैरी ब्रूक को भी मैंने करीब एक घंटे तक अभ्यास कराया. मेरी गेंदबाजी से इंग्लैंड के गेंदबाजी कोच भी काफी प्रभावित हुए.

# देशभर में दुर्गापूजा की धूम ...



भोपाल में गरबा नाइट में उमड़े लोग.



कोलकाता के पंडालों में रौनक.





दिल्ली के लाल किला परिसर में 'लव कुश कमेटी' की रामलीला में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे खास रहे. उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम राम के गुरु महर्षि विश्वामित्र का किरदार निभाया.

## ब्रीफ खबरें

### आजम खान, पत्नी और बेटे को 7 साल की सजा

**रामपुर (उप्र)।** रामपुर की एक अदालत ने सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के पांच साल पुराने मामले में बुधवार को दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई. एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की अदालत ने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र के 2019 के मामले में आजम खान, तंजीन फातिमा व अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया और 7 साल की सजा सुनाई.

### भाजपा ने 21 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को मिजोरम की 21 विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की. राज्य में सात नवंबर को मतदान होना है. वहीं, एक अलग अधिसूचना में पार्टी ने भावना बोहरा को छत्तीसगढ़ की पंडरिया विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है. छत्तीसगढ़ में सात नवंबर और 17 नवंबर को दो चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा. छत्तीसगढ़ में 90 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए 86 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है.

### कोविड-19 के 38 नए मामले सामने आए

**नयी दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस से संक्रमण के 38 नए मामले आए हैं, जिसके बाद देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 306 हो गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली. आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 5,32,037 है. देश में अबतक कोविड से संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 4,49,99,680 है.

### बेंगलुरु की बहुमंजिला इमारत में आग लगी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के कोरामंगला इलाके में बुधवार को एक बहुमंजिला इमारत में आग लग गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. प्रारंभिक खबरों के अनुसार, इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित एक पब में आग लग गई. घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने एक विस्फोट की आवाज भी सुनी. इमारत से धुआं निकलता दिखाई दिया. वीडियो फुटेज में एक व्यक्ति को इमारत की छत से कूदते देखा जा सकता है. दमकल कर्मी मौके पर पहुंच चुके हैं. आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है.

### महेश बने अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी

**सबरीमला (केरल)।** केरल के सबरीमला में प्रसिद्ध भगवान अयप्पा मंदिर ने बुधवार को पी.एन. महेश को इस मंदिर का 'मेलशांति' (मुख्य पुजारी) नियुक्त किया. भगवान अयप्पा मंदिर का प्रबंधन करने वाले त्रावणकोर देवस्वाम बोर्ड ने बताया कि इस मुख्य पद के लिए 17 उम्मीदवारों की सूची तैयार की गई थी. उन्होंने बताया कि त्रिशूर जिले के रहने वाले पुजारी पी.जी. मुरली को मलिकप्पुरम मंदिर के मेलशांति के रूप में चुना गया.

## बाइडेन के साथ अब्दुल्ला, अल-सिसी, महमूद अब्बास की शिखर बैठक रद्द

# अस्पताल पर हवाई हमला, 500 मरे

**एजेंसी। तेल अवीव/वाशिंगटन**

गाजा सिटी के एक अस्पताल पर इजराइल के एक हवाई हमले में कम से कम 500 लोगों के मारे जाने की खबर है. हमले के समय अल-अहली अस्पताल में सैकड़ों लोग शरण लिये हुए थे. गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी. इस हमले के असर यह हुआ है कि जॉर्डन के अम्मान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अन्य नेताओं के बीच शिखर बैठक रद्द हो गयी है.

जानकारों का कहना है कि गाजा के अस्पताल पर हुए हमले में लगभग 500 लोगों के मारे जाने से इजराइल बैकफुट पर आ गया है. इस हमले का साईड इफेक्ट यह हुआ है कि इजराइल के अपनी रक्षा के अधिकार के लिए समर्थन जुटाने में अमेरिका के नेतृत्व वाले राजनयिक प्रयास बेपटरी हो गये हैं. हालांकि गाजा के अस्पताल में हुए घातक विस्फोट के लिए हमास और इजराइल एक-दूसरे को जिम्मेदार करार दे रहे हैं.

**वाशिंगटन ने इजराइल को बचाने की कोशिश कर रहा है :** हमास नेता इस्माइल हनिएह ने अस्पताल पर हुए हमले के लिए अमेरिका को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि वाशिंगटन ने इस मुद्दे पर इजराइल को बचाने की कोशिश कर रहा है. एक टेलीविजन इंटरव्यू में हनियेह ने कहा, अस्पताल में हुआ नरसंहार दुश्मन की क्रूरता और उसकी हार गुस्से की हद को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि सभी फिलिस्तीनियों और अरब मुल्कों के मुसलमानों को इज़रायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना चाहिए.

### अमेरिकी नेतृत्व वाले राजनयिक प्रयास बेपटरी हो गये





### हमास ने अस्पताल पर हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार बताया

जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा, अम्मान में जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी और फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ होने वाली बाइडेन की शिखर बैठक अब नहीं होगी. मंगलवार को अल अहली अस्पताल में विस्फोट के लिए हमास ने इजराइली हवाई हमले को जिम्मेदार बताया, लेकिन इज़रायल ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि हमला हमने नहीं किया, इस्लामी गुट के एक रॉकेट के कारण विस्फोट हुआ.

### नेतन्याहू ने कहा

### बर्बर आतंकवादियों ने गाजा अस्पताल पर हमला किया

अस्पताल पर हमले की आंच सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन और तुर्की तक महसूस की गयी है. सभी ने इज़राइल पर अस्पताल पर बमबारी करने का आरोप लगाया है. लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अस्पताल में मौतों के लिए आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया है. नेतन्याहू ने बयान जारी कर कहा, पूरी दुनिया जानती है कि बर्बर आतंकवादियों ने गाजा अस्पताल पर हमला किया, आईडीएफ (इज़राइल रक्षा बल) ने नहीं उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, जिन लोगों ने हमारे बच्चों की बेरहमी से हत्या की, उन्होंने अपने बच्चों की भी हत्या की.

### गाजा अस्पताल में हमले से पश्चिम एशिया में संकट बढ़ा, जो बाइडन इजराइल पहुंचे

**तेल अवीव ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन हमास के साथ युद्ध तथा इसे व्यापक संघर्ष में तब्दील होने से रोकने के लिए कूटनीतिक पहल के तहत बुधवार को इजराइल पहुंचे. यहां इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने उनका स्वागत किया. गाजा पट्टी में एक अस्पताल में विस्फोट में सैकड़ों लोगों की मौत को लेकर पूरे पश्चिम एशिया में आक्रोश फैल गया है, जिसके कारण इजराइल-हमास युद्ध की चुनौती और मुश्किल हो गयी है. बाइडन अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जॉर्डन की भी यात्रा करने वाले थे, लेकिन वाशिंगटन से रवाना होने से पहले अरब नेताओं के साथ उनकी बैठक रद्द हो गयी, जिससे संघर्ष के इस क्षण में अहम बातचीत के लिए नेताओं की आमने-सामने की बैठक का मौका नहीं मिल पाया.



### गाजा में अस्पताल पर हमले में शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाए: मोदी

**नयी दिल्ली।** गाजा में एक अस्पताल पर हमले में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि जारी संघर्ष में आम नागरिकों का हताहत होना गंभीर चिंता का विषय है और इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए. मीडिया में आई खबरों के अनुसार, हमास समूह ने कहा कि मंगलवार को गाजा के अल-अहली अस्पताल में हुए भीषण विस्फोट में सैकड़ों लोग मारे गए. हमास ने विस्फोट के लिए इजराइल के हवाई हमले को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन इजराइली सेना ने कहा कि वह इसमें शामिल नहीं है और विस्फोट असफल रहे एक फिलिस्तीनी रॉकेट के कारण हुआ. मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों की दुखद मौत से गहरा सदमा लगा है. पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना. प्रधानमंत्री ने कहा, जारी संघर्ष में आम नागरिकों का हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है. इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए. इजराइल और हमास के बीच लड़ाई तब शुरू हुई जब गाजा पट्टी से सशस्त्र हमास आतंकवादियों ने सात अक्टूबर को जमीन, हवा और समुद्र से इजराइल पर अचानक हमला किया. इस संघर्ष के बाद से, लगभग 2,778 फिलिस्तीनी मारे गए हैं. मीडिया में आई खबरों में इजराइल के आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा गया कि इजराइल में कम से कम 1,400 इजराइली और विदेशी नागरिक मारे गए हैं.

### विस्फोट इजराइल ने नहीं, किसी 'अन्य टीम' ने किया : बाइडन

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि ऐसा लगता है कि गाजा पट्टी के अस्पताल में विस्फोट इजराइल द्वारा नहीं किया गया है. बाइडन ने एक बैठक के दौरान इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा, मैंने जो देखा है, उसके आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि यह काम आपने नहीं, बल्कि दूसरी टीम ने किया है. लेकिन बाइडन ने कहा कि वहां बहुत सारे लोग थे जिन्हें नहीं पता है कि किस कारण से विस्फोट हुआ है. हमास शासित गाज़ा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइल ने अस्पताल पर हवाई हमला किया है. इजराइली की सेना ने संलिप्तता से इनकार किया है.

## आओ जानें

### दुनिया में बेरोजगारी की दर

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाइजीरिया | 33.3% | चिली | 8.53% |
| दक्षिण अफ्रीका | 32.6% | उरुग्वे | 8.2% |
| इराक | 5.55% | ब्राज़ील | 8% |
| बोस्निया-हर्जेगोविना | 13.3% | भारत | 8% |
| अफगानिस्तान | 13.3% | इटली | 7.4% |
| स्पेन | 11.6% | फिनलैंड | 7.2% |
| ग्रीस | 11.1% | फ्रांस | 7.2% |
| यूक्रेन | 10.5% | मिस्र | 7.1% |
| ईरान | 9.7% | अर्जेंटीना | 6.9% |
| तुर्की | 9.6% | पराग्वे | 6.5% |
| कोलंबिया | 9.34% | यूरो क्षेत्र | 6.4% |
| स्वीडन | 9.2% | वेनेजुएला | 6.4% |

## संसद की आचार समिति महुआ का मामला 26 अक्टूबर को सुनेगी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

संसद की आचार समिति टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा (कृष्णानगर प बंगाल) के खिलाफ पैसे लेकर सवाल पूछे जाने की (कैश फॉर क्वेरी) शिकायत के मामले में 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी. खबर है कि संसदीय समिति ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को भी मौखिक साक्ष्य के लिए बुलाया है. यह भी बता दें कि संसदीय समिति उसी दिन (26 अक्टूबर) वकील जय अनंत देहाद्रई की बात भी सुनेगी. निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर आरोप लगाया है कि अडाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाने के लिए संसद में सवाल पूछने के लिए व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से रिश्वत ली.

**दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिख कर जांच की मांग की थी :** श्री दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिख कर इस मामले की जांच के लिए जांच समिति गठित करने का आग्रह किया था. भाजपा सांसद ने ओम बिरला को लिखे पत्र में विशेषाधिकार के गंभीर उल्लंघन, सदन की अवमानना और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ए के तहत अपराध में लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा सीधे जुड़े होने का आरोप लगाया है.

#### खास बातें

- स्पीकर ने दुबे का शिकायत पत्र आचार समिति के पास भेजा
- महुआ मोइत्रा दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है

#### महुआ ने आरोपों को आधारहीन करार दिया

जान लें कि महुआ ने आरोपों को आधारहीन करार देते हुए ओम बिरला से आग्रह किया है कि उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए समिति का गठन करें. लोकसभा की आचार समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर हैं.

### नवरात्र के पहले तीन दिन में वैष्णो मंदिर में सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये

**कटरा/जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुट पहाड़ियों पर स्थित वैष्णो देवी गुफा मंदिर में नवरात्र के पहले तीन दिन में 1.27 लाख से अधिक श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके हैं. अधिकारियों बुधवार को यह जानकारी दी. जम्मू से 45 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर को नौ दिवसीय नवरात्र उत्सव के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विशेष तौर पर सजाया गया है. यह उत्सव 15 अक्टूबर को शुरू हुआ है, जो 23 अक्टूबर तक चलेगा.

## राहुल का प्रहार

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र व पीएम पर दागे कई सवाल

# 'पवार पीएम नहीं कि उनसे अडाणी पर प्रश्न पूछें'

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडाणी से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार की मुलाकातों को लेकर बुधवार को कहा कि पवार देश के प्रधानमंत्री नहीं हैं और अडाणी का बचाव भी नहीं कर रहे हैं, इसलिए वह राकांपा नेता से सवाल नहीं करते. उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अडाणी का बचाव कर रहे हैं, इसलिए वह उनसे सवाल पूछते हैं. राहुल गांधी ने 'फाइनेंशियल टाइम्स' में प्रकाशित अडाणी समूह से संबंधित एक खबर का हवाला देकर इस कारोबारी समूह पर कोयले के आयात में ज्यादा कीमत दिखाकर 12000 करोड़ रुपये की 'चोरी करने' का आरोप लगाया. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल भी किया कि अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोप जांच क्यों नहीं हो रही है? यदि शरद पवार जी भारत के प्रधानमंत्री होते और यदि वह अडाणी की रक्षा कर रहे होते, तो मैं पवार जी से भी प्रश्न पूछ रहा होता.

#### खास बातें

- फाइनेंशिल टाइम्स में छपी खबर दिखाकर पूछे सवाल
- नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी के संबंधों पर सवाल उठाए

### कांग्रेस की सीईसी ने की राजस्थान-एमपी के लिए उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा



**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने बुधवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर चर्चा की तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उम्मीद जताई कि उनकी पार्टी इन चुनावों में जनता का आशीर्वाद हासिल करेगी. खड़गे की अध्यक्षता में राजस्थान को लेकर हुई सीईसी की बैठक में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और कई अन्य नेता शामिल हुए.

### 'राहुल अनपढ़ बच्चा राजनीति ज्ञान नहीं'



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने वंशवाद की राजनीति पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की और उन्हें एक 'अनपढ बच्चा' बताया, जिसे राजनीति के बारे में कोई ज्ञान नहीं है. गांधी ने मंगलवार को चुनावी राज्य मिजोरम में संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे के बीसीसीआई में पद का जिक्र किया था. गांधी ने एक प्रश्न पर कहा था, 'अमित शाह का बेटा क्या करता है? वास्तव में वह क्या कर रहा है? (रक्षा मंत्री) राजनाथ सिंह का बेटा क्या करता है? मैंने सुना था कि अमित शाह का बेटा भारतीय क्रिकेट को संचालित कर रहा है...भाजपा के नेताओं को देखें और खुद से सवाल पूछें कि उनके बच्चे क्या कर रहे हैं? उनके कई बच्चे वंशवाद से आए हैं. गृह मंत्री के बेटे जय शाह बीसीसीआई के सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष हैं, जबकि सिंह के बेटे उत्तर प्रदेश विधानसभा से सदस्य हैं.

### 'राहुल पर्यटक के तौर पर आ सकते हैं तेलंगाना'



**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति की के. कविता ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'चुनाव गांधी' कहकर संबोधित किया और कहा कि गांधी तेलंगाना में एक पर्यटक के तौर पर आ सकते हैं, यहां के मशहूर लजीज स्थानीय भोजन 'अंकापुर चिकन' का स्वाद चख सकते हैं और फिर वापस जा सकते हैं. यहां से करीब 206 किलोमीटर दूर बोधन में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने राहुल से अनुरोध किया है कि वह बुधवार से शुरू हो रही अपनी तीन दिवसीय बस यात्रा के दौरान निजामाबाद के दौरे में अपनी अजीबोगरीब बातों से लोगों में मतभेद पैदा नहीं करें. कविता ने जानना चाहा कि गांधी तेलंगाना क्यों आ रहे हैं और आरोप लगाया कि उन्होंने राज्य, इसके किसानों या छात्रों के लिए कुछ नहीं किया है और वह तेलंगाना की विकास की कहानी का भी हिस्सा नहीं हैं. उन्होंने कहा, आपके लिए तेलंगाना में कोई जगह नहीं है. इसीलिए राहुल जी हम आपको 'चुनाव गांधी' ही कहना चाहते हैं.

## अडाणी समूह के खिलाफ फिर खुला नया मोर्चा

# तो क्या इसलिए देश में है महंगी बिजली...?

**अडाणी समूह के खिलाफ इंडिया गठबंधन खास कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार हमलावर रहे हैं. अब अडाणी समूह पर नया आरोप चस्पा हुआ है. राहुल गांधी ने कहा है कि अडाणी ग्रुप इंडोनेशिया में कोयला खरीदता है और जब उनका कोयला भारत आता है, तो उसका दाम दोगुना हो जाता है. फिर महंगे कोयले का हवाला देकर जनता को महंगी बिजली बेची जाती है. ऐसा करके अडाणी समूह ने देश की गरीब जनता की जेब से 12000 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं और इसमें प्रधानमंत्री का सुरक्षा कवच अडाणी को मिला हुआ है.**





शुभम संदेश नेटवर्क

हाल ही में लंदन के प्रतिष्ठित अखबार फाइनेंशियल टाइम्स में छपी एक रिपोर्ट को आधार बना कर राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ नया मोर्चा खोला है. राहुल गांधी ने अडाणी समूह, कोयला कीमतों और मोदी सरकार के फैसलों को लेकर कई आरोप लगाए हैं. अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि अडाणी ग्रुप ने कोयला इंपोर्ट करने में कोयले की कीमतें ज्यादा दिखा कर, भारत में बिजली के रेट बढ़ा दिए. इस तरह से अडाणी ग्रुप ने जनता की जेब से 12000 करोड़ रुपए निकाल लिए है. रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी समूह कोयले की कीमतों को बढ़ा हुआ यानी की 'ओवरप्राइस' दिखाता है, जिससे यहां बिजली की कीमतें बढ़ जाती हैं. ऐसे में स्पष्ट है कि भारत में बिजली की बढ़ती कीमतों के पीछे अडाणी ग्रुप है. भारत के नागरिकों को ये समझना है कि आपके बिजली का बिल जिस तरह से बढ़ता जा रहा है, उसमें से 12000 करोड़ रुपए आपकी जेब में से सीधा अडाणी के पास जा रहे हैं. राहुल गांधी कहते हैं कि भारत में नियामक संस्था सेबी इस मामले की जांच कर रही है, लेकिन सेबी कहती है कि उसे दस्तावेज नहीं मिल रहे, लेकिन फाइनेंशियल टाइम्स को सारे डॉक्युमेंट्स मिल गए. सीधी सी बात है कि अडाणी को सरकार के उच्चतम स्तर से प्रोटेक्शन मिल रहा है. राहुल गांधी ने कहा कि पहले वो इस मामले में 20 हजार करोड़ रुपए के घोटाले की बात कर रहे थे, लेकिन अब ये आंकड़ा बढ़ कर 32 हजार करोड़ रुपए हो गया है. पता नहीं ये आगे चल कर कितना हो जाएगा.

## फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में क्या छपा है?

फाइनेंशियल टाइम्स में 12 अक्टूबर को इस विषय पर विस्तार से एक रिपोर्ट छापी गई है. ' दि मिस्ट्री ऑफ दि अडाणी कोल इम्पोर्ट्स दैट क्वाइटली डबुल्ड इन वैल्यू' नाम के शीर्षक से लंदन से प्रकाशित इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा जांच किए गए कस्टम रिकॉर्ड्स से पता चलता है कि अडाणी समूह जो भारत की अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से पर हावी है, ने बाजार मूल्य से काफी अधिक कीमत पर अरबों डॉलर का कोयला आयात किया है.

फाइनेंशियल टाइम्स की जांच के अनुसार डेटा लंबे समय से लग रहे इन आरोपों का समर्थन करते हैं कि देश का सबसे बड़ा निजी कोयला आयातक अडानी ईंधन की लागत को बढ़ा हुआ दिखा रहा है और इसकी वजह से लाखों भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों को बिजली के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है. एफटी के अनुसार रिकॉर्ड से पता चलता है कि पिछले दो वर्षों में, अडानी ने ताइवान, दुबई और सिंगापुर में ऑफशॉर मध्यस्थों के जरिए 5 अरब डॉलर मूल्य का कोयला आयात किया, जो कई बार बाजार मूल्य से दोगुने से भी अधिक था.

एफटी के अनुसार इनमें से एक कंपनी का स्वामित्व एक ताइवानी व्यवसायी के पास है, जिसे हाल ही में एफटी द्वारा अडानी कंपनियों में एक बड़े छिपे हुए शेयरधारक के रूप में बताया गया था.

फाइनेंशियल टाइम्स की जांच में यह भी कहती है कि उसने 2019 से 2021 के बीच अडानी की एक कंपनी द्वारा इंडोनेशिया से भारत मंगाए गए कोयले की 30 खेप से जुड़े दस्तावेजों का अध्ययन किया. फाइनेंशियल टाइम्स ने आरोप लगाया है कि इन सभी मामलों में आयात दस्तावेजों में दिखाए गए कोयले के दाम निर्यात दस्तावेजों में दर्ज कोयले के दामों से बहुत ज्यादा थे. इस पूरे लेन-देन के दौरान कोयले की कीमतें 70 मिलियन डॉलर से ज्यादा बढ़ गई थीं.

### अडाणी समूह ने आरोपों को निराधार बताया

फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में अडानी समूह की प्रतिक्रिया भी छापी है. फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार अडानी समूह इन सभी आरोपों से इनकार करता है. अडानी समूह ने कहा है कि एफटी की कहानी "पुराने, निराधार आरोप" पर आधारित है, और "सार्वजनिक रूप से उपलब्ध तथ्यों और सूचनाओं का एक चालाकीपूर्ण पुनर्चक्रण और चयनात्मक गलत बयानी है." एफटी की रिपोर्ट के अनुसार ईंधन की लागत बढ़ाने का आरोप पहली बार सात साल पहले भारतीय वित्त मंत्रालय की आर्थिक अपराध की जांच करने वाली जांच इकाई, राजस्व खुफिया निदेशालय की जांच में लगाया गया था.

### एक ही कोयले की अलग-अलग कीमतें

फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में एक जांच का विस्तार से हवाला दिया है. इसके अनुसार जनवरी 2019 में, दक्षिण कोरियाई मालिक और पनामा के झंडे के साथ 229 मीटर लंबा थोक वाहक डीएल अकेशिया नाम का पानी का जहाज, इंडोनेशिया के कलियोरंग बंदरगाह से रवाना हुआ. इस जहाज में भारत के एक ताप विद्युत घर के लिए कोयला भरा हुआ था. एफटी की रिपोर्ट के अनुसार यात्रा के दौरान, कुछ असाधारण घटित हुआ. वो ये हुआ कि इस जहाज में लदे कोयले का मूल्य दोगुना हो गया. निर्यात रिकॉर्ड में इसकी कीमत $1.9 मिलियन थी, साथ ही स्थानीय लागत के लिए $42,000 अलग से आवंटित थे. एफटी का आरोप है कि अडानी द्वारा संचालित भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह, गुजरात के मुंद्रा में पहुंचने पर इस कोयले का आयात मूल्य 4.3 मिलियन डॉलर दिखाया गया था.

फाइनेंशियल टाइम्स का कहना है कि डीएल अकेशिया कार्गो अडानी एंटरप्राइजेज द्वारा भारत में आयातित 30 शिपमेंट में से एक था, जिसकी एफटी ने विस्तार से जांच की थी. एफटी का दावा है कि सभी मामलों में कोयले का आयात करने वाले जहाज के कस्टम रिकॉर्ड का मिलान इंडोनेशिया में फाइल किए रिकॉर्ड से मैच किया गया था. ये रिकॉर्ड जनवरी 2019 से लेकर अगस्त 2021 के बीच का है. इसके बाद इंडोनेशिया के रिकॉर्ड मिलने बंद हो गए.

फाइनेंशियल टाइम्स का दावा है कि इंडोनेशियाई रिकॉर्ड्स के अनुसार, इन 30 बार की ट्रांजेक्शन में कुल 3.1 मिलियन टन कोयले की लागत $139 मिलियन थी, साथ ही इंडोनेशिया में शिपिंग और बीमा लागत $3.1 मिलियन थी. लेकिन भारत में सीमा शुल्क अधिकारियों को इस कोयले का मूल्य 215 मिलियन डॉलर बताया गया. फाइनेंशियल टाइम्स का दावा है कि इससे पता चलता है कि इस कोयले के इंडोनेशिया से भारत आने से 73 मिलियन डॉलर का मुनाफा हुआ.

आओ जानें

## 19 अक्टूबर का इतिहास

- 1630 बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन किया गया.
- 1739 इंग्लैंड ने स्पेन पर युद्ध की घोषणा की.
- 1889 फ्रांसीसी नेता नेपोलियन बोनापार्ट ने रूस की राजधानी से अपनी सेना हटाई.
- 1915 रूस और इटली ने बुल्गारिया पर युद्ध की घोषणा की.
- 1926 जॉन सी गैरेंड ने सेमी ऑटोमेटिक राइफल का पेटेंट कराया.
- 1950 मदर टेरेसा ने कलकत्ता (भारत) में मिशनरी ऑफ चैरिटिज की स्थापना की.
- 1970 भारत में निर्मित पहला मिग – 21 विमान भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया.
- 2004 चीन ने अपना पहला व्यावसायिक मौसम उपग्रह छोड़ा.

## बजरंग दल ने प्रेमी जोड़े को पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

संवाददाता। धनबाद

धनबाद से लव जिहाद का एक मामला सामने आया है, जहां हिंदू लड़ी जमशेदपुर से भागकर शादी करने के लिए धनबाद रजिस्ट्री ऑफिस पहुंची थी. हालांकि वहां पहले से मौजूद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रेमी जोडे को पकड़ लिया और मुस्लिम युवक की जमकर धुनाई कर दी, साथ ही दोनों को धनबाद महिला थाना के हवाले कर दिया. भूली ईस्ट बसुरिया के रहने वाले सोहेल खान नामक युवक का जमशेदपुर की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग कई महीनों से परवान चढ़ रहा था. बुधवार को रजिस्ट्री ऑफिस में दोनों शादी करने वाले थे. इसी दौरान जमशेदपुर बजरंग दल ने धनबाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना दी जिसके बाद दोनों प्रेमी जोड़ों को रजिस्ट्री ऑफिस के पास पकड़ लिया गया. वहीं पुलिस ने दोनों के परिजन को थाना बुलाया गया है.

धनबाद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष लालू तिवारी ने बताया कि 10 दिनों से जमशेदपुर के बिष्टुपुर से युवती के गायब होने की सूचना मिल रही थी. जमशेदपुर बजरंग दल के द्वारा धनबाद के बजरंग दल से संपर्क कर इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद बजरंग दल धनबाद के कार्यकर्ताओं ने रजिस्ट्री ऑफिस के पास दोनों को पकड़ा उस समय युवती भुरखा पहनी हुई थी दोनों को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि युवती का जबरन धर्म परिवर्तन करने की कोशिश की जा रही है पर सरकार को विशेष ध्यान देने की जरूरत है.

## रांची पहुंचे मणिपुर के दो छात्र, बतायी पीड़ा

संवाददाता ।रांची



मणिपुर के चुरूचमपुरा जिले के दो छात्र गोलुन और जाउलिन सोमवार को रांची पहुंचे. दोनों लोवाडीह के चर्च में अपने प्रोफेसर के साथ पहुंचे हैं. वार्ड पार्षद कुलभूषण ने उनका स्वागत किया. इस दौरान दोनों छात्रों ने अपनी पीड़ा सभी को बतायी. उन्होंने बताया कि उनके बाद 20 और छात्र यहां आएंगे. छात्रों ने कहा कि वे पढ़ाई करने यहां पहुंचे हैं. मणिपुर में हमारे सारे सर्टिफिकेट जल चुके हैं. दोनों रांची विवि में नामांकन के लिए वीसी से मिलने गए थे, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी. वहीं संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य ने नामांकन को लेकर मंजूरी दी है. फिलहाल उनके पास रांची में रहने और खाने की चुनौती है.

कॅरियर-काउंसिलिंग

# स्वयं प्रभा की मदद से अपने घर पर करें मुफ्त पढ़ाई

एजुकेशन रिपोर्टर/रजनीश प्रसाद

स्वयं प्रभा भारत सरकार की एक योजना है. इस योजन के तहत टीवी चैनल के माध्य से घर-घर शिक्षा पहुचाया जाता है. स्वयं प्रभा को भारत सरका के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा चलाया जाता है. स्वयं प्रभा में कुल 32 डीटीएच चैनल है, जिसमें शिक्षक पढ़ाते है. इसमें दिखाये जाने वालें वीडियों रिकॉर्डेड होते हैं, जिसमें टॉपिक के हिसाब से पढ़ाया जाता है. चैनल भारत के सभी राज्य में उपलब्ध है, ये सतों दिन 24 घंटे उपलब्ध है. स्वयं प्रभा का मुख्य लक्ष्य यह है कि जहां इंटरनेट उपलब्ध नहीं है, उन स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री पहुंचाना है. स्वयं प्रभा को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपती प्रणब मुखर्जी ने 9 जुलाई 2017 को लांच किया गया था. स्वयं प्रभा चैनलों के प्रसारण के लिए उपयोग की जाने वाली उपग्रह जीसैट-15 उपग्रह है. स्वयं प्रभा में प्रत्येक दिन कम से कम 4 घंटे के लिए नई सामग्री की डिलीवरी होती है. जिसे दिन के दौरान पांच बार दोहराया जाता है. ताकि छात्र अपने समय के अनुसार अध्ययन कर सकें. बीआईएसएजी गांधीनगर से चैनल का संचालन किया जाता हैं. स्वयं प्रभा का वेब पोर्टल इंफिलिनेट है. स्वयं प्रभा की सामग्री एनपीटीईएल, आईआईटी, यूजीसी, इग्नू, सीईसी, एनआईओएस और एनसीईआरटी द्वारा प्रदान की जाती है. यदि आपके पास घर पर डीटीएच है, तो स्वयं प्रभा चैनल देखें. यह चैनल विभिन्न डीटीएच प्लेटफार्मों जैसे डीडी फ्री डिश, डिश टीवी जैसे कई डीटीएच पर उपलब्ध है. विभिन्न विषयों और ग्रेड स्तरों के लिए 32 स्वयं प्रभा चैनल हैं.

अपनी डीटीएच सेवा के लिए सही चैनल नंबर ढूंढने के लिए आधिकारिक चैनल की सूची देखे. यदि आपके पास डीटीएच सेवा नहीं है, तो स्वयं प्रभा की कुछ सामग्री उनकी आधिकारिक वेबसाइट या स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध है. मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भी सामग्री तक पहुंच सकते हैं. कुछ विश्वविद्यालयों और संस्थानों ने अपने छात्रों के लिए स्वयं प्रभा चैनल प्रसारित करने के लिए समर्पित सिस्टम स्थापित किया है.

### इनकी होती है पढ़ाई

- 9वीं से 12वीं कक्षा
- प्रतियोगी परीक्षा
- उच्च शिक्षा

### कैसे करे रजिस्ट्रेशन

- स्वयंप्रभा की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं .
- रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें.
- अगले पृष्ठ पर, अपनी ईमेल आईडी, फोन नंबर, पासवर्ड डालें.
- पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए साइनअप पर क्लिक करें.

### कैसे करें लॉग इन

- https://www.swayamprabha.g-v.in/index.php/h-me पर जाएं .
- लॉगिन पर क्लिक करें.
- ईमेल आईडी, पासवर्ड, भूमिका और कैप्चा दर्ज करें.
- प्रक्रिया पूरी करने के लिए 'लॉगिन' पर क्लिक करें.



### स्वयं प्रभा की विशेषताएं

- कार्यक्रम के लिए एक उचित रूप से परिभाषित कार्यक्रम है.
- खोज और ब्राउज इंटरफेस के लिए एक निर्दिष्ट स्थान है.
- स्वयं प्रभा में कोई भी वीडियो संग्रहीत कर सकता है.
- स्वयं प्रभा का एक मोबाइल ऐप संस्करण भी है.
- स्वयं प्रभा में फीडबैक तंत्र का भी प्रावधान है.
- स्वयं प्रभा में हितधारक के लिए लॉगिन-आधारित पहुंच की एक प्रणाली है.
- स्वयं प्रभा में एसएमएस अलर्ट और माई लाइब्रेरी फीचर का प्रावधान है.
- स्वयं प्रभा में पाठ्यक्रम-आधारित पाठ्यक्रम हैं जो भारत और विदेशों में भारतीय नागरिकों की आजीवन शिक्षार्थियों की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं.

### स्वयं प्रभा के चैनल

- चैनल 1 वागीश मानविकी-1, भाषा और साहित्य के लिए है.
- चैनल 2 संस्कृति मानविकी-2, कला, इतिहास, दर्शन और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 3 प्रबोध सामाजिक विज्ञान-1, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 4 सारस्वत सामाजिक विज्ञान - 2, शिक्षा, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 5 प्रबंधन सामाजिक विज्ञान-3, प्रबंधन, पुस्तकालय विज्ञान, सूचना विज्ञान और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 6 विधिक सामाजिक विज्ञान-4, कानून, कानूनी अध्ययन, मानवाधिकार और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 7 कौटिल्य अर्थशास्त्र, वाणिज्य और वित्त के लिए है.
- चैनल 8 आर्यभट्ट भौतिक विज्ञान, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 9 स्पंदन जीवन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणीशास्त्र, जैव विज्ञान और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 10 दक्ष अनुप्रयुक्त विज्ञान, संबद्ध भौतिक और रासायनिक विज्ञान और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 11 एनपीटीईएल केमिकल इंजीनियरिंग, रसायन विज्ञान और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 12 एनपीटीईएल सिविल इंजीनियरिंग और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 13 एनपीटीईएल कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग के लिए है.
- चैनल 14 एनपीटीईएल इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 15 एनपीटीईएल इंजीनियरिंग विज्ञान और इंजीनियरिंग के सामान्य विषयों के लिए है.
- चैनल 16 एनपीटीईएल मानविकी, सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन के लिए है.
- चैनल 17 एनपीटीईएल मैकेनिकल इंजीनियरिंग और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 18 एनपीटीईएल गणित, भौतिकी, धातुकर्म और संबंधित विषयों के लिए है.
- चैनल 19 आईआईटी पाल जीवविज्ञान के लिए है.
- चैनल 20 आईआईटी पाल रसायन विज्ञान के लिए है.
- चैनल 21 आईआईटी पाल गणित के लिए है.
- चैनल 22 आईआईटी पाल भौतिकी के लिए है.
- चैनल 23 इग्नू उदार कला और मानविकी के लिए है.
- चैनल 24 इग्नू कृषि, व्यावसायिक और संबद्ध विज्ञान के लिए है.
- चैनल 25 एनआईओएस डीईएलईडी के लिए है.
- चैनल 26 इग्नू राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों के लिए है.
- चैनल 27 एनआईओएस माध्यमिक विद्यालय शिक्षा के लिए है.
- चैनल 28 एनआईओएस उच्च माध्यमिक विद्यालय शिक्षा के लिए है.
- चैनल 29 यूजीसी-इनफ्लिबनेट (पीजी विषय और योग) के लिए है.
- चैनल 30 एनआईओएस ज्ञानामृत के लिए है.
- चैनल 31 एनसीईआरटी स्कूल और शिक्षक शिक्षा के लिए है.
- चैनल 32 इग्नू और एनआईओएस शिक्षक शिक्षा के लिए हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)

## शारदीय नवरात्र
### पंचमी स्कंदमाता



सिंहासना गता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन पांचवीं दुर्गा के रूप में स्कंदमाता के दर्शन पूजन का विधान है. भगवान कार्तिकेय का एक नाम स्कंद है और उनकी माता होने के कारण ये स्कंदमाता नाम से पूजी जाती हैं.

**विग्रह :** स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं. इनके दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी हुई है, उसमें कमल पुष्प है. बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा में वरमुद्रा में तथा नीचे वाली भुजा जो ऊपर की ओर उठी है. उसमें भी कमल पुष्प ली हुई हैं. इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है. ये कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं. इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है. इनका वाहन सिंह है.

**पूजा विधि :** सबसे पहले चौकी (बाजोट) पर स्कंदमाता की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें. इसके बाद व्रत, पूजन का संकल्प लें और वैदिक एवं सप्तशती मंत्रों द्वारा स्कंदमाता सहित समस्त स्थापित देवताओं की षोडशोपचार पूजा करें.

- डॉ विनय कुमार पांडेय

## रिम्स ओपीडी

सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक

विभाग — डॉक्टर का नाम

- **मेडिसिन:** डॉ संजय कुमार सिंह
- **सर्जरी:** डॉ एम सरावगी
- **ऑर्थोपेडिक:** डॉ विनय प्रभात
- **कार्डियोलॉजी:** डॉ प्रशांत
- **टीबी एवं चेस्ट:** डॉ ब्रजेश मिश्रा
- **नेत्र:** डॉ दीपक लकड़ा
- **ऑब्स गायनी:** डॉ मीणा मेहता
- **ईएनटी:** डॉ संदीप कुमार
- **रेडिएशन ऑकोलॉजी:** डॉ अनूप कुमार
- **सीटीवीएस:** डॉ अंशुल कुमार
- **नेफ्रोलॉजी:** डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- **सायकेट्री:** डॉ अजय बाखला
- **पीडियाट्रिक सर्जरी:** डॉ अभिषेक रंजन

## सदर अस्पताल हजारीबाग

विभाग — डॉक्टर का नाम

- **मेडिसिन :** डॉ. एके सिन्हा
- **मनो चिकित्सा विभाग :** डॉ. रूपा
- **शिशु रोग :** डॉ. अजय कुमार
- **इएनटी :** डॉ. पीके सिंह
- **डेंटल विभाग :** डॉ. केडी इनामी

ट्रामा सेंटर : सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक

- **सर्जन :** डॉ. शशिकांत
- **मेडिसिन :** डॉ. रेफॉर्ड

अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक

- **सर्जन :** डॉ. दिवाकर
- **मेडिसिन:** डॉ. आरके सिंह

रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक

- **ऑर्थो विभाग :** डॉ. तुषार
- **मेडिसिन :** डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 17 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 27 डिग्री सेल्सियस
- **संभावित बारिश की स्थिति :** शून्य
- **हवा की रफ्तार :** 19 किमी प्रति घंटे

## अलग-अलग जगह छह घरों के चिरागों का अंतिम संस्कार, रोते-बिलखते रहे परिवार

# ... और रो उठा पूरा हजारीबाग

- मौज-मस्ती में बुझ गए छह घरों के चिराग
- कोई कोस रहे थे किस्मत को, तो कोई अभिभावक और स्कूल प्रबंधन को ठहरा रहे थे लापरवाह

**शुभम संदेश फॉलोअप**

शुभम संदेश टीम

**हजारीबाग।** अलग-अलग जगहों पर छह घरों के चिरागों का बुधवार को अंतिम संस्कार हुआ. इस दौरान पूरा हजारीबाग रो उठा. लोग कह रहे कि मौज-मस्ती ने छह घरों के चिराग बुझा दिए. अंतिम यात्रा के दौरान हजारीबाग के लोटवा डैम में डूब कर जान गंवाने वाले छह किशोरों के परिवार रोते-बिलखते रहे. किसी का अंतिम संस्कार हजारीबाग स्थित खीरगांव के मुक्तिधाम में हुआ, तो किसी का पदमा के बनगावां में.

मृत छात्र रजनीश पांडेय के शव को गया स्थित पैतृक गांव ले जाया गया. वहीं, मयंक सिंह का श्राद्धकर्म गया स्थित लोधवा गांव से होगा. इस तरह झारखंड से बिहार तक परिजनों के अश्रुधार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. इस मामले में लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर मौत का यह हृदयविदारक सफर कैसे और कब थमेगा. सिझुआ के मुखिया रंजीत मेहता और लोटवा के मुखिया सतेंद्र कहते हैं कि यहां एनडीआरएफ की टीम होनी चाहिए. वहीं अभिभावकों को भी अपने बच्चों की हर छोटी-बड़ी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित रखने की जरूरत है.

**सदमे में है सोनू, न खा-पी रहा, न कुछ बोल रहा :** सोनू कुमार भी अपने छह मित्रों के साथ लोटवा डैम गया था. लेकिन, किस्मत ने साथ दिया और वह बच गया. मंगलवार देर शाम उसका बयान थाने में दर्ज किया गया. इसमें उसने बताया कि दो छात्र डूब रहे थे. उसे ही बचाने के लिए चार अन्य छात्र भी आगे बढ़ गए. वे भी डूबने लगे. जब छह दोस्तों को डूबते हुए देखा, तो वह भी बचाने के लिए पानी में उतर गया. लेकिन, वह भी डूबने लगा. ऐसे में वह हाथ पैर मारा, तो उसका पैर जमीन पर पड़ गया. इससे वह डूबने से बच गया. घर आने के बाद सोनू कुमार सदमे में है. वह न तो खाना खा रहा है और न ही किसी से बात कर रहा है. उसके घर वाले उसके साथ हमेशा रह रहे हैं. उसके एक परिजन ने बताया कि रात भर वह सोया भी नहीं और एक कोने में बैठा रहा. यही नहीं सुबह से शाम तक एक निवाला तक नहीं लिया है. रोते-रोते उसकी तबीयत खराब हो गई है. घरवाले भी काफी परेशान हैं कि कैसे उसे सदमे से बाहर निकाला जाए. घरवालों का कहना है कि एक बहुत बड़ी घटना से ऊपर वाले ने सोनू को बचा लिया.



मृतक छात्र प्रवीण के अंतिम संस्कार में शामिल लोग व बिलखते परिजन.

### पोते को मुखाग्नि दे फफक उठे दादा पशुपति

मृत छात्र मयंक कुमार का अंतिम संस्कार खीरगांव स्थित मुक्तिधाम में किया गया. वहां उनके दादा पशुपति सिंह ने मुखाग्नि दी. पोस्टमार्टम करने के बाद मयंक का शव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा गया था. उनके भाई चेन्नई से अनीश कुमार हजारीबाग पहुंचने के बाद शव को घर लेकर आए. महज आधे घंटे के अंदर ही अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम निकल गए. शव के आते ही परिवार के लोगों के चीत्कार से पूरा मोहल्ला दहल उठा. मयंक की मां राखी देवी बेहाल हैं. बेटे के शव से लिपटकर रोने लगी. वह बार-बार यही कहकर फूट-फूट कर रो रही थी कि अगर इलाज के लिए वेल्लोर नहीं जाती, तो शायद ऐसा नहीं होता. दरअसल, मयंक की मां राखी देवी, पिता अशोक सिंह और उसकी दादी इलाज के लिए वेल्लोर गई थीं. जैसे ही वह रांची पहुंची, तो उन्हें घटना कि जानकारी मिली. बदहवास हालत में रांची से घटनास्थल पर पहुंचीं. किसी तरह उन्हें घर लाया गया. शव पहुंचते ही वह फूट पड़ीं. मां का कलेजा फट गया. दूसरी ओर पिता अशोक सिंह भी बेहोश हो गए. ऐसे में स्थानीय लोगों और उनके परिवार वालों ने उन्हें ढांढ़स बनाया और अंतिम संस्कार के लिए तैयारी की गई. लगभग 70 वर्षीय दादा पशुपति सिंह की भी स्थिति खराब हो गई. कभी वह अपने बेटे, तो कभी



अपने पोते का चेहरा देखते रहे. अंततः उन्होंने तय किया कि अपने पोते को मुखाग्नि खुद देंगे. दोपहर लगभग दो बजे के आसपास हजारीबाग पोस्टमार्टम हाउस से शव मटवारी स्थित उनके घर के लिए निकला और 2:40 बजे अंतिम संस्कार के लिए खीरगांव के लिए निकल गया. जानकारी के अनुसार, अंतिम संस्कार के बाद कर्मकांड उनके पैतृक आवास बिहार के लोधवे गांव गया से किया जाएगा. परिवार वाले हजारीबाग में अंतिम संस्कार करने के बाद गया के लिए रवाना हो जाएंगे. मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, झामुमो नेता दिलीप वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता अखौरी ब्रजेश सहाय, जदयू नेता अनिल सिंह समेत कई लोगों ने गहरी संवेदना जताते हुए अंतिम संस्कार में सहयोग किया.

### पहले भी डूबने से कई बच्चों की हो चुकी है मौत

- वर्ष 2021 में पेलावल थाना क्षेत्र के गदोखर बाली बांध में पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई थी.
- वर्ष 2022 में मेरू में नहाने के दौरान तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी.
- पांच माह पहले लारा नदी में सेल्फी लेने के दौरान डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई थी.
- सात मार्च को इचाक थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव में डोभा में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई थी.
- चौपारण के बछई में कर्मा पूजा के दूसरे दिन तीन लड़कियों की बराकर नदी में डूबने से मौत हो गई थी.

### स्कूल प्रबंधन पर लगा लापरवाही का आरोप

**केरेडारी।** मटवारी में ही रहनेवाले केरेडारी के पेटो निवासी शंकर रजक के पुत्र शिव सागर का अंतिम संस्कार पैतृक गांव में किया गया. मृत छात्र के पिता शंकर रजक ने बताया कि प्रिंसिपल की लापरवाही के कारण उनके बच्चे की जान चली गई. उन्होंने प्रिंसिपल को पहले ही आगाह किया था कि उनका बच्चा अगर क्लास में नहीं जाता है, तो उन्हें सूचना देंगे. लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जब उनका बच्चा स्कूल नहीं गया, तो प्रिंसिपल ने उन्हें सूचना देने की आवश्यकता नहीं समझी. अपराह्न 12: 30 बजे सूचना दी गई कि लोटवा डैम में डूब कर उनके बेटे की मौत हो गई है. वह प्रिंसिपल पर कानूनी कार्रवाई करेंगे.

### पैतृक गांव में हुआ प्रवीण का अंतिम संस्कार

**बरही।** लोटवा डैम हादसे में जान गंवाने वाले माउंट एग्माउंट के छात्र पदमा प्रखंड के बनगावां निवासी द्वारिका प्रसाद यादव के पुत्र प्रवीण कुमार यादव का अंतिम संस्कार पैतृक गांव के श्मशान में किया गया. पोस्टमार्टम के बाद शव मंगलवार देर संध्या 7:30 बजे आवास पहुंचा. शव पहुंचते ही परिजन दहाड़ मार कर रो रहे थे. बेटे का शव देख मां सुध खो रही थी. पूरे गांव में मातम छाया था. मौके पर चौपारण-2 के जिला परिषद सदस्य रवि शंकर अकेला, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव व राजन ओम, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मनान वारसी, पूनम यादव, नागेश्वर यादव शोकाकुल परिजनों से मिले और गहरी संवेदना व्यक्त की. प्रवीण, दो भाइयों में बड़ा था. मृतक के पिता द्वारिका प्रसाद यादव को इस घटना की सूचना बीते कल ही मिल चुकी थी. वह 20 वर्षों से मुबई में कारोबार कर रहे हैं. उनका हजारीबाग के दीपूगढ़ा में भी अपना घर है. जहां उन दोनों भाइयों की पढ़ाई हो रही थी.

### मौत का डैम लोटवा में पसरा रहा मातमी सन्नाटा

30 फीट गहरा मौत का डैम लोटवा में बुधवार को सन्नाटा पसरा हुआ है. वहां दिन भर में कोई ना कोई व्यक्ति आते-जाते दिख जाता था. गांव के लोग लकड़ी चुनने के लिए पहुंचते थे. लेकिन आज कोई भी व्यक्ति डैम की ओर नहीं दिख रहा था, मानो ऐसा कि डैम इंसान को निगल लेगा. लोटवा, पंडवा, परासी, चीहू, दाउजीनगर आदि में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है. आसपास के ग्रामीण कहते हैं कि रात भर मानो ऐसा लग रहा था कि कोई आवाज दे रहा है. बहुत ही भय और खौफनाक मंजर देखा है. एक के बाद एक छह शव का निकलना दिल दहलाने वाली घटना थी. अब गांव के लोग चाहते हैं कि उसे जगह पर एक प्रहरी भी लगाया जाए, जो लोगों को आने-जाने से रोके. साथ ही साथ गांव के लोगों ने यह भी तय किया है कि स्कूल के बच्चों को जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी.



## प्रॉपर्टी बाजार

- **लोकेशन- केरेडारी चौक के आसपास**
- **स्थल :** केरेडारी
- **जमीन की कीमत :** पांच-सात लाख रुपए डिसमिल
- **बस स्टैंड से दूरी :** आधा किलोमीटर
- **रेलवे स्टेशन से दूरी :** 40 किलोमीटर
- **आवागमन का साधन :** कार, ऑटो, बाइक, बस आदि
- **आसपास के स्कूल :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय केरेडारी, प्राइवेट स्कूल
- **पास का बाजार :** केरेडारी

## हेल्थ अलर्ट

**अस्पताल का नाम-जनहित सेवा सदन, केरेडारी**

- **लोकेशन :** केरेडारी-बड़कागांव रोड
- **कुल बेड :** 14
- **आईसीयू :** नहीं
- **एंबुलेंस :** हां
- **साफ-सफाई :** बेहतर
- **पार्किंग सुविधा :** हां
- **चिकित्सक :** डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विनीता गुप्ता और डॉ. सचिन गुप्ता
- **विशेषज्ञ :** स्त्री रोग विशेषज्ञ
- **सुविधाएं :** सातों दिन 24 घंटे इलाज, मेडिकल, ओपीडी, ओटी, इसीजी समेत अन्य कई सुविधाएं

## घूमें-फिरें

- **स्थल का नाम : जोरी पहाड़ी काली मंदिर**
- **शहर से कितनी दूर :** 15 किमी
- **शहर में कहां है :** चतरा-हंटरगंज मार्ग में
- **कैसे पहुंचेंगे :** बाइक, कार, ऑटो, बस आदि से
- **पहुंचने का रूट क्या है :** चतरा-हंटरगंज मार्ग
- **क्या-क्या है खास :** यह मनोरम स्थल है. इसके चारों ओर प्राकृतिक वातावरण है. यहां पहाड़ी पर प्रसिद्ध काली मंदिर है. दंपती यहां मन्नत मांगने आते हैं.



## खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम : दशरथ ढाबा**

- **किस स्थान पर है :** केरेडारी-टंडवा रोड
- **नाश्ते में क्या :** रोटी, तड़का, आलू पराठा, पनीर चिली, आमलेट
- **दोपहर के भोजन में :** रोटी, दाल, चावल, मिक्स वेज, तड़का, चिकेन, मटन
- **रात के भोजन में :** रोटी, दाल, सब्जी, तड़का, पनीर मशाला, चिकेन, मटन
- **खास क्या है :** चिकेन आइटम
- **वेज नॉनवेज :** दोनों
- **होम डिलिवरी :** नहीं
- **पैकेजिंग :** नहीं
- संचालक **दशरथ कुमार** कहते हैं कि उनके होटल में साफ-सफाई के वातावरण में ग्राहकों को पसंदीदा व स्वादिष्ट नाश्ता एवं भोजन कराना पहली प्राथमिकता है.

## पंचायत भवन के लिए आवंटित जमीन पर कब्जे की कोशिश

संवाददाता। केरेडारी

**अतिक्रमण मामला**

- भूमि पर लगे सरकारी बोर्ड ढक किया जा रहा काम
- शिकायत मिलते ही सीओ ने निर्माण पर लगाई रोक

प्रखंड के पांडू स्थित सरकारी गैर मजरूआ जमीन पर कब्जे की कोशिश की जा रही है. यह जमीन पांडू पंचायत भवन के लिए अंचल कार्यालय की ओर से आवंटित की गई है. स्थानीय ग्रामीणों ने इस जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल से की, तो उन्होंने स्थल जांच की. दरअसल, मौजा पांडू के खाता नंबर-110 खेसरा नंबर-28 से संबंधित गैर मजरूआ जमीन है.

यहां बिना प्रशासनिक अनुमति के पंडाल बनाकर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है. वहीं उस भूमि पर लगे सरकारी बोर्ड को ढक दिया गया है. जांच के दौरान सीओ ने भूमि से संबंधित राजस्व कागजात की मांग की. अतिक्रमणकारी किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं दिखा पाए. उसके बाद सीओ ने तत्काल निर्माण पर रोक लगाने और दुर्गा पूजा आयोजित करने के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही नोटिस निर्गत किया गया. सीओ ने कहा कि निर्धारित समय तक राजस्व कागजात जमा नहीं करने पर अवैध निर्माण करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

## मां दुर्गा महिला सशक्तीकरण का रूप

संवाददाता। हजारीबाग

**शैक्षणिक गतिविधि**

- गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज में मां के स्वरूपों का चित्रण
- प्रशिक्षुओं ने बनाई मां जगदंबे की मनोहारी रंगोली

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में बुधवार को प्रशिक्षुओं ने माता के विभिन्न स्वरूपों का चित्रण किया. साथ ही मां जगदंबे की मनोहारी रंगोली भी बनाई. कई प्रशिक्षुओं ने माता के नौ स्वरूपों की महिमा का वर्णन किया.

आईक्यूएसी इंचार्ज डॉ. बसुंधरा कुमारी ने कहा कि मां दुर्गा महिला सशक्तीकरण का स्वरूप हैं. उन्होंने पृथ्वी पर अन्याय के खिलाफ नौ स्वरूपों में अवतार लेकर असुरों का वध कर मानवता की रक्षा की थी. मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र, प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार यादव, सहायक प्राध्यापिका डॉ. पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, दीपमाला, रचना कुमारी, जगेश्वर रजक, एसएस माइटी, गुलशन कुमार, अनिल कुमार, संदीप खलखो, दशरथ कुमार, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे.



गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज में नवरात्र पर बनाई गई रंगोली के साथ कॉलेज परिवार.

## शहर की गतिविधियां

**मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम में बीएसएफ के जवानों ने बांधा देशभक्ति का समां :** जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय, बड़कागांव के सभागार भवन में बुधवार को मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रमुख वचनदेव कुमार व संचालन उमेश दांगी ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा... धुन के साथ पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम में हजारीबाग मेरू कैंप से आए बीएसएफ के जवानों ने भाग लेकर देशभक्ति गीत-संगीत प्रस्तुत किया. इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज, पूर्व सैनिकों एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शॉल व पौधा देकर सम्मानित किया गया. प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव एवं जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों की प्रस्तुति की. कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाल विवाह पर रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक दिखाया गया. कार्यक्रम की समाप्ति के पूर्व प्रखंड के विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर व वीरांगनाओं के घर के मिट्टी लाकर अमृत कलश में रखा गया.



## रेलवे साइडिंग आगजनी में एक और गिरफ्तार

**हजारीबाग।** कटकमसांडी पुलिस ने शाहपुर रेलवे साइडिंग पर चार वाहनों में आगजनी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी की पहचान कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बचरा निवासी वीरेंद्र राणा उर्फ कामेश्वर राणा उर्फ रंजीत उर्फ सुरेश उर्फ लुला के रूप में की है. वह मयूरहंड और इटखोरी थाने में दर्ज इसी तरह के मामले में पहले भी जेल जा चुका है. गौरतलब है कि विगत 11 अक्तूबर को कटकमसांडी प्रखंड के शाहपुर रेलवे साइडिंग के पास देर रात करीब 12:30 बजे 20-25 की संख्या में उग्रवादी की ड्रेस पहनकर आए अज्ञात अपराधियों ने चार वाहनों में आग लगा दी थी. इस मामले में तीन दिन पहले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था.

**गड़बड़झाला** शहर में दर्जनों जगह निगम ने बनाए हैं पार्किंग स्थल, सालाना 30 लाख की कमाई

# ठेका लिया वाहन पार्किंग का और लगवा रहे हैं ठेला

विस्मय अलंकार। हजारीबाग

शहर में वाहन पार्किंग के नाम पर मिले ठेके का दुरूपयोग किया जा रहा. दुपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए नगर निगम द्वारा ठेकेदारों को दी गई जगहों पर पार्किंग ना हो कर ठेले व गुमटी लगवाए जा रहे हैं और इसके एवज में मोटी रकम वसूली जा रही है. ठेकेदारों की इस मनमानी का खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है. पहले से ही पार्किंग जोन में ठेले-गुमटी के लगे रहने के कारण वाहन सवार जहां-तहां अपने वाहन खड़े कर रहे हैं. इससे सड़क पर जाम लगने के साथ-साथ वाहन चोरी का खतरा भी बना रहता है.

शहर में दुपहिया वाहनों के पड़ाव में सदर थाने के सामने, गुरु गोविंद सिंह पार्क के सामने दोनों तरफ, बैंक ऑफ बड़ोदा के सामने, स्टेट बैंक के सामने,अन्नदा कॉलेज गेट से गिरधारी साव के घर तक, बैंक ऑफ इंडिया के सामने, गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित उर्दू स्कूल के सामने, पोस्ट ऑफिस के सामने और त्रिमूर्ति के पास दो पहिया वाहन पड़ाव है. इन पार्किंग स्थलों की नीलामी में निगम को लगभग 30 लाख रुपये की सालाना कमाई होती है.

लेकिन, यह भी गौर करने वाली बात है कि 30 लाख रुपये में निगम ने पूरे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेतरतीब कर दिया है. ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि नीलामी के बाद नगर निगम की तरफ से कभी भी इसकी पड़ताल नहीं की जाती है कि ठेकेदार ने वाहन पड़ाव का सदुपयोग कर रहे हैं या दुरूपयोग. वहां वाहनों की पार्किंग हो रही है, या पार्किंग स्थल पर ठेले-गुमटी लगाए जा रहे हैं, इस ओर निगम का कोई ध्यान नहीं है.



### अवैध वसूली से परेशान हैं ठेले-रेड़ी वाले

वसूली वाले रवैये से तंग आकर झील परिसर के ठेले-रेड़ी वालों ने सांसद जयंत सिन्हा को आवेदन देकर ठेकेदारों के मनमाने रवैये से अवगत कराया है. आवेदन में कहा गया है कि हम लोग गरीब मजदूर वर्ग से आते हैं. झील परिसर में ठेला-रेड़ी लगाकर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं. बहुत मेहनत के बाद 100 से 200 रुपये कमाई होती है. लेकिन, नगर निगम के नाम पर प्रति ठेला 50 से लेकर 100 रुपये तक जबरन वसूली की जा रही है. वसूली करने वालों में हैदर, शाहिद वगैरह अक्सर गाली-गलौज और मारपीट कर जबरन पैसा ले लेते हैं. ठेले-रेड़ी वालों ने उन ठेकेदारों से मुक्ति दिलाने की मांग की है.

**अवैध वसूली**

- जहां-तहां वाहन पार्किंग से पूरा शहर अस्त-व्यस्त
- हर ठेले व रेड़ी वालों ने ऐंठते हैं 50 से 100 रुपये

## आंदोलनकारियों को खतियान संघर्ष समिति का समर्थन मिला

संवाददाता। बड़कागांव



**धरना जारी**

- परियोजना के खिलाफ 189 दिनों से धरने पर किसान
- सरकार से कोल कंपनी का आवंटन रद्द करने की मांग

गोंदलपुरा कोयला खनन परियोजना रद्द करने के लिए स्थानीय कई किसान 12 अप्रैल 189 दिनों से धरने पर बैठे हैं. इस धरने को समर्थन देने के लिए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय सदस्य राकेश मेहता पहुंचे. उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद-विधायक के साथ-साथ राज्य सरकार निकम्मी है. आज केंद्र सरकार मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम चला रही है.

दूसरी ओर बड़कागांव-केरेडारी के तमाम गांवों को उजाड़ने के लिए विभिन्न निजी कंपनियों को कोल ब्लॉक आवंटित कर दिया गया है. बड़कागांव प्रखंड में बहुफसलीय जमीन होने के बावजूद सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. धरना स्थल पर गोंदलपुरा, गाली, बलोदार, हाहे और फूलांग पांचों मौजा के लोग बैठे थे. केंद्रीय सदस्य ने कहा कि कंपनी के आने से दर्जन गांवों के लोग बेघर हो जाएंगे. उन्होंने कोल कंपनी का आवंटन रद्द करने का सरकार से आग्रह किया.